मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 64

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स




देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

### बिना फास्टैग की गाड़ियां फ्री कैटेगरी में दिखाईं

# राजस्थान-उप्र समेत 12 राज्यों के 200 टोल पर करोड़ों का घोटाला

## सॉफ्टवेयर बदल पैसा पर्सनल अकाउंट में लिया

महानगर संवाददाता

**आजमगढ़।** उप्र एसटीएफ ने एनएचएआई के टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली में बड़ा घोटाला उजागर किया है। एसटीएफ की टीम ने बुधवार सुबह 3:50 बजे मिर्जापुर के अतरैला टोल प्लाजा पर छापेमारी कर 3 लोगों को पकड़ा है। आरोपियों ने टोल प्लाजा पर लगे एनएचएआई के कंप्यूटर में अपना सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर रखा था। इसके जरिए प्लाजा से बिना फास्टैग के गुजरने वाले वाहनों को फ्री दिखाकर उनसे वसूला गया पैसा पर्सनल अकाउंट में ले रहे थे। यह घोटाला राजस्थान-उप्र समेत 12 राज्यों के 200 टोल पर चल रहा था। जानकारी के अनुसार अकेले अतरैला टोल प्लाजा पर 2 साल से हर दिन करीब 45 हजार रुपए की धांधली की जा रही थी। दो साल में 3 करोड़ 28 लाख रुपए की धांधली हो चुकी है। एसटीएफ ने आरोपियों से ने 2 लैपटॉप, 1 प्रिंटर, 5 मोबाइल, 1 कार और 19000 रुपए बरामद किए हैं।



**राजस्थान में हुई कार्रवाई**

राजस्थान में फुलेरा टोल प्लाजा, शाहपुरा टोल, कादिसहना टोल प्लाजा (एकेसीसी कंपनी) और शाउली टोल प्लाजा एनुवेजन कंपनी शामिल हैं। एसटीएफ से मिले इनपुट के बाद एनएचएआई ने इन चारों टोल पर लगे सिस्टम को रिप्लेस कर दिया।


आलोक सिंह


राजीव मिश्रा


मनीष मिश्रा

### कंप्यूटरों में किया अपना सॉफ्टवेयर इंस्टॉल

**एसटीएफ** ने जौनपुर के आलोक कुमार सिंह, प्रयागराज के राजीव कुमार मिश्र और मध्यप्रदेश के मझौली निवासी मनीष मिश्रा को गिरफ्तार किया है। आलोक अभी वाराणसी में रह रहा था। आरोपियों ने बताया कि ये अब तक देश के 12 राज्यों के 42 टोल प्लाजा में एनएचएआई के कंप्यूटरों में अपना बनाया सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर चुके हैं। ये राज्य राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, असम, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल हैं।

### इस तरह करते थे धांधली

**आरोपी** कैश काउंटर से वसूली में ही धांधली करते थे। टोल प्लाजा से बिना फास्टैग वाले वाहनों से टैक्स आरोपियों के बनाए सॉफ्टवेयर से वसूला जाता था। उसकी प्रिंट पर्ची एनएचएआई वाली पर्ची के समान ही होती थी। ऐसे अवैध वसूली के वाहन को टैक्स छूट वाली कैटेगरी में दिखाकर जाने दिया जाता था। किसी को शक ना हो इसलिए बिना फास्टैग वाले वाहनों से लिए गए टोल टैक्स की औसतन 5 फीसदी धनराशि एनएचएआई के असली सॉफ्टवेयर से वसूली जाती थी। यानी बिना फास्टैग वाले वाहनों से लिया गया टैक्स सरकारी खाते में नहीं जा रहा था, जबकि नियमानुसार बिना फास्टैग वाले वाहनों से वसूले जाने वाले टोल टैक्स का 50 फीसदी एनएचएआई के खाते में जमा करना होता है। घोटाले के रुपए टोल प्लाजा मालिकों, आईटी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के बीच बांट लिए जाते थे।

### लगातार मिल रही थी धोखाधड़ी की शिकायतें

**एसटीएफ** इंस्पेक्टर दीपक सिंह के अनुसार एनएचएआई के विभिन्न टोल प्लाजा पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। वाराणसी एसटीएफ के एएसपी विनोद सिंह और लखनऊ के एएसपी विमल सिंह की टीम लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रही थी। इसी बीच एसटीएफ को सूचना मिली कि एनएचएआई के सॉफ्टवेयर में अलग से सॉफ्टवेयर बनाने और इंस्टॉल करने वाला व्यक्ति आलोक सिंह वाराणसी में है। एसटीएफ टीम ने बाबतपुर एयरपोर्ट के पास से आलोक सिंह को पकड़ लिया। पूछताछ में आलोक ने बताया वह एमसीए पास है और पहले टोल प्लाजा पर काम करता था। वहीं से प्लाजा का ठेका लेने वाली कंपनियों के संपर्क में आया। इसके बाद टोल प्लाजा मालिकों की मिलीभगत से सॉफ्टवेयर बनाया और इंस्टॉल किया, जिसका एक्सेस अपने लैपटॉप से किया। इसमें टोल प्लाजा के आईटी कर्मियों ने भी साथ दिया। उप्र के आजमगढ़, प्रयागराज, बागपत, बरेली, शामली, मिर्जापुर और गोरखपुर में वह खुद पिछले दो साल से इस धांधली से जुड़ा है।

# जयपुर समेत 62 नगर निकायों में प्रशासक लगाए

सरकार ने वित्तीय समेत अन्य अधिकार दिए, उपखंड अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** राज्य सरकार ने गुरुवार को आदेश जारी कर जयपुर, जालोर समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 62 नगर निकायों (नगर पालिका) में प्रशासक नियुक्त कर दिए हैं। इन निकायों का कार्यकाल गुरुवार को पूरा हो गया था। यह जिम्मा सरकार ने यहां के उपखंड अधिकारियों को सौंपा है। इन प्रशासक को सरकार ने वित्तीय समेत अन्य अधिकार दिए हैं, जो यहां नए बोर्ड के गठन तक का उपयोग करते हुए निकायों के कार्यों का संचालन करेंगे। राजस्थान की 6759 ग्राम पंचायतों में जनवरी में चुनाव कराने की जगह सरकार ने हाल ही मौजूदा सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त करने का फैसला किया है। सरपंचों की सहायता के लिए हर ग्राम पंचायत लेवल पर एक प्रशासकीय कमेटी भी बनाई गई है। इसमें उपसरपंच और वार्ड पंच मेंबर होंगे। पिछले दिनों ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग ने सरपंचों को प्रशासक नियुक्त करने और प्रशासनिक समिति बनाने के नोटिफिकेशन जारी कर दिए हैं। बता दें कि राजस्थान सरकार ने मध्य प्रदेश मॉडल पर यह फैसला किया है। इससे पहले मध्य प्रदेश सहित कई भाजपा शासित राज्य भी इसी तरह सरपंचों को प्रशासक बना चुके हैं।

### इन निकायों में सौंपा जिम्मा

**जयपुर** जिले के बस्सी व वाटिका, सीकर के अजीतगढ़, झुंझुनूं के डूंडलोद व जाखल, दौसा के मंडावरी व बसवा, कोटपूतली-बहरोड़ के पावटा-प्रागपुरा व बर्डोद, खैरथल-तिजारा के टपूकड़ा, अलवर के बड़ौदमेव, गोविंदगढ़, बहादुरपुर, कठूमर, मालाखेड़ा, रैणी, नौगांव, लक्ष्मणगढ़ व रामगढ़, डीग के सीकरी व पहाड़ी, भरतपुर के उच्चैन, धौलपुर के सरमथुरा व बसेड़ी, करौली के सपोटरा व मंडरायल, सवाई माधोपुर के खिरनी, खंडार, बामनवास व वजीरपुर, कोटा के सुल्तानपुर व सुकेत, बारां के अटरू, बूंदी के दई व हिंडौली, टोंक के दूनी, लांबाहरिसिंह, डिग्गी व पीपलू, नागौर के बासनी व जायल, जालोर के रानीवाड़ा, आहोर व सायला, भीलवाड़ा के रायपुर व बिजोलिया, सिरोही के जावाल, पाली के मारवाड़-जंक्शन व सोजत रोड, जोधपुर के भोपालगढ़ व बालेसर-सत्ता, गंगानगर के लालगढ़-जाटान, हनुमानगढ़ के टिब्बी, बालोतरा के सिणधरी, उदयपुर के वल्लभनगर, मावली, खैरवाड़ा व ऋषभदेव, राजसमंद के भीम, चित्तौड़गढ़ के आकोला, ब्यावर के मसूदा, बाड़मेर के गुड़ामालानी में प्रशासक लगाए गए हैं।

## हाईकोर्ट को मिले तीन नए न्यायाधीश


प्रमिल कुमार माथुर


चंद्रप्रकाश श्रीमाली


चंद्रशेखर शर्मा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को तीन नए न्यायाधीश मिल गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से भेजी सिफारिश को मंजूर करते हुए राष्ट्रपति की ओर से न्यायिक अधिकारी कोटे के चंद्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चंद्रप्रकाश श्रीमाली के नियुक्ति वारंट जारी किए हैं। तीनों न्यायाधीशों को जल्दी ही हाईकोर्ट जज के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी।

प्रमिल कुमार माथुर वर्तमान में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल हैं। वहीं चंद्रप्रकाश श्रीमाली जयपुर महानगर द्वितीय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं, जबकि चंद्रशेखर शर्मा जोधपुर में डीजे पद पर कार्यरत हैं। इनके शपथ लेने के बाद हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो जाएगी। हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के कुल 50 पद स्वीकृत हैं। गौरतलब है कि हाईकोर्ट में आज तक कभी भी पूरे 50 पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। हाईकोर्ट की कॉलेजियम ने वकील कोटे से कई नाम हाईकोर्ट जज की नियुक्ति के लिए भेजे थे, जिन पर स्वीकृति बाकी है।

## एसीबी ने ट्रांसपोर्ट अधिकारी के यहां मारा छापा



**जयपुर (मसं)।** एसीबी ने जिला परिवहन अधिकारी विद्याधर नगर संजय शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह रेड प्रदेश के अलग-अलग शहरों के साथ उप्र के एक शहर में भी की गई है। गुरुवार सुबह 7 बजे से चल इस कार्रवाई में 5 से ज्यादा टीमें शामिल हैं। एसीबी के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि संजय शर्मा ने भ्रष्टाचार के साधनों से अपने एवं परिजनों के नाम से आय से अधिक चल-अचल संपत्तियां अर्जित की हैं। इनकी कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है। इसके बाद 10 जगह कार्रवाई की गई।

## चाय वाले ने फैलाई ट्रेन में आग की अफवाह



**मुंबई (मसं)।** जलगांव के पास रेल हादसे को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि एक चायवाले ने पेंट्री से चिल्लाकर कहा कि ट्रेन के कोच में आग लग गई है। उप्र के श्रावस्ती निवासी दो यात्री ने यह बात सुन अफवाह फैला दी। हादसे में मृतक 13 लोगों में से 10 की पहचान हो गई है।



**खास खबर :** प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में दिनों-दिन हो रही बढ़ोत्तरी, जयपुर से बस, रेल और हवाई जहाज तक चल रहे फुल

# ट्रेन... टैक्सी... ट्रैवल्स... सबकी मंजिल है महाकुंभ...!

महानगर स्पेशल स्टोरी

मनीष कुमार शर्मा



**जयपुर।** दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में महाकुंभ का विशेष स्थान है। तीन नदियों के संगम में हर कोई अमृत स्नान करना चाहता है। इसकी बानगी है कि अब तक करोड़ों लोग प्रयागराज पहुंच चुके हैं और करोड़ों ही जाने की चाहत लिए हुए हैं। यही कारण है कि जयपुर से जाने वाली ट्रेनों, टैक्सियों और बसों का रूट प्रयागराज की तरफ हो चुका है, जिसे देखकर यह कहा जा सकता है कि अभी तो मंजिल महाकुंभ है...!

दरअसल प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मकर संक्रांति को पहले अमृत स्नान के बाद से ही बढ़ती संख्या को देखकर आने वाले मुख्य स्नानों के लिए आवागमन के साधनों की व्यवस्थाएं शुरू कर दी गई हैं। अब तो स्थिति यह है कि हर कोई प्रयागराज जाने वाली बस और ट्रेन में टिकट करवाने की मशक्कत में जुटा हुआ है। लक्ष्य केवल इतना है कि कैसे भी करके टिकट मिल जाए और महाकुंभ में स्नान कर सकें। इसके लिए लोग निजी ट्रैवल्स एजेंसियों से भी संपर्क कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखकर ही प्रयागराज के रूट पर बसों और टैक्सियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी कर दी गई है। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि टैक्सी वाहनों का मनमाना शुल्क भी लिया जा रहा है। जो गाड़ी पहले 10 से 12 रुपए प्रतिकिमी किराये के हिसाब से चलती थीं, उनका अब 15 से 20 रुपए प्रतिकिमी तक लिए जा रहे हैं।

सरकार के स्तर की बात करें तो राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम और भारतीय रेलवे की ओर से स्पेशल बसें और ट्रेनें चलाई जा रही हैं, लेकिन वे भी लोगों की संख्या के अनुपात में नाकाफी साबित हो रही हैं। रोडवेज की बसों में सीट रिजर्वेशन के हालात ये हैं कि 17 फरवरी तक की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। वहीं रेलवे की मेला स्पेशल ट्रेनों में स्लीपर, सैकंड एसी और थर्ड एसी कोच तक में वेटिंग चल रही है। इसे देखते हुए अतिरिक्त मेला स्पेशल ट्रेनों और बसों को प्रयागराज के लिए चलाने पर की तैयारियां की जा रही हैं, ताकि लोगों को राहत दी जा सके।

## श्रद्धालुओं की संख्या साढ़े 9 करोड़ पार


उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ 26 फरवरी तक हिंदू आस्था का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र बना रहेगा। जानकारी के अनुसार गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के पवित्र संगम पर डुबकी लगाने वालों की संख्या साढ़े 9 करोड़ को पार कर चुकी है। आने वाले दिनों में होने वाले महास्नान पर ये संख्या और भी बढ़ेगी। जानकारों का कहना है कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का मुख्य स्नान रहेगा। ऐसे में इन स्नानों में शामिल होने के लिए लोग प्रयागराज पहुंचने की योजना बना रहे हैं।

## रोडवेज आज से और शुरू करेगा नई बसें

महाकुंभ के लिए राजस्थान रोडवेज की ओर से जयपुर से प्रयागराज के लिए बसें चलाई जा रही हैं। नॉन एसी स्लीपर ये बसें जयपुर से अपराह्न 3:30 बजे, शाम 4:30 बजे एवं 5:30 बजे रवाना हो रही हैं। ये सभी बसें वर्तमान में फुल चल रही हैं। सिंधी कैंप बस स्टैंड के मुख्य प्रबंधक राकेश राय ने बताया कि रोडवेज एमडी पुरुषोत्तम शर्मा के निर्देशानुसार नॉन एसी स्लीपर बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। शुक्रवार से शाम 4 बजे, 6 बजे और 5:30 बजे भी बसें प्रयागराज के लिए रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि एक वोल्वो बस भी शुरू कर दी गई है।



## रेलवे चला रहा मेला स्पेशल और ट्रेनें चलाने की तैयारी



रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए महाकुंभ के लिए मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रयागराज जाने वाली कई ट्रेनों में डिब्बे भी बढ़ाए हैं, ताकि अधिक से अधिक यात्री महाकुंभ पहुंच सकें। उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 09413 साबरमती-बनारस मेला स्पेशल 5, 9, 14 व 18 फरवरी को, गाड़ी संख्या 09555 भावनगर टर्मिनस-बनारस मेला स्पेशल ट्रेन 16 व 20 फरवरी को, गाड़ी संख्या 09421 साबरमती-बनारस मेला स्पेशल 23 व 26 जनवरी को, गाड़ी संख्या 09537 राजकोट-बनारस मेला स्पेशल ट्रेन 6, 15 व 19 फरवरी को और गाड़ी संख्या 09591 बेरावल-बनारस मेला स्पेशल 22 फरवरी को चलाई जा रही हैं। इनमें सीट बुकिंग की स्थिति यह है कि स्लीपर कोच में वेटिंग 100 से लेकर 200 तक पहुंच चुकी है।

### मेला स्पेशल ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट की स्थिति

| दिनांक | गाड़ी नं. | ट्रेन | 2एसी | 3एसी | स्लीपर |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 जनवरी | 04811 | बाड़मेर बरौनी | - | 73 | 156 |
| 7 फरवरी | 04811 | बाड़मेर बरौनी | - | 93 | 191 |
| 14 फरवरी | 04811 | बाड़मेर बरौनी | - | 81 | 146 |
| 5 फरवरी | 09413 | साबरमती बनारस | 48 | 78 | 171 |
| 9 फरवरी | 09413 | साबरमती बनारस | 55 | 83 | 199 |
| 14 फरवरी | 09413 | साबरमती बनारस | 52 | 76 | 164 |
| 18 फरवरी | 09413 | साबरमती बनारस | 29 | 74 | 148 |
| 16 फरवरी | 09555 | भावनगर टर्मिनस बनारस | 27 | 66 | 66 |
| 20 फरवरी | 09555 | भावनगर टर्मिनस बनारस | 34 | 44 | 69 |
| 23 जनवरी | 09421 | साबरमती बनारस | 42 | 67 | 133 |
| 26 जनवरी | 09421 | साबरमती बनारस | 52 | 99 | 165 |
| 6 फरवरी | 09537 | राजकोट बनारस | 32 | 100 | 148 |
| 15 फरवरी | 09537 | राजकोट बनारस | 29 | 94 | 149 |
| 19 फरवरी | 09537 | राजकोट बनारस | 33 | 77 | 133 |
| 22 फरवरी | 09591 | बेरावल बनारस | 54 | 113 | 101 |

### इनका कहना है...

"महाकुंभ में जाने के लिए यात्री सुविधा को देखते हुए मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। वर्तमान में कई ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। इसे ध्यान में रखते हुए महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए और अधिक ट्रेनें चलाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि यात्रियों को राहत प्रदान की जा सके।

*-कैप्टन शशि किरण, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे*



### जयपुर एयरपोर्ट से फ्लाइटें भी फुल

प्रयागराज के लिए जयपुर से फ्लाइट संख्या 9आई-322 हर शुक्रवार शाम 6 बजकर 5 मिनट पर उड़ान भर रही है। यह 10 जनवरी से संचालित हो रही है और 21 फरवरी तक उड़ान भरेगी। इसके अलावा फ्लाइट संख्या एसजी-2963 प्रतिदिन सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर उड़ान भर रही है। यह फ्लाइट 11 जनवरी से संचालित हो है और 27 फरवरी तक उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार ये दोनों फ्लाइट फुल चल रही हैं।

"जयपुर में करीब 500 बसें स्लीपर श्रेणी की चल रही हैं। दिसंबर महीने तक अयोध्या और वाराणसी जाने वाली बसों की संख्या करीब 30-35 थी, लेकिन महाकुंभ शुरू होने के साथ ही ये संख्या रोजाना बढ़कर 55 तक पहुंच चुकी है। कई पुराने रूट बदलकर अब प्रयागराज रूट पर ज्यादा बसें चलाई जा रही हैं, क्योंकि यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। आने वाले महापर्व स्नान को देखते हुए और बसें चलाई जाएंगी।



*राजेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष, ऑल राजस्थान कांट्रेक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन*

"जयपुर में स्टेज कैरिज की करीब 1000 बसें चल रही हैं, जिसमें मिनी बसें भी शामिल है। दिसंबर में प्रयागराज जाने वाली बसों की संख्या करीब 500 थी, जो जनवरी में लगातार बढ़ रही है। अब यहां से रोजाना 50 गाड़ियां प्रयागराज की तरफ जा रही हैं। विशेष स्नानों पर तो बसों की बुकिंग प्रतिदिन ढाई सौ तक हो जाती है। महाकुंभ मेले के लिए चलने वाली यात्री बसों को स्पेशल परमिट (टीपी) निर्बाध जारी हो सकें, इसकी जनहित में आवश्यकता है।



*कैलाश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष, प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसिएशन स्टेज कैरिज, जयपुर*

"जयपुर में कुल 53 से 55 हजार तक टैक्सी चल रही हैं। इनमें दिसंबर के बाद से ही महाकुंभ जाने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। आगामी मौनी अमावस्या के महास्नान को लेकर 15 हजार गाड़ियों की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। इनमें टैंपो ट्रैवलर जिनकी संख्या अनुमानित 2500 है, वे करीब-करीब सभी बुक हैं। इसे देखकर प्रयागराज रूट की बुकिंग को प्राथमिकता देने का प्लान कर रहे हैं। आने वाले फरवरी महीने में कुंभ मेले में जाने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी।



*दिलीप सिंह महरौली, प्रदेशाध्यक्ष, ऑल राजस्थान टूरिस्ट कार एसोसिएशन*

# कचरा निस्तारण को लेकर हेरिटेज निगम के प्रयासों को मिली सराहना

**जयपुर में पहली बार होगी 12वीं क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर अर्थव्यवस्था फोरम वर्कशॉप**



- देश-विदेश के 450 एक्सपर्ट करेंगे प्रोजेक्ट का अवलोकन
- वर्कशॉप की तैयारियों को लेकर डीएलबी प्रमुख शासन सचिव एवं हेरिटेज निगम आयुक्त ने प्लांट का किया निरीक्षण
- तीन मार्च से पांच मार्च तक होगी वर्कशॉप

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की ओर से कचरे के निस्तारण और पुनर्चक्रीकरण को लेकर किए जा रहे नवाचार अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी छाप छोड़ते जा रहे हैं। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से जयपुर में पहली बार 3 से 5 मार्च तक आरआईसी सेंटर में एशिया पेसिफिक उच्चस्तरीय 12वीं क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर अर्थव्यवस्था फोरम वर्कशॉप का आयोजन होगा। इसमें विश्वभर में कचरे के निस्तारण और उसके पुनर्चक्रीकरण को लेकर 450 से ज्यादा एक्सपर्ट चर्चा करेंगे।

प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव और डीएलबी के मुख्य अभियंता प्रदीप गर्ग ने गुरुवार को नगर निगम हेरिटेज द्वारा किए जा रहे कचरे के निस्तारण और पुनर्चक्रीकरण को लेकर किए जा रहे प्रयासों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने लांगड़ियावास स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, आरडीएफ प्लांट, सीएनडी प्लांट का निरीक्षण कर अवलोकन किया। साथ ही मथुरादासपुरा स्थित डंपिंग यार्ड में लीगेसी वेस्ट की बायो रिमेडिएशन प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। इस दौरान हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने प्रमुख शासन सचिव यादव को प्लांट की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। प्रमुख शासन सचिव ने प्रोजेक्ट से संबंधी जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

### शहर के मुख्य प्लांटों पर एक नजर

**सीएनडी प्लांट :** कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन प्लांट का निर्माण लांगड़ियावास में हो चुका है। इस प्लांट पर प्रतिदिन 300 टन कचरे का पुनर्चक्रीकरण किया जाएगा। इसमें मकानों और अन्य भवन निर्माण से उत्पन्न होने वाले सीएनडी वेस्ट का पुनर्चक्रीकरण कर टाइल्स और ईंटें बनाई जा रही हैं।

**एमआरएफ प्लांट :** इस प्लांट में सूखे कचरे का संग्रहण कर 300 टन कचरे से एमआरएफ फेसिलिटी का निर्माण प्रगति पर है। इसका निर्माण फरवरी में पूरा कर लिया जाएगा। इस प्लांट में होटल और रेस्टोरेंट से सूखा कचरा लिया जाएगा। यूजर चार्ज का 50 प्रतिशत हिस्सा नगर निगम हेरिटेज को दिया जाएगा।

**मथुरादासपुरा डम्पसाइट :** यहां लिगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए बायोरेमेडेसन या बायोमाइनिंग कार्य किया जा रहा है। प्रथम फेज में लगभग 90 प्रतिशत लिगेसी वेस्ट का निस्तारण किया जा चुका है।

### वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में प्रतिदिन बनेगी 12 मेगावाट बिजली

लांगडियावास वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में प्रतिदिन 700 टन कचरे का पुनर्चक्रीकरण कर 12 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्लांट में ट्रायल फेस पर नगर निगम से प्रतिदिन कचरा लेना शुरू हो गया है।

## जेडीए ने जोन 9 में आम रास्तों से हटाए अतिक्रमण



**जयपुर (मसं)।** जेडीए दस्ते ने गुरुवार को जोन 9 के विभिन्न इलाकों में आम रास्ते पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया। जेडीए पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन के टीलावाला, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 180 में सरकारी आम रास्ते पर अतिक्रमण कर दीवार बनाकर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था, जिससे स्थानीय लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत पर जेडीए दस्ते ने अतिक्रमणों को जेसीबी के जरिए हटाया।

## डीएलबी ने जारी किए भूखंडों के निर्माण अवधि छूट के आदेश

### अब 31 दिसंबर तक बढ़ाई तारीख

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगरीय विकास विभाग ने गुरुवार को जेडीए योजनाओं के भूखंडों की निर्माण अवधि के संबंध में पुर्नग्रहण शुल्क लेकर निर्माण अवधि बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं। इस छूट से अब काफी संख्या में आमजन लाभान्वित होंगे।

जेडीए आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए की आवासीय योजनाओं में राजस्थान नगर सुधार न्यास (नगरीय भूमि निष्पादन) नियम 1974 के नियमों के तहत भवन निर्माण के लिए समयावधि का निर्धारण किया गया है, इस अवधि में निर्माण नहीं करवाने पर भूखंडों का आवंटन स्वतः निरस्त हो जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत पुर्नग्रहण शुल्क के संबंध में जारी आदेश, शिथिलता विगत 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो चुकी है। अब ये छूट 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ाई गई है। छूट का दायरा बढ़ाए जाने से प्रदेश के समस्त प्राधिकरण, न्यासों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सकेगा एवं आमजन लाभान्वित होंगे।

# तथ्यात्मक खोजी पत्रकारिता में आगे बढ़ें युवा : गोपाल शर्मा





### शिक्षा के महाकुंभ जयपुर एजुकेशन समिट के तहत 'वर्तमान पत्रकारिता : दृष्टि और मूल्य' विषय पर व्याख्यान में बोले सिविल लाइंस विधायक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा के महाकुंभ जयपुर एजुकेशन समिट 2025 के तहत सुबोध पीजी कॉलेज में गुरुवार को 'वर्तमान पत्रकारिता : दृष्टि और मूल्य' विषय पर आयोजित वार्ता में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

वार्ता सत्र को संबोधित करते हुए विधायक एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल शर्मा ने युवाओं को तथ्यात्मक खोजपूर्ण पत्रकारिता में आगे बढ़ाने एवं कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शर्मा ने कहा कि जो युवा हैं और पत्रकारिता में प्रवेश कर चुके हैं या पत्रकारिता कर रहे हैं, उन्हें तो विशेष रूप से जमीनी स्तर पर हकीकत उजागर करने वाली पत्रकारिता करनी चाहिए, जो चुनौतीपूर्ण होती है। युवावस्था में चुनौतियों का सामना करने के लिए सबसे उपयुक्त अवस्था होती है। शर्मा ने भारतीय पत्रकारिता और अपने पत्रकारीय जीवन के संस्मरणों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को दृष्टांत भी प्रस्तुत किए।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में राष्ट्रीयता का भाव होना चाहिए। पत्रकारिता जनमत का निर्माण करती है। बड़े-बड़े आंदोलनों के संदर्भ में पत्रकार जनमानस का निर्माण करने में प्रभावी कारक हैं। देश में आजादी के आंदोलन की सफलता का एक सशक्त माध्यम पत्रकारिता रही थी। वार्ता सत्र में संचालक की भूमिका गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने निभाई। साथ में मंच पर एजुकेशन सबमिट के आयोजन सुनील नारनोलिया एवं सुबोध महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेणु जोशी उपस्थित रही।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
Facebook YouTube X/Twitter



### महिला एवं बाल विकास विभाग की आमुखीकरण कार्यशाला

# महिलाओं-बच्चों के सशक्तीकरण से ही देश-प्रदेश होगा मजबूत : भजनलाल

## धौलपुर में स्किल लैब का किया वर्चुअल उद्घाटन

महानगर संवाददाता

जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर गुरुवार को बिड़ला सभागार में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं हमारी आधी आबादी हैं और बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। उनके विकास और सशक्तीकरण से ही हमारा देश-प्रदेश मजबूत होगा।

सीएम भजनलाल ने विभाग के कर्मचारियों से भी संवाद किया और योजनाओं के क्रियान्वयन पर बात की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार के लिए भामाशाहों, एनजीओ और सीएसआर भागीदारों का सहयोग लें। साथ ही, भामाशाहों की सूची आंगनबाड़ी केंद्रों एवं कार्यालयों के बाहर लगाएं जिससे बाकी लोग भी प्रेरित हों।

### आंगनबाड़ी केंद्रों से 43 लाख बच्चे-महिलाएं लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के करीब 43 लाख बच्चों और महिलाओं को



आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। पोषाहार की गुणवत्ता के लिए ओटीपी आधारित प्राप्ति तथा चेहरे से पहचान जैसे नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में गर्म दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से खोलने एवं बच्चों को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार गतिविधियां कराए जाने के निर्देश दिए।

### भामाशाहों को प्रेरित करें

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की ढांचागत सुविधाओं में सुधार के लिए जन सहयोग जरूरी है। इसके लिए अपने क्षेत्र के भामाशाहों, एनजीओ और सीएसआर भागीदारों का सहयोग लिया जाना चाहिए। दूसरों को प्रेरित करने के लिए भामाशाहों की सूची आंगनबाड़ी केंद्रों एवं कार्यालयों के बाहर लगाएं।

### योजनाओं को पारदर्शिता से करें लागू

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि सभी कार्मिक नवीनतम तकनीक एवं नवाचारों से खुद को अपडेट रखें। योजनाओं को पारदर्शिता से लागू करें। सीएम ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, वन स्टॉप सेंटर, सखी केंद्र, उद्यम प्रोत्साहन योजना, वर्क फ्रॉम होम योजना, शिक्षा सेतु योजना, अमृता हाट योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना शामिल हैं। महिला हेल्प लाइन नंबर 181 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि काली बाई भील उड़ान योजना को पूर्ण पारदर्शिता से लागू कर पात्र लाभार्थी किशोरियों को समय पर सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं।

## जयपुर में एचएमपी वायरस के दो पॉजिटिव मिले

### एसएमएस में भर्ती मरीजों में हुई वायरस की पुष्टि

महानगर संवाददाता

जयपुर। शहर में एचएमपी वायरस के दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती एक महिला और एक पुरुष की जांच में यह वायरस मिलने की पुष्टि हुई है। जानकारी के अनुसार ये मरीज विगत मंगलवार को सैंपल जांच के लिए आए थे। एसएमएस में इस साल के पहले माह में दो केस मिले हैं। एसएमएस मेडिकल कॉलेज की सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर भारती मल्होत्रा के अनुसार दोनों मरीज सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। इसके अलावा अन्य दूसरी बीमारियों से भी ग्रसित होने के कारण पिछले दिनों हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। डॉक्टर्स के अनुसार इस वायरस का अक्टूबर से लेकर मार्च तक प्रभाव ज्यादा रहता है। गौरतलब है कि पिछले साल में अक्टूबर-नवंबर में इस वायरस के 2-2 केस आए थे। इसी तरह शुरुआती सीजन यानी जनवरी, फरवरी और मार्च में 13, 34 और 20 केस डिटेक्ट हुए थे। कुल 71 केस डिटेक्ट हुए थे। इसी तरह साल 2023 में भी इसके 23 से ज्यादा केस जयपुर में डिटेक्ट हुए थे।

## जयपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नवनिर्मित अवकाश गृह का लोकार्पण



महानगर संवाददाता

जयपुर। उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के जयपुर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित नवनिर्मित अवकाश गृह भवन का लोकार्पण किया गया। महाप्रबंधक अमिताभ ने इसका लोकार्पण किया। इस दौरान अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी और मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार भी मौजूद रहे।

जयपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीणा ने बताया कि जयपुर रेलवे स्टेशन के रेल दावा अधिकरण जयपुर पीठ के पास नवनिर्मित अवकाश गृह भवन में कर्मचारियों के ठहरने के लिए 10 कक्ष बनवाए गए हैं। अवकाश गृह में आधुनिक सुविधाओं से लैस किचन, डाइनिंग हॉल, पुस्तकालय, योग कक्ष, पानी के संग्रह का हौद, सर्दियों में गर्म पानी व ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

लोकार्पण के अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर जी. एल. गोयल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण वेद प्रकाश, अपर मंडल रेल प्रबंधक गौरव गौड़, मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. सुनीता चौधरी सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 25 से 28 जनवरी तक बंद रहेगा इमली फाटक

महानगर संवाददाता

जयपुर। गांधीनगर और जयपुर स्टेशन के बीच स्थित इमली फाटक आगामी 25 जनवरी को सुबह 8 बजे से 28 जनवरी शाम 6 बजे तक ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते पूर्णरूप से बंद रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि रेल समपार फाटक संख्या-219 (इमली फाटक) को ट्रैक मरम्मत कार्यों के कारण 25 से 28 जनवरी तक के लिए बंद किया गया है। इसके लिए यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया गया है।

### नगर निगम के लोकल सर्वर में तकनीकी समस्या बनी दुविधा

# जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रहे लोग

### ग्रेटर निगम में ऑनलाइन जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी अटके




महानगर संवाददाता

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर में इन दिनों जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय सहित निगम के जोन कार्यालयों में प्रमाण पत्र बनवाने आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है, क्योंकि निगम के लोकल सर्वर में पिछले 5-7 दिन से तकनीकी समस्या आ रही है। इस कारण निगम से प्रमाण पत्र जारी होने में काफी वक्त लग रहा है और आवेदकों को एक सप्ताह तक का समय दिया जा रहा है, जबकि इससे पहले व्यवस्था ये थी कि नगर निगम में आवेदन करने के बाद उसी दिन या आवेदन के अगले दिन तक प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता था।

### केस नं. 1

नगर निगम में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए आए खातीपुरा निवासी दिलीप शर्मा ने बताया कि उनकी माताजी की मृत्यु पिछले दिनों हुई थी। हिंदी व अंग्रेजी, संयुक्त भाषा में प्रमाण पत्र लेने के लिए चार दिन पहले आवेदन किया था, लेकिन उस समय सर्वर बंद होने का हवाला देते हुए गुरुवार को बुलाया था, परंतु प्रमाण पत्र यह कहते हुए नहीं दिया कि सर्वर खराब है और कुछ दिन बाद आना।

### केस नं. 2

विद्याधर नगर जोन के मुरलीपुरा निवासी ग्यारसी लाल की माताजी के निधन के बाद इनके परिजनों ने मृत्यु प्रमाण पत्र चाहने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। तकनीकी समस्या के चलते फार्म सबमिट नहीं हुआ। कई बार ट्राई करने पर भी सफल नहीं हुए। अब जोन कार्यालय में प्रमाण पत्र के लिए दस्तावेज जमा कराए हैं, एक सप्ताह बाद लेने को कहा है।

### केस नं. 3

सिरसी रोड निवासी नरेंद्र वर्मा ने अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए एप्लाई किया है। बच्चे के नाम परिवर्तन के ऑनलाइन एप्लाई किए गए प्रमाण पत्र का लिंक नहीं खुल रहा। इसके बाद जोन कार्यालय में फॉर्म जमा कराया, लेकिन मोबाइल पर मैसेज नहीं आया। संबंधित कर्मियों से बात की तो बताया कि तकनीकी समस्या के चलते परेशानी आ रही है।

### ये आ रही है समस्या

पूरे राजस्थान में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अलग से पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर व्यक्ति के जन्म और मृत्यु का पंजीयन कर प्रमाण पत्र जनरेट होता है। पंजीयन के बाद संबंधित शहर के नगरीय निकाय से इस पंजीयन प्रमाण पत्र को जारी किया जाता है, लेकिन जयपुर नगर निगम के लोकल सर्वर में लगातार आ रही समस्या के कारण आवेदकों को प्रमाण पत्र लेने में समस्या हो रही है।

### प्रतिदिन बनते हैं 500 से ज्यादा प्रमाण पत्र

नगर निगम जयपुर मुख्यालय व संबंधित जोन कार्यालयों में सामान्य दिनों में प्रतिदिन 500 से ज्यादा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनते हैं, लेकिन पिछले दो-तीन दिन से सर्वर की समस्या के कारण 100 से भी कम प्रमाण पत्र जारी हो पा रहे हैं। इस कारण सबसे ज्यादा समस्या उन लोगों को आ रही है, जो दूसरे शहरों से प्रमाण पत्र बनवाने जयपुर आते हैं।

### रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी प्रभावित

नगर निगम ग्रेटर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर लोगों को परेशानी है। निगम बेपरवाह है। पिछले एक सप्ताह से पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस कारण जयपुर नगर निगम ग्रेटर में ही 2000 से ज्यादा मामले जन्म प्रमाण पत्र के पेंडिंग हो गए हैं।

### इनका कहना है

"पेंडेंसी को लेकर ग्रेटर एरिया की स्थिति देखें तो मुख्यालय के अलावा मालवीय नगर, मानसरोवर, झोटवाड़ा, मुरलीपुरा, जगतपुरा और सांगानेर जोन में भी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। इन आवेदनों की संख्या करीब 2 हजार के आसपास रही है। इतनी अधिक संख्या में आवेदनों के लंबित होने के कारण जन्म-मृत्यु शाखा के कर्मचारियों को इन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

*पुनीत कर्णावट, उप-महापौर, ग्रेटर नगर निगम*

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 33 अधिकारी होंगे सम्मानित

महानगर संवाददाता

जयपुर। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह 25 जनवरी को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण सहित में निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें करौली, बाड़मेर, बारां, बूंदी एवं दौसा के जिला निर्वाचन अधिकारी क्रमशः नीलाभ सक्सेना, टीना डाबी, रोहिताश्व सिंह तोमर, अक्षय गोदारा एवं देवेंद्र कुमार तथा गंगानगर की उपजिला निर्वाचन अधिकारी रीना सहित 10 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 2 सुपरवाइजर, 10 बूथ लेवल अधिकारी, एक पुलिस उप निरीक्षक और निर्वाचन विभाग के 2 कार्मिक शामिल हैं।

इस बीच नवीन महाजन ने गुरुवार को जवाहर कला केंद्र में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) से पूर्व आयोजित चित्रकला कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी की और कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं का सजग रहना जरूरी है। कार्यशाला का आयोजन निर्वाचन विभाग राजस्थान, जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर तथा राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के तत्वावधान में किया गया था। इस कार्यशाला में 35 विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित चित्र बनाए, जिनको राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में शनिवार को आयोजित मुख्य समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चित्रकला कार्यशाला के दौरान चित्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की जनसंख्या अधिक होने के चलते भारत एक युवा देश है, इसलिए नई पीढ़ी की यह जिम्मेदारी है कि वह सरकार के गठन की प्रक्रिया में मतदान के जरिए प्रतिनिधि चुनने के अपने अधिकार का उपयोग करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक निर्णायक मंडल द्वारा कार्यशाला में बनाए गए चित्रों के लिए चयनित 3 चित्रकारों को सम्मानित किया। गुरुवार सुबह जवाहर कला केंद्र में चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन जयपुर कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ आर्ट के प्राचार्य अनिल खंडेलवाल, निर्वाचन विभाग तथा जिला प्रशासन के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## स्कूल बसों पर आरटीओ की कार्रवाई, कई वाहन सीज

### बच्चों की सुरक्षा है सबकी जिम्मेदारी : नियम विरुद्ध चलने वाली बाल वाहिनियों पर हुआ सख्त एक्शन

महानगर संवाददाता

जयपुर। सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत अब नियमों का उल्लंघन करने वाली बाल वाहिनियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरटीओ प्रथम की ओर से यह विशेष अभियान तीन दिन चलाया जाएगा।

दरअसल सड़क सुरक्षा माह को लेकर प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके साथ यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में अब स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम की ओर से गुरुवार को बाल वाहिनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि बाल वाहिनी में निर्धारित गाइडलाइन का पालन नहीं होना पाया जाने पर सख्त कार्रवाई शुरू की गई है। इसमें विभाग की टीमों द्वारा परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीन दिन के लिए विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है।




### बकाया चालान वाली बसों पर कार्रवाई

आरटीओ की टीमों ने बकाया चालान वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की है। ऐसी ही एक बस एआर01पी-7530 पर बीस से अधिक चालान बकाया होने पर भी सड़क पर चलना पाया गया। इस पर एमवीआई विनीता चतुर्वेदी ने गाड़ी को सीज कर दिया।

### आरटीओ प्रथम के अभियान पर एक नजर

| | |
|---|---|
| कुल गाड़ियां चैक की गईं | 240 |
| कुल चालान | 60 |
| बाल वाहिनियों के चालान | 12 |
| सीज बाल वाहिनी | 04 |
| ओवरलोड | 06 |
| ओवरप्रोजेक्शन | 13 |
| बिना परमिट/फिटनेस/पॉल्यूशन के चालान | 14 |
| बाल वाहिनी के अलावा सीज वाहन | 02 |
| कंपाउंड राशि | 71200 रुपए |
| अनुमानित राजस्व | 418600 रुपए |

## जयपुर एयरपोर्ट पर समानांतर टैक्सी-वे शुरू, विमानों की आवाजाही हो सकेगी



महानगर संवाददाता

जयपुर। सुविधाओं का निरंतर विस्तार करते हुए जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने 3065 मीटर लंबे समानांतर टैक्सी-वे के परिचालन के लिए खोल दिया है। सभी स्वीकृतियों के बाद गुरुवार को 765 मीटर के अंतिम खंड का उद्घाटन किया गया। वर्तमान में ऑपरेशंस के लिए अभी तक 2300 मीटर टैक्सी-वे उपयोग में था, जो अब बढ़कर 3065 मीटर का हो गया। यह विकास हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। 765 मीटर के अंतिम खंड का उद्घाटन एयरपोर्ट अधिकारियों, डीजीसीए और एएआई अधिकारियों, एयरलाइंस कर्मचारियों और हितधारकों की उपस्थिति में किया गया। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार शुरुआती चरण में रनवे पर ऑक्यूपेंसी टाइम कम करने और विमानों की आवाजाही के लिए मुक्त प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए पिछले साल 2300 मीटर लंबे समानांतर टैक्सी-वे को चालू किया गया था।

### अत्याधुनिक लाइटिंग से है सुसज्जित

नया टैक्सी-वे अत्याधुनिक लाइटिंग सिस्टम से सुसज्जित है, जो सभी मौसम की स्थितियों के दौरान सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करता है। टैक्सी-वे डिजाइन में कई निकास और प्रवेश मार्ग भी शामिल हैं, जो विमान की सुचारु और अधिक निर्बाध आवाजाही को सुविधा प्रदान करते हैं।

# त्रिवेणी के आकाश में दिखेगा संस्कृति का संगम

### महाकुंभ 2025 : आज से 26 जनवरी तक ड्रोन शो का नजारा देख सकेंगे श्रद्धालु

महानगर संवाददाता

जयपुर। महाकुंभ में तकनीक और सांस्कृतिक संगम के अद्भुत प्रदर्शन की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर से महाकुंभनगर के सेक्टर-7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। यह शो आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। गणतंत्र दिवस पर इस आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने विशेष तैयारी की है।

### रोशनी और संगीत के समन्वय का नजारा

गुरुवार की शाम सेक्टर-7 में ड्रोन शो का रिहर्सल किया गया। शो में ड्रोन एक साथ आकाश में उड़कर विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाकुंभ के महत्व को दर्शाने वाले दृश्य ड्रोन के माध्यम से आकाश में उकेरे जाएंगे। रोशनी और संगीत के समन्वय का यह नजारा मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देगा।




### कुंभ में लगा है वॉटर एटीएम

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उप्र जल निगम नगरीय ने श्रद्धालुओं को पीने के लिए आरओ वाटर उपलब्ध करवाने को 200 वाटर एटीएम लगाए हैं। इन वाटर एटीएम से महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ये वाटर एटीएम पूरे मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टर और मंदिरों के पास लगाए गए हैं। वाटर एटीएम के बारे में बताते हुए जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि वाटर एटीएम को लेकर शुरुआत में आ रही सभी तकनीकी समस्याओं को दूर कर दिया गया है। अब श्रद्धालु केवल बटन दबाकर पूरी तरह मुफ्त आरओ वाटर अपनी बोतलों या बर्तनों में भर सकते हैं।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि पहले वाटर एटीएम के लिए मेला प्रशासन ने एक रुपए का शुल्क तय किया था, लेकिन अब यह मुफ्त है। प्रत्येक वाटर एटीएम पर ऑपरेटर बैठे हैं जो श्रद्धालुओं के कहने पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध करवा रहे हैं। वाटर एटीएम में आने वाली तकनीकी खराबी के सेंसर के माध्यम से निगरानी हो रही है। किसी भी तरह की समस्या आने पर जल निगम के टेक्निशियन तत्काल दूर करते हैं। उन्होंने बताया कि वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर पानी श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब तक लाखों लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

## ग्रेटर निगम आयुक्त ने जोन क्षेत्रों में लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



जयपुर (मसं)। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत ग्रेटर नगर निगम अलर्ट मोड पर है। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, जोन उपायुक्तों, जोन ओआईसी की टीमों ने गुरुवार को सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया तथा आमजन से सफाई के बारे में फीडबैक लिया।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने मानसरोवर, मालवीय नगर जोन की सफाई व्यवस्था का दौरा किया तथा अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार ने विद्याधर नगर जोन एवं झोटवाड़ा जोन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। आयुक्त ने मोती डूंगरी रोड से दौरा शुरू किया। इसके बाद रामबाग, नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड, बाइस गोदाम पुलिया, करतारपुरा नाला, बरकत नगर, शिप्रा पथ, विजय पथ, सावित्री पथ, मंगल मार्ग, मध्यम मार्ग, रजत पथ सहित विभिन्न स्थानों का दौरा किया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



महानगर संवाददाता

**सीकर।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के समापन समारोह में सीकर आए भारतीय जनता पार्टी के एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा, सरोज कड़वासरा, रमा शेखावत, शारदा काबरा, कंचन अग्रवाल, उमा सैनी, वीणा वर्मा, सीमा अग्रवाल, सुमन मीणा, मधुमती कुमावत, कविता चौधरी, मीना कंवर आदि मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## लालसोट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोनीत



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** लालसोट विधानसभा क्षेत्र में पांचों मंडलों के अध्यक्ष मनोनीत करते हुए भंवर सिंह झूपड़ियां को दूसरी बार राहुवास भाजपा मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा भाजपा ने चार नए चहरों को दायित्व दिया। लालसोट विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों की नियुक्ति राहुवास तहसील क्षेत्र के आरएस कॉलेज में संगठन के जिला पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। रामगढ़ पचवारा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीफूल मीणा, दौलतपुरा मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा, लालसोट शहर मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता, देहात क्षेत्र मंडल अध्यक्ष रामसिंह कांकरिया को मनोनीत किया गया, जिनका जिला पदाधिकारियों ने स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष टिकम सिंह गुर्जर, रतन तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यनारायण सहारा, राजेन्द्र पराणा, युवा स्वयं सेवक संघ शिवचरण डूंगरपुर, रामगढ़ पचवारा पूर्व मंडल अध्यक्ष लड्डू राम मीणा सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पराक्रम दिवस के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद

**बस्सी (मसं)।** कस्बे के तिलक पीजी कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक सचिव माधव मीणा ने नेताजी के अद्वितीय साहस, संघर्ष और भारत की स्वतंत्रता के प्रति उनकी निष्ठा को याद करते हुए कहा कि नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने विशेष योगदान से बिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष किया और भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी। इनके प्रमुख नारे 'तुम मुझे खून दो में तुम्हे आजादी दूंगा' ने स्वतंत्रता संग्राम में एक नई ऊर्जा भर दी थी। इस नारे का संदेश स्पष्ट था कि यदि देशवासी अपने बलिदान के लिए तैयार है तो आजादी दूर नहीं। इसी क्रम में कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मीना ने कहा कि नेताजी की देश भक्ति, संकल्प व साहस के मूल्यों को भुलाया नहीं जा सकता। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सफलता प्राप्ति के लिए संघर्ष, बलिदान व एकता कितनी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राएं व स्टाफजन उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी कॉलेज में मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज में एनसीसी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजक मांगीलाल कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीके सैनी, उप प्राचार्य विजेंद्र कुमार पूनिया, एनएसएस प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव ने पुष्प अर्पित किए। सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हिंदी व्याख्याता दयाराम के सानिध्य में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद वर्मा, रोहित शर्मा, सुरेश कुमार, राकेश शर्मा, कैलाश बिजारणिया सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## थानाधिकारी से अनैतिक गतिविधियों को रोकने की मांग

महानगर संवाददाता

**मनोहरपुर।** भाजपा महिला मोर्चा मनोहरपुर की महामंत्री पूजा प्रजापत ने नवनियुक्त थानाधिकारी भगवान सहाय मीना से मिलकर उन्हें शिकायत पत्र देकर पालिका क्षेत्र में स्थित होटलों व ढाबों में हो रही है अनैतिक गतिविधियों को रोकने की मांग की। महामंत्री पूजा प्रजापत ने पत्र देकर अवगत कराया कि पालिका क्षेत्र में संचालित होटलों व ढाबों में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही है, जिससे सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है। इसे लेकर आमजन में काफी आक्रोश है और भय का माहौल बना हुआ है। पालिका क्षेत्र में महिलाएं व स्कूल-कॉलेज की बालिकाएं आने-जाने में कतराती है। टोल प्लाजा के पास संचालित होटलों व ढाबों पर बैठे व्यक्ति महिलाओं व बालिकाओं पर फब्तियां कसते हैं। इससे महिलाए व बालिकाएं भय के माहौल में जीने को मजबूर है। भावी पीढ़ी पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। महिला मोर्चा महामंत्री ने पुलिस महिला सखी रहते हुए सीएलजी की बैठकों में भी इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। थानाधिकारी भगवान सहाय ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### नवसृजित नगर पालिका में 21 माह बाद विधायक की मौजूदगी में हुई साधारण सभा की बैठक

# 'गिले-शिकवे दूर कर विकास की गति को दें आयाम'

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय की नवसृजित नगर पालिका में 21 माह बाद लालसोट विधायक रामविलास मीणा की मौजूदगी में साधारण सभा की बैठक का पहली बार आयोजन किया गया।

कांग्रेस कार्यकाल दौरान अप्रैल 2023 में नवगठित नगर पालिका रामगढ़ पचवारा घोषित होने के बाद कई बार साधारण सभा की बैठक के आदेश निकाले गए, मगर राजनीतिक कारणों के चलते साधारण सभा की बैठक नहीं हो पाई। अब 21 माह 12 दिन गुजरने के बाद गुरुवार को नगर पालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक की अध्यक्षता और विधायक की मौजूदगी में बैठक हुई, जिसमें एक-दूसरे ने गिले शिकवे दूर करते हुए नवसृजित नगर पालिका रामगढ़ पचवारा में विकास की गति देने का वादा किया गया। बैठक में लालसोट विधायक रामविलास मीणा का वार्ड पार्षदों व नगर पालिका चेयरमैन ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।



### तालमेल नहीं होने से विकास में लगा विराम : रामविलास

लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर ने साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार और नवसृजित नगर पालिका चेयरमैन का तालमेल नहीं होने से नगर पालिका के विकास में विराम लगा। उन्होंने सदन के पटल पर कहा कि गिले शिकवे दूर कर नगर पालिका के विकास को आयाम देंगे। उन्होंने स्ट्रीट लाइट, हाई मास्क लाइट व पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि नगर पालिका को विकास के लिए विधायक कोटे से भी बजट दिया जाएगा। उन्हों वार्ड पार्षदों व ग्रामीणों से उपखंड रामगढ़ पचवारा के लिए किसी बड़े कार्य को लेकर सुझाव देने की मांग की, जिससे आगामी बजट में स्वीकृत करवाते हुए क्षेत्र को नया तोहफा दिया जाए।



इस दौरान गुलाब के फूलों की खुशबू से महकते सदन में वार्ड पार्षद मुरारी लाल जांगिड़, रामजीलाल मीणा, खुशबू सोनी, पुष्पा मिरोठा, गिर्राज हरिजन, बंसीलाल बैरवा, मनफूल आदि ने एक-दूसरे को गुलाब की माला पहनाई। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने साधारण सभा की कार्रवाई को सदन के पटल पर रखा। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान का ब्यौरा पेश करते हुए कहा कि प्रस्तावित बजट में आय-व्यय के मुख्य व अन्य मदों में राजस्व आय प्राप्त होने की संभावना है, जिसमें अनुमानित लगभग 3 करोड़ 54 लाख 64 हजार का प्रावधान रखा गया है। उनहोंने कहा कि पूंजीगत आय में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्राप्त अनुदान, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना में प्राप्त अनुदान, विधायक कोष, सांसद कोष आदि से प्राप्त होने की संभावना है।

### 80 करोड़ के प्रस्ताव भेज विकास को देंगे गति : खटीक

साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए चैयरमेन घनश्याम खटीक ने विधायक से मांग करते हुए कहा कि नवसृजित नगर पालिका में स्टाफ का अभाव होने से विकास को गति नहीं मिल रही, जिससे लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में स्टाफ लगाकर लोगों को समस्या से निजात दिलाएं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के विकास को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान करीब 80 करोड़ रुपए विकास के प्रस्ताव बनाकर सरकार को भिजवाए जाएंगे।

## करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण आज

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा शुक्रवार को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। विधानसभा प्रभारी अजय सिंह खर्रा ने बताया कियूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा शुक्रवार को एनएच-52 सिमारला जागीर सड़क, अरणियां से मूंडरू लिसाड़िया से गोठा, दिवराला से करीरी सीमा, दिवराला से ढाणी बलवंत सिंह, मण्डूस्या से मोदयाड़ी, रायपुर जागीर से भानीपुरा सड़क का शिलान्यास करेंगे। वहीं उपस्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुरा थोई का लोकापर्ण करेंगे। इसके बाद यूडीएच मंत्री खर्रा अजीतगढ़ राउमावि में राज्य सरकार द्वारा आयोजित जागृति आंगन कार्यक्रम के समापन और वार्षिकोत्सव समारोह में भी शिरकत करेंगे।

## शिविर में छात्राओं को बताए आत्मरक्षा के गुर

**बस्सी (मसं)।** कस्बे की संस्कार पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में गुरुवार को महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र व पुलिस आयुक्तालय जयपुर की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग द्वारा निर्मित राजकाम एप को उपयोग में लेने की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराते के तरीके बताए गए। महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण में आए पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय की छात्राओं को अपनी रक्षा के लिए अपराधियों से बचाव की जानकारी दी। संस्था निदेशक नितिन अग्रवाल ने सभी का आभार जताया।

## बालिका विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**नवलगढ़ (मसं)।** कस्बे के ग्राम बाय में बालिका उच्च माध्यमिक विद्यायल में वार्षिक उत्सव मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य जुगल किशोर केरोड़िया ने की, जबकि मुख्य अतिथि तारा पूनिया रहे। अतिथियों ने मां शारदे की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद छात्राओं ने एक से बढ़कर एक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद मुख्य अतिथि तारा पूनिया, नेकीराम पूनिया व जुगल किशोर ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। इस अवसर पर 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को



अशोक गढ़वाल व नेकीराम पूनिया ने ग्यारह-ग्यारह सौ रुपए प्रदान किए। इस अवसर पर मिठाई का वितरण सांवरमल सेन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में समस्त भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विनोद पूनिया, अशोक पूनिया, महेंद्र सेन, प्रदीप पूनिया, सीताराम पूनिया, ऋषि शेखावत आदि उपस्थित थे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य पूजा ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आचुकी भट्ट ने किया।

## नगर पालिका की बोर्ड बैठक नहीं होने से विकास कार्य ठप, पार्षदों में आक्रोश

महानगर संवाददाता

**मनोहरपुर।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक करीब एक वर्ष से नहीं होने के कारण विकास कार्य ठप पड़े हैं। बोर्ड बैठक न होने के कारण पार्षदों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों को अपने आवश्यक कार्य करवाने के लिए पालिका के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लोगों द्वारा अपने आवश्यक कार्य करवाने के लिए पूछने पर पालिका कर्मचारियों द्वारा लोगों को चकमा दिया जाता है, जिससे आमजन काफी बेहद परेशान है।

जानकारी के अनुसार पालिका अधिशासी अधिकारी के बार-बार स्थानांतरण होने के कारण पालिका बोर्ड बैठक की करीब साल भर से अटकी पड़ी है, जिससे विकास कार्य ठप पड़े हैं। बोर्ड बैठक हो तो वार्डों में साफ-सफाई, सीवरेज टैंक निर्धारित राशि, बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे चालू करना, पट्टे बनाने, बिशनगढ़ तिराहा की ओर हाई वोल्टेज लाइट लगाना, शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों व नालियों का निर्माण जैसी बड़ी समस्या से लोगों को निजात मिल सके। साथ ही पालिका के पार्षदों का भत्ता नहीं डाला जा रहा है, जिससे पार्षद कर्जा लेकर गुजारा कर रहे हैं, इसको लेकर पार्षदों में पालिका प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में बोर्ड की बैठक नहीं होने से आमजन को आवश्यक कार्य करवाने के लिए पालिका के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लोगो ने बताया कि उनकी नगर पालिका में पट्टे की फाइल की आवश्यक कार्रवाई कर रसीद तो काटी गई है। लेकिन पट्टा आज नहीं दिया। उन्हें पट्टे लेने के लिए रोजाना नगर पालिका के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

वहीं रैगर बस्ती स्कूल, अम्बेडकर नगर, रावधीर सिंह कॉलोनी गढ़, सारवान मोहल्ला नासिर कुरैशी की ओर शिव कॉलोनी शिव मंदिर के पास, तोपचिवाड़ा, शांतिनगर, सारवान मोहल्ला बल्लू खान के मकान के पास, इंदिरा कॉलोनी मुख्य बाजार, सैय्यद लाल खा बाबा मार्केट सहित अन्य कॉलोनीयों की नालिया टूटी पड़ी है, जिससे नालियों का गंदा पानी आम रास्ते में सरपट दौड़ता रहता है, जिससे आने-जाने वाले ग्रामीणों व स्कूल जाने वाले बालक-बालिकाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार पालिका प्रशासन को अवगत करवाया, लेकिन समस्या जस की थस बनी हुई है।

### नगर पालिका की तीसरी भी आंख बंद

नगर पालिका क्षेत्र में करोड़ों रुपए खर्च करके लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं। सीसीटीवी कैमरे लगने पर आमजन को आशा जगी थी की चोरी-डकैती व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और पुलिस को गुत्थी सुलझाने में सहयोग मिलेगा, लेकिन इसके विपरीत पालिका की तीसरी आंख बंद होने से आम आदमी चिंतित नजर आ रहा है। आपको बता दें कि फिलहाल 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें से मात्र 7 सीसीटीवी कैमरे ही सुचारू है।

### इनका कहना है

अधिशासी अधिकारी हरि नारायण यादव का कहना है कि गणतंत्र दिवस के बाद में पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, वार्ड पार्षदों से वार्ता कर जल्द ही बोर्ड बैठक बुलाई जाएगी।

## तनसिंह की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली वाहन रैली

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** सरहदी क्षेत्र बाड़मेर में 25 जनवरी को क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह की 101वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर आलोक आश्रम में उनके भव्य स्मारक का अनावरण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन से पहले गुरुवार को शहर में एक वाहन रैली निकाली गई। रैली में युवा केसरिया साफा पहनकर व बाइक पर ध्वजा लिए शामिल हुए। रैली के माध्यम से पीले चावल बांटकर आमंत्रण दिया गया। आलोक आश्रम से प्रारंभ हुई वाहन रैली शहर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। रैली तनसिंह सर्किल, गांधी चौक, अहिंसा सर्किल, विवेकानंद सर्किल, रावल मल्लीनाथ सर्किल,



अंबेडकर सर्किल और रॉय कॉलोनी होते हुए रानी रूपादे संस्थान पर संपन्न हुई। आयोजन समिति के सदस्य महेंद्र सिंह तारातरा ने बताया कि 25 जनवरी को आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्मारक अनावरण के साथ-साथ आयोजन में तनसिंह के योगदान को याद किया जाएगा। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों और भामाशाहों का किया सम्मान

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मस्तराम महंत, विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड़, भूरालाल गढ़वालिया, रेवड़मल महावर, मोहनलाल गुप्ता आदि ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में भामाशाह प्रहलाद मीणा, सूरज मीणा, हीरालाल मीणा व डॉ. बीएल मीणा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के



दौरान सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मोहित मीणा, सुमित सैनी, अमित सैनी व हरीश प्रजापत और जूडो प्रतियोगिता में नीरज स्वामी को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामावतार मीणा ने अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बांधकर स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीताराम सोनी, सुरेश सैनी, भोलाराम रैगर, जय राम मीणा, दौलत राम मौर्य, निहार स्वामी, मनोज सोनी आदि उपस्थित थे।

## बिना पंजीकरण के संचालित निजी चिकित्सालयों पर की कार्रवाई

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार पालीवाल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने फलसूंड क्षेत्र में स्थित निजी चिकित्सालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान फलसूंड क्षेत्र के 6 निजी चिकित्सालय रोशन हॉस्पिटल, अक्षा हॉस्पिटल व पंचकर्म सेंटर, जय भवानी हॉस्पिटल, मेट्रो हॉस्पिटल, मेहर हॉस्पिटल व जोधपुर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय संचालकों के पास वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र व योग्यताधारी कार्मिकों के मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण संबंधित सभी संस्थानों को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए



पाबन्द किया गया। साथ ही फलसूंड स्थित गुजरात हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर को मां बाउचर योजना के क्रियांवयन में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया गया।

डॉ. पालीवाल ने ग्राम रासला के हेल्थ केयर क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र व योग्यता धारी कार्मिकों के मौके पर नहीं होने के कारण क्लिनिक को सील कर दिया। निरीक्षण कार्रवाई के दौरान डीपीसी विक्रम सिंह चंपावत व हीरालाल भी उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़टकनेत में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्या बिरमा कुमारी की अध्यक्षता और अजय सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विद्यालय में पधारे सभी आगंतुकों का श्याम दुपट्टा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंच का संचालन कर रहे विद्यालय के अध्यापक गोकुल चंद कनवंत ने कार्यक्रम की बखूबी एंकरिंग की। इस दौरान विद्यार्थियों ने राजस्थानी, देशभक्ति व आध्यात्मिकता से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश



करके उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय की समस्याओं से विद्यालय प्रबंधन ने मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा को अवगत करवाया तो उन्होंने आश्वस्त किया कि निकट भविष्य में सभी समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। अजीतगढ़ प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव ने भी अपने जोशीले अंदाज में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ही नहीं पूरी ग्राम पंचायत की तमाम समस्याओं के समाधान का वादा दौहराया, जिसका उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व कर्मचारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। राज्य सरकार से टेबलेट योजना से सम्मानित छात्राओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का मिलन देखते ही बन रहा था, क्योंकि सभी के सभी अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम में मातृशक्ति की संख्या भी संतोषजनक रही। इस दौरान विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या बिरमा कुमारी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया और विद्यालय की वर्ष पर्यन्त चलती रहने वाली विशेष उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने सभी अतिथियों व भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

## जाखल के राजकीय स्कूल को मिली लाखों रुपए की सौगात



**नवलगढ़ (महानगर संवाददाता)।** कस्बे के जाखल गांव में गुरुवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों और स्कूल के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणा की गई। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह जाखल ने घोषणा की कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए 50 लाख रुपए की लागत से एक नया खेल मैदान बनाया जाएगा। साथ ही स्कूल भवन की मरम्मत और रंग-रोगन के लिए 7 लाख रुपए बजट स्वीकृत किया गया है।

समारोह में सदस्य सुरेंद्र सिंह कडायल ने अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रिंसिपल सुरेंद्र पारीक के अनुसार कार्यक्रम में मेधावी छात्रों और भामाशाहों का विशेष सम्मान किया गया। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल स्टाफ की ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धियां के रूप में स्कूल के चार छात्र बसंत सिंह, गुंजन सोनी, आईशा खान और चैनू कंवर को उनके उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए सरकार की ओर से लैपटॉप प्रदान किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व निकली कलश शोभायात्रा

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजी जयसिंहपुरा खोर की चेतना बस्ती

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** घूमंतु जाति उत्थान न्यास की ओर से राम लला मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ पर जयसिंहपुरा खोर की चेतना नगरी घूमंतु बस्ती में शुक्रवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। अजर अमर महादेव मंदिर से गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा में सर्व समाज की करीब 1300 महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी। करीब सात सौ लोग हाथों में झंडे लिए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा के साथ गणेश जी, मातारानी, बालाजी, बाबा रामदेव की मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश शोभायात्रा का स्वागत किया। महानगर घूमंतु कार्य संयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय घूमंतु कार्य प्रमुख दुर्गादास, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित कई संत-महंत अनेक विशिष्ट लोग भी कलश शोभायात्रा में साथ चल रहे थे। राम-लक्ष्मण-जानकी, हनुमान जी महाराज और चार वानर कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश शोभायात्रा चेतना नगरी घूमंतु बस्ती पहुंची। यहां कलशों की आरती उतारी गई। मूर्तियों का अधिवास पूजन किया गया। बस्ती के स्थानीय लोगों, घूमंतु कार्य विभाग के कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने कलश शोभायात्रा की व्यवस्था संभाली।



### शाम को कुंभ के लिए रवाना होंगे धर्मगुरु

24 जनवरी को शाम सात बजे प्रदेशभर के घूमंतु समाज के 35 धर्म गुरु सहित 45 लोगों का जत्था अंबावाड़ी स्थित स्वस्तिक भवन से कुंभ यात्रा के लिए रवाना होगा। यह जत्था 26 जनवरी को कुंभ में स्नान करेगा। अयोध्या में राम लला के दर्शन कर जत्था 29 जनवरी को जयपुर लौटेगा। घूमंतु समाज के लोगों को इससे पहले अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन करवाए थे। हरिद्वार, ऋषिकेश, मेवाड़ की यात्रा भी करवाई जा चुकी है।

### प्राण प्रतिष्ठा-धर्म सभा आज

आयोजन से जुड़े सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि 24 जनवरी को सुबह दस बजे से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली प्रज्ञागीतों के साथ यज्ञ संपन्न कराएंगी। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ और गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के कार्यकर्ता समयदान करेंगे। यज्ञ में गायत्री और महामृत्युंजय महामंत्र के अलावा अन्य विशिष्ट मंत्रों से आहुतियां प्रदान की जाएंगी। एक ओर गायत्री महायज्ञ होगा और दूसरी वेद मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद धर्म सभा होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल मुख्य वक्ता होंगे। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष तथा ओवरसीज फ्रेंडस ऑफ राम मंदिर अमेरिका के संस्थापक प्रेम भंडारी धर्म सभा की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत होंगे। हरियाणा के सूचना आयुक्त प्रदीप कुमार शेखावत, अमरीका की डिवोचे बैंक के डायरेक्टर पंकज ओझा, सांसद मंजू शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, निम्स यूनिवर्सिटी के निदेशक डॉ. पंकज सिंह, सिद्धी विनायक हॉस्पीटल, चौमूं के निदेशक डॉ. एलएन रूंडला धर्म सभा में विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इसके बाद पौषबड़ा प्रसादी होगी।

21 फरवरी तक दिखेगा नजारा, बारह राशियों पर पड़ेगा असर

# सौ साल बाद बना पताका योग




### यह योग करीब 100 साल बाद बना है

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सभी नौ ग्रह एक निश्चित अंतराल पर राशि परिवर्तन करते हैं या फिर ये कभी-कभी ऐसी स्थिति में पहुंच जाते हैं कि एक से ज्यादा ग्रह एक ही कतार में आ जाते हैं। कुछ इसी तरह का योग आसमान में दिखाई दे रहा है। यह दुर्लभ नजारा 21 जनवरी से देखा जा रहा है। यह दृश्य 26 फरवरी तक रहेगा। इसमें सौरमंडल के 6 ग्रह एक कतार में दिखाई दे रहे हैं। इन 6 ग्रहों में मंगल, गुरु, शुक्र, शनि, यूरेनस और नेपच्यून है। इनमें मंगल, गुरु, शुक्र और शनि को तो खुली आंखों में देखा जा सकता है, लेकिन नेपच्यून और यूरेनस को टेलीस्कोप की मदद से आसमान में देख सकते हैं। 15 फरवरी के बाद इस परेड का हिस्सा बुध ग्रह भी बन जाएगा। इन ग्रहों की शोभा आधा चंद्रमा बढ़ाएगा।

ज्योतिष में एक साथ कई ग्रहों के कतार में आ जाने से पताका योग कहा गया है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के मुताबिक यह योग करीब 100 साल बाद बना है। पताका योग बनने का सभी 12 राशियों के जातकों पर असर होगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों की चाल और राशि परिवर्तन का प्रभाव देश-दुनिया के साथ-साथ हर एक जातकों के जीवन में जरूर पड़ता है।

### पूरी दुनिया में दिखेगा नजारा

सूर्यास्त के बाद साढ़े 8 बजे से यह परेड देखी जा सकती है। साढ़े 11 बजे के बाद ग्रह गायब होने लगेंगे। मंगल, बृहस्पति, यूरेनस आसमान में सारी रात नजर आएंगे। मंगल सूर्य के उदय होने से पहले अस्त हो जाएगा। शनि, बुध, नेपच्यून जब अस्त होंगे तो सूर्य के सबसे पास होंगे। शुक्र-शनि पश्चिम दिशा में और बृहस्पति-मंगल पूर्व दिशा में नजर आ रहे है। सूर्यास्त के लगभग 45 मिनट बाद ग्रह लाइन में साफ नजर आएंगे। 8 मार्च तक यह परेड पूरी तरह धूमिल हो जाएगी। अमेरिका, कनाडा समेत भारत और पूरी दुनिया में लोग ग्रहों की परेड देख पाएंगे और इसे देखने के लिए सबसे अच्छा समय 21 जनवरी से 21 फरवरी के बीच होगा। अमावस के दिनों में इस परेड को देखने का सबसे अच्छा समय है।

### ग्रह एक सीध में कब आते हैं?

खगोल शास्त्रियों के अनुसार अंतरिक्ष के 7 ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं, जिनमें पृथ्वी ग्रह भी शामिल है। सभी ग्रह एक-दूसरे से दूर, लेकिन सर्किल शेप में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। इनके परिक्रमा करने का समय और स्पीड भी अलग-अलग होती हैं। एक समय आता है, जब परिक्रमा करते हुए भी सूर्य के एक तरफ सभी 8 ग्रह एक सीध में आ जाते हैं। हालांकि यह एक दूसरे से काफी दूर होते हैं, लेकिन धरती से काफी दूर होने के कारण एक-दूसरे के काफी करीब होते हैं। वहीं कई दिन एक सीध में परिक्रमा करने के बाद ग्रह दूर-दूर हो जाते हैं, तब तक यह एक सीध में रहते हैं और देखे जा सकते हैं।

### इन राशि वालों को हो सकता है नुकसान

एक तरफ जहां पताका योग बनने से कुछ राशि वालों को फायदा मिलने के योग हैं तो वहीं कुछ को नुकसान भी हो सकता है। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक कर्क, वृश्चिक, मीन और मिथुन राशि के जातकों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस योग के निर्माण से आपके फिजूलखर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों को नौकरी में कुछ अड़चनें आ सकती हैं। किसी को धन अगर उधार दिया है तो उसके वापस मिलने की संभावना कम है। निवेश संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। काम को लेकर तनाव रह सकता है जिसे आपका मन में काम नहीं लगेगा। वहीं इसके अलावा तुला, धनु, मीन और सिंह राशि के जातकों पर इसका मिलाजुला प्रभाव देखने को मिलेगा।

### इन राशि को होगा फायदा

ज्योतिष में पताका योग को बहुत ही शुभ माना जाता है। 6 ग्रहों के योग से बनने वाला पताका योग मेष, वृषभ, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए अच्छा साबित हो सकता है। इन राशि के लोगों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। करियर-कारोबार में तरक्की के योग हैं। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा जातकों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है, वहीं जो लोग व्यापार से संबंधित हैं उन्हें अच्छा खासा मुनाफा हासिल होने के योग हैं। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। वाहन का सुख मिलेगा और कार्यों में सिद्धि की प्राप्ति होगी।

### बिना उपकरण के निहारें शनि, शुक्र, बृहस्पति, मंगल ग्रह को

पश्चिम से पूर्व की ओर सूर्यास्त के बाद क्रम से शनि, शुक्र, नेप्चून, यूरेनस, बृहस्पति और मंगल ग्रह का अवलोकन बिना किसी उपकरण के किया जा सकता है। ग्रहों की कांति से स्पष्ट है कि वे कुछ उत्तर या दक्षिण की ओर हैं। लगातार एक माह तक आंशिक बदली हुई स्थितियों में इनका अवलोकन कर सकते हैं। टेलिस्कोप का उपयोग इन ग्रहों की सतह को देखने के लिए किया जा सकता है। वर्तमान समय में आकाश में ग्रहों को बहुत अच्छे प्रकार से देख पा रहे हैं।

## अग्निकर्म कार्यशाला में भाग लेंगे डॉ. भूपेंद्र शर्मा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डॉ. भूपेन्द्र शर्मा चांदवास स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि की ओर से आयोजित दो दिवसीय (24 व 25 जनवरी को) अग्निकर्म प्रशिक्षण कार्यशाला एवं एलुमिनाई मीट में भाग लेंगे। डॉ़ भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में अग्निकर्म चिकित्सा का विशेष महत्व है। इससे अनेकों रोगों की सफल चिकित्सा संभव है। दो दिवसीय कार्यशाला में अग्निकर्म विशेषज्ञों की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में देश भर से अनेक प्रांतों के आयुर्वेद चिकित्सक भाग लेंगे।

## श्री श्याम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अखिल भारतीय अग्रसेना की ओर से बुधवार को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां दी। श्याम रस में विभोर होकर भक्त झूम उठे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दामोदर अग्रवाल ने बताया कि भजन संध्या में राजस्थान अग्रसेन कल्याण बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महाराजा अग्रसेन प्रादेशिक महासभा के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल लोहरवाड़ा, पत्रकार विजय गुप्ता, कृष्ण की भूमिका निभा रही अग्रसेना की जिला महिला अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, केशव गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, सुभाष मित्तल, संजय वार्ष्णेय, श्याम भकत विजय गुप्ता, अग्रवाल समाज समिति गुजर की थड़ी के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, श्रीकांत गोयल, हिमांशु अग्रवाल, अमित अग्रवाल, भानु अग्रवाल, प्रसिद्ध गायक कलाकार नवीन शर्मा, आलोक शर्मा सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं समाज बंधु शामिल रहे।

## सप्त ऋषि गुरुकुल वेद विद्यापीठ का शिलान्यास

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्री प्रयाग जन सेवा संस्थान की ओर से छोटा गुढ़ा रोड सरगोठ में सप्त ऋषि गुरुकुल वेद विद्यापीठ एवं गौशाला के भवन के लिए शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम ग्रेटर की चैयरपर्सन डॉ. मीनाक्षी शर्मा और सरगोठ सरपंच मोहन लाल यादव ने पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। संस्था अध्यक्ष रजत मिश्रा ने बताया कि वैदिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार, संस्कृति संरक्षण एवं उत्थान के लिए गुरुकुल का निर्माण किया जाएगा। मिश्रा ने यज्ञाचार्य कृष्णकांत शास्त्री, कृष्ण कुमार शर्मा, रिक्षपाल यादव, व्यवसायी प्रमोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल का अभिनंदन किया।

## वाहन चालकों को पांच सौ हेलमेट वितरित

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** हेलमेट लगाना जरूरी तो है ही, लेकिन हेलमेट भी आईएसआई मार्क का लगाना चाहिए। इसको हम औपचारिकता न समझे। कुछ ऐसी समझाइश के साथ गुरुवार को जनता दरबार संस्थान की ओर से हेलमेट बांटे गए। समाजसेवी विजय कौशिक ने जन्मदिन पर ट्रेफिक नियमों के लिए अभियान चलाया और 500 हेलमेट वितरित किए। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, डीसीपी ट्रैफिक सतीश सागर राणा, एसीपी ट्रैफिक नॉर्थ राजेंद्र सिंह, एसीपी कोतवाली अनूप सिंह, एसएचओ कोतवाली राजेश शर्मा, गजानंद गांधी, चांद कंवर, रविंद्र नरूका, विकास चौधरी, थ्रोबॉल नेशनल प्लेयर तमन्ना कौशिक एवं घनश्याम मुलानी भी इस अभियान के साक्षी बने।

समाजसेवी विजय कौशिक ने स्वच्छ राजस्थान, स्वस्थ राजस्थान और सुरक्षित राजस्थान थीम पर अपना जन्म दिवस मनाते हुए हुए प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। जनता दरबार संस्थान के डायरेक्टर और कार्यक्रम आयोजक और समाजसेवी विजय कौशिक ने बताया यातायात जागरूकता अभियान की शुरुआत जयपुर की छोटी चौपड़ से की गई। साथ ही राजस्थान में अभियान के लिए अलग-अलग टीम घटित की गई।

## त्रिकोणेश्वर महादेव मंदिर में 1100 दीपकों से की महाआरती



**जयपुर (मसं)।** युग रामराज का आ गया...हर घर झंडा फहराएगा... मेरी झोपड़ी के भाग जाग जाएंगे.. जैसे अनेक भजनों की स्वर लहरियों से टोंक रोड स्थित कीर्ति नगर मंदिर में गूंज उठा। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर कीर्ति नगर लेडिज क्लब की ओर से कीर्ति नगर स्थित त्रिकोणेश्वर महादेव मंदिर में 1100 दीपकों की महाआरती की गई। पं. गणेश आचार्य ने बताया मंदिर को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। महिलाएं सज धज कर मंदिर पहुंची। महाआरती के बाद भजनों पर महिलाओं जमकर नृत्य किया और भजन गाए। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। भारती खंडेलवाल, निशा कुमावत, ममता कुमावत, नेहा नागौरी, मिथिलेश, आशा सिंह, अलका बड़ाया, विजय बड़ाया सहित कॉलोनी की अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

## दीपयज्ञ में अक्षत से अर्पित की आहुतियां

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** गायत्री करधनी महिला मंडल की ओर से कालवाड़ रोड करधनी स्थित आर्यावर्त इंटरनेशनल योगा सेंटर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत के सान्निध्य में प्रहलाद शर्मा और राजेन्द्र सैनी ने विधि विधान से दीपयज्ञ संपन्न करवाया। प्रारंभ में वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता का पंचोपचार पूजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में दीप प्रज्जवलित कर अक्षत से विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां प्रदान की गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंदी शर्मा ने गर्भ संस्कार के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जन्मदिवस और विवाह दिवस संस्कार भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाए गए।

कुसुम सिंघल, लक्ष्मी कुमावत, बीना कुमावत, मोनिका शर्मा, रंजना शर्मा, नव्या, रूबी सहित अनेक महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाया।

## घूमंतु समाज को बजट आवंटित करने की मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बजट पूर्व संवाद में घूमंतु जाति उत्थान न्यास के जयपुर प्रांत संयोजक महेन्द्र सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष नरेश वंशाली, जनाधिकार समिति से राकेश बिडावत ने विमुक्त, घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु समाज के लिए 15 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, वित्त मंत्री दीया कुमारी से आगामी बजट में घूमंतु समाज की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बजट की मांग रखी। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए बजट पूर्व संवाद में शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी भी शामिल हुए।

# गौसेवकों ने लिया नेताजी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नेताजी सुभाष चंद बोस की 128वीं जयंती पर गुरुवार को अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की ओर से टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला के जैविक वन औषधीय पार्क में पुष्पांजलि और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता, हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट लोगों, किसानों और गौसेवकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार नेताजी ने गुलामी के विरुद्ध आंदोलन किया अब हमें वैसे ही खेती में प्रयुक्त होने वाले जहरीले रसायनों की गुलामी के खिलाफ प्राकृतिक खेती का आंदोलन शुरू करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी यही इच्छा है कि देश में प्राकृतिक खेती हो जिससे किसानों की आय तीन गुणा तक बढ़ें। डॉ. गुप्ता ने कहा कि 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व संभालकर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके नारे जय हिंद, दिल्ली चलो, और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने देशभक्ति का जोश भर दिया। 30 दिसंबर 1943 को उन्होंने पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराया और मणिपुर के मोइरांग में तिरंगा लहराकर आजादी का संदेश दिया।

## कर्तव्य बोध दिवस का किया आयोजन



**जयपुर (मसं)।** सांगानेर स्थित राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान की इकाई की ओर से कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. चंद्रप्रभा पारीक ने की। मुख्य वक्ता संगठन के स्थानीय इकाई सचिव प्रो. गोपाल लाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के साथ राज्य की उन्नति तभी संभव है जब हम अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी निर्वहन करें। सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। प्राचार्या ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. अलका, प्रो. गणेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रो. एस.के. उपाध्याय ने मंच संचालन किया।

# कोचिंग हब बना सुसाइड सिटी!

## कोटा में 22 दिन में 6 छात्र-छात्राओं ने की आत्महत्या

**राजस्थान** की कोचिंग नगरी कहे जाने वाले कोटा में इस साल भी छात्र आत्महत्या का सिलसिला जारी है। कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जनवरी 2025 के बीते 22 दिनों में ही अभी तक 6 छात्रों ने आत्महत्या कर ली है, जो कि बहुत ही चिंताजनक है। ऐसे में कोचिंग सिटी के नाम से पूरे देश में विख्यात हो चुकी राजस्थान की औद्योगिक राजधानी कोटा देखते ही देखते जिस तरह से सुसाइड सिटी के रूप में सामने आया है वह हम सभी के लिए सोचनीय है। कोटा, जो देश का सबसे बड़ा कोचिंग हब माना जाता है, अब छात्रों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव और मानसिक तनाव के कारण चर्चा में रहता है। छात्रों की आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या ने कोचिंग उद्योग और अभिभावकों के बीच चिंता बढ़ा दी है। छात्रों पर बढ़ते मानसिक और शैक्षणिक दबाव को कम करने के लिए कोचिंग संस्थानों, माता-पिता और प्रशासन को मिलकर समाधान तलाशने की कोशिश की जा रही है। यह घटनाएं शिक्षा प्रणाली में सुधार और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की गंभीर आवश्यकता को दर्शाती हैं। बता दें कि साल 2024 में कोटा में कुल 19 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था वहीं, साल 2023 में कुल 29 छात्रों के आत्महत्या के मामले सामने आए थे। गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन में कई कदम उठाए थे। हॉस्टल के कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाई गई थीं, इसके अलावा छात्रों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया था, जिससे छात्र अपने किसी भी परेशानी के लिए प्रशासन से बात कर सकते हैं। लेकिन इन सभी का क्या परिणाम निकला वह आत्महत्या के डरावने आंकड़ों के रूप में हम सभी के सामने है। नए साल की शुरुआत होने पर सभी यह मानकर चल रहे थे कि इस साल बीते साल का काला अध्याय अब समाप्त हो जाएगा लेकिन हुआ ठीक विपरीत सूरते हाल भी नहीं बदला। जिस तरह से बीते साल में 7 जनवरी, 2024 थाना जवाहर नगर करीब 2 साल से ओल्ड राजीव गांधी इलाके में रहने वाले कोचिंग स्टूडेंट हरियाणा के महेंद्रगढ़ के रहने वाले नीरज चौधरी ने हॉस्टल में जानलेवा कदम उठाया। 8 जनवरी, 2024 थाना विज्ञाननगर एमपी के गुना के रहने वाले अभिषेक लौधा की मौत हुई। अभिषेक अंबेडकर नगर पीजी में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा था। इसके अलावा 16 जनवरी, 2024 थाना विज्ञाननगर उड़ीसा निवासी अभिजीत गिरी ने अपने कमरे में मौत को गले लगाया। अभिजीत कोटा में रहकर जेईई मैंस एग्जाम की तैयारी कर रहा था। वह विज्ञान नगर थाना इलाके के अंबेडकर नगर के पीजी में जैन विला रेजिडेंसी में रहता था। 18 जनवरी 2024 थाना जवाहरनगर बूंदी के इंदरगढ़ निवासी मनन जैन ने भी मौत को गले लगाया था। मनन जवाहर नगर इलाके में अपने नाना के घर में रहकर आईआईटी की तैयारी कर रहा था और परिवार में इकलौता था। कमोबेश वही सिलसिला 2025 के शुरू होते ही नजर आने लगा। जनवरी 2025 के 22 दिन में ही कोटा में 6 छात्रों ने आत्महत्या की है, जिससे कोटा की कोचिंग इंडस्ट्री और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। जवाहर नगर थाना इलाके के महावीर नगर फर्स्ट में एक कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया, जबकि इससे पहले गुजरात की एक छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। गुजरात की रहने वाली अफ्शा शेख 6 महीने पहले ही कोटा आई थी वह राजीव नगर इलाके में स्थित एक हॉस्टल में रहकर नीट एग्जाम की तैयारी कर रही थी। इस तरह अपने हाथों अपनी हंसती-खेलती जिंदगी को खत्म कर रहे नौनिहालों के इस आत्मघाती कदम ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। कोटा वो शहर है, जिसकी पहचान डॉक्टर और इंजीनियर बनाने वाली फैक्ट्री के तौर पर रही है। देशभर से आईआईटी, नीट, सहित अन्य बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए हर साल लाखों छात्र कोटा आते हैं। हर साल कोटा में पढ़ाई करने वाले कई छात्र पढ़ाई के दबाव में सुसाइड कर लेते हैं। राजस्थान के कोटा शहर जहां लाखों स्टूडेंट्स अनगिनत सपने लेकर पहुंचते हैं। कोचिंग हब कोटा में एडमिशन के लिए लंबी लाइनें लगाते हैं। वो कोटा जो हर साल स्टूडेंट्स की भीड़ से हरा-भरा और चहकता रहता है। वही कोटा आज की तारीख में सूनसान हो गया है। जिन गलियों में छात्रों का शोर गूंजता रहता था वही गलियां अब वीरान सी नजर आने लगी हैं। कोटा में एडमिशन के आंकड़ों में जबरदस्त गिरावट आई है और इसकी वजह है बच्चों की आत्महत्या के बढ़ते मामले। कोटा पहुंचने वाले छात्र-छात्राएं इस उम्मीद से वहां आते हैं कि यहां उनका डॉक्टर या इंजीनियर बनने का सपना जरूर सच होगा और जब कड़ी मेहनत के बाद भी ये सपना सच नहीं होता तो वो खुदकुशी का रास्ता चुनते हैं। इन मामलों में आई बढ़ोतरी का ही नतीजा है कि आज कोटा शहर में हॉस्टल्स खाली पड़े हैं! कोचिंग स्टूडेंट्स के मौत को गले लगाने की घटनाओं ने कोटा सिटी को झकझोर दिया है। इन घटनाओं से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। कोचिंग इंस्टीट्यूट चिंता में डूबे हैं। वहीं अपने बच्चों को खो चुके परिजनों की सिसकियों ने अस्पताल वालों को बेचैन कर दिया है। इन घटनाओं के बाद कोटा में अजीब सी खामोशी छाई हुई है। इंजीनियर और डॉक्टर बनने का सपना लेकर आने वाले स्टूडेंट्स की ओर से उठाए जा रहे इस कदम से पुलिस और प्रशासन ही नहीं यहां का आम आदमी भी चिंता में है। कोटा की अर्थव्यवस्था मोटे तौर पर कोचिंग स्टूडेंट्स पर ही टिकी है। कोटा में देशभर के विभिन्न राज्यों के करीब पौने दो लाख बच्चे इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने के लिए आते हैं। यहां कोचिंग सेंटर्स के साथ ही हॉस्टल, मेस और पीजी की भरमार है। यहां के घर-घर में बच्चे किराये पर रहते हैं। लेकिन सबसे हैरान करने वाला प्रश्न यह है कि अधिकतर स्टूडेंट फंदा लगाकर सुसाइड करने के तरीके को अपनाते हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी प्राब्लम प्रशासन की ओर से जारी की गई गाइडलाइन की हॉस्टल संचालकों की ओर से पालना नहीं करना भी माना जा रहा है। कोचिंग स्टूडेंट्स सुसाइड करने के डरावने और भयानक आंकड़े सामने आने के बाद हॉस्टल के अलावा पीजी के कमरों के पंखों में भी एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाई जानी थी। लेकिन हॉस्टल संचालक उनकी पालना नहीं कर पा रहे हैं।



**राजस्थान की औद्योगिक राजधानी कोटा देखते ही देखते जिस तरह से सुसाइड सिटी के रूप में सामने आया है वह हम सभी के लिए सोचनीय है। कोटा, जो देश का सबसे बड़ा कोचिंग हब माना जाता है, अब छात्रों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव और मानसिक तनाव के कारण चर्चा में रहता है। छात्रों की आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या ने कोचिंग उद्योग और अभिभावकों के बीच चिंता बढ़ा दी है।**

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 : नीतियों और कानूनों पर सख्ती से अमल ही बचाएगा बच्चियों का भविष्य

**राजीव भारद्वाज**

**हर** साल 24 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में लैंगिक भेदभाव को खत्म करते हुए उन्हें बराबरी के अवसर मुहैया कराना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस की इस साल की थीम है, 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तिकरण।'

जाहिर है कि जब तक बच्चियां सशक्त नहीं होंगी तब तक उनका भविष्य सुनहरा नहीं हो सकता। लेकिन सशक्तिकरण के सपने को पूरा करने के लिए हमें सबसे पहले बच्चियों के समक्ष मौजूद चुनौतियों की पहचान करनी होगी और उसके बाद ही इसके निदान के उपायों को मिली सफलता का आकलन किया जा सकता है। अगर चुनौतियों की बात करें तो देश इस बात से अभी भी बेखबर है कि बच्चियों के सामने बाल-विवाह एक बड़ी समस्या है जो उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक स्वालंबन के रास्ते बंद कर देता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएचएफएस 2019-21) के आंकड़ों के अनुसार, देश में 18 से 24 आयु वर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह हो जाता है। दरअसल, पश्चिम बंगाल, बिहार और त्रिपुरा जैसे राज्यों में बाल विवाह की दर 40 प्रतिशत से भी अधिक है जबकि असम और झारखंड ज्यादा पीछे नहीं हैं। बाल-विवाह महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी नहीं होने के पीछे सबसे बड़ा कारण है। बाल-विवाह बच्चों से बलात्कार के अलावा कुछ भी नहीं है। भारत के सुप्रीम कोर्ट का भी कहना है कि 18 वर्ष से कम उम्र की बच्ची के साथ वैवाहिक संबंधों में यौन संबंध बनाने को भी बलात्कार माना जाएगा। दूसरी सबसे बड़ी समस्या है बच्चियों को यौन शोषण और ट्रैफिकिंग का शिकार होने से बचाने की। ड्रग्स और हथियारों के बाद मानव ट्रैफिकिंग दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। मासूम बच्चियों को प्रेमजाल में फंसा कर, उन्हें शादी का झांसा देकर या उनके परिजनों को इन बच्चियों को नौकरी दिलाने का सब्जबाग दिखाकर बड़े शहरों में लाया जाता है। इन बच्चियों को या तो बेच दिया जाता है या उन्हें वेश्यावृत्ति या बंधुआ मजदूरी में धकेल दिया जाता है। प्लेसमेंट एजेंसियां भी रोजगार दिलाने की आड़ में इन ट्रैफिकिंग गिरोहों की मददगार हो गई हैं।

तीसरी सबसे बड़ी समस्या है बच्चियों का यौन शोषण रोकना। यौन शोषण की शिकार बच्चियों के प्रति अभी भी समाज में अपेक्षित संवेदनशीलता की कमी है। थाने में मामला दर्ज करने में होने वाली परेशानी और फिर अदालतों में तारीख पर तारीख से पीड़ित बच्चियां टूट जाती हैं। समाज भी अक्सर उन्हीं पर अंगुली उठाता है। इन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयासों में भी काफी हद तक कमी है। इसके अलावा ऑनलाइन यौन शोषण एक महामारी बन कर उभरा है। बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण एक ऐसा अपराध है जिसे राष्ट्रों की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। सबसे बड़ी बात यह है कि आंकड़ों से इस अपराध की भयावहता का पता नहीं चलता, क्योंकि इनमें से ज्यादातर मामलों की जानकारी बाहर नहीं आ पाती। लेकिन मानना होगा कि पिछले कुछ वर्षों में इन मोर्चों पर भारत में जितने कदम उठाए गए हैं, उतने किसी और देश में नहीं। खास तौर से बीते साल कई न्यायिक फैसले ऐसे आए और सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए जिसके दूरगामी परिणाम होंगे।

देश में बाल-विवाह, बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग और ऑनलाइन यौन शोषण के खिलाफ देश के 26 राज्यों के 416 जिलों में काम कर रहे 250 गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोगियों की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह पर न सिर्फ ऐतिहासिक फैसला सुनाया बल्कि इसकी रोकथाम के लिए एक समग्र



कार्ययोजना की जरूरत पर भी जोर दिया। बाल-विवाह एक जटिल समस्या है और इसके लिए सभी स्तरों पर और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इस फैसले के बाद भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 27 नवंबर को देशव्यापी 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान शुरू किया। यह अभियान अब तक 25 करोड़ लोगों तक पहुंच चुका है। बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए भी सरकार तमाम प्रयास कर रही है। कड़े कानून बनाए गए हैं और मुक्त कराए गए बाल मजदूरों के पुनर्वास के उपाय भी मौजूद हैं। सवाल सिर्फ यह है कि इन पर कितनी ईमानदारी से अमल हो रहा है? भारतीय रेल ट्रैफिकिंग की जीवनरेखा है और आम तौर पर ट्रैफिकिंग गिरोह बच्चों को ले जाने के लिए इसी का प्रयोग करते हैं। इसकी रोकथाम के लिए रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) को प्रशिक्षित किया गया है और इसकी सतर्कता से बच्चों की ट्रैफिकिंग पर काफी हद तक लगाम लगी है।

हालांकि, हैवानियत की शिकार बच्चियों को शीघ्रता से न्याय दिलाने के लिए अभी काफी कुछ करना शेष है। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पिछले साल ही जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां पूरे देश की अदालतों में बलात्कार व पॉक्सो के मामलों के निपटारे की दर 2022 में सिर्फ 10 प्रतिशत थी, वहीं इन विशेष त्वरित अदालतों में यह दर 83 प्रतिशत रही जो 2023 में बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। लेकिन इन विशेष त्वरित अदालतों में 2,02,175 मामले लंबित हैं।

रिपोर्ट बताती है कि अगर इनमें एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तब भी इन लंबित मामलों के निपटारे में अनुमानित तीन साल का समय लगेगा। अगर ये सभी लंबित मामले निपटाने हैं तो देश में तत्काल एक हजार नई विशेष त्वरित अदालतों के गठन के अलावा यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि मौजूदा सभी 1023 विशेष अदालतों में कामकाज सुचारू जारी रहे। फिलहाल सिर्फ 755 अदालतों में ही कामकाज हो रहा है। 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा- इसके अलावा शीर्ष अदालत ने अगस्त 2024 में एक फैसले में सभी राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों को यौन शोषण के पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए अनिवार्य रूप से सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति के आदेश दिए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक इन बच्चों को यह महसूस नहीं कराया जाता कि वे सुरक्षित हैं, उन्हें समाज की मुख्य धारा में नहीं लाया जाता और उनकी गरिमा की बहाली नहीं हो जाती, तब तक ये नहीं माना जा सकता कि इन बच्चों के साथ न्याय हुआ है। यह निस्संदेह एक बहुत बड़ा बयान और दूरगामी फैसला है। जाहिर है कि सरकारें और न्यायपालिका बच्चियों की सुरक्षा व उनके कल्याण के प्रति संवेदनशील हैं लेकिन स्थानीय स्तर पर जागरूकता का अभाव है। सबसे बड़ी जरूरत गांवों, कस्बों और सुदूर इलाकों में लोगों को जागरूक करने की है। सरकार और नागरिक संगठन सभी हितधारकों के साथ इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। इसके नतीजे भी दिख रहे हैं लेकिन अभी भी बच्चियों का भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। तभी 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों के सशक्तिकरण' का सपना आकार ले पाएगा। इसकी शुरुआत बच्चियों की शिक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित कर की जा सकती है। यह तभी संभव होगा जब कानूनों व योजनाओं पर ईमानदारी से अमल हो और चूक व लापरवाही की जवाबदेही तय की जाए।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी यानी बच्चों के अश्लील वीडियो डाउनलोड करना और उन्हें देखना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना तकनीक कानून के तहत अपराध है। शीर्ष अदालत ने सरकार को यह भी निर्देश दिया कि वह पॉक्सो कानून में 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' की जगह 'चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लायटेटिव एंड एब्यूज मैटीरियल (सीएसईएएम)' शब्द का इस्तेमाल करे ताकि जमीनी हकीकत और इस अपराध की गंभीरता एवं इसके विस्तार को सही तरीके से परिलक्षित किया जा सके। इस बदलाव का नतीजा ये है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को अब वयस्कों के मनबहलाव के तौर पर नहीं बल्कि अब एक ऐसे गंभीर अपराध के तौर पर देखा जाएगा जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक मुहिम के मिलने लगे हैं बेहतर नतीजे

**कमलेश पांडे**

**आमतौर** पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपनी पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षाबलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाए हैं और एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं।

देखा जाए तो चाहे अंतर्राष्ट्रीय थल या समुद्री सीमा से सटे प्रदेश हों या हमारे आंतरिक प्रदेश, यहां पर नक्सलियों, आतंकवादियों और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की मौजूदगी और उनके मार्फत जब-तब होते रहने वाली हिंसात्मक घटनाएं एक ओर जहां शासन व्यवस्था और अमनपसंद लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर धनी लोगों के भयादोहन का कारण भी बनती हैं। चूंकि अवैध मानव व वस्तु तस्करी, ड्रग्स सिंडिकेट, अवैध हथियारों के कारोबार, फिरौती, विवादास्पद संपत्तियों की खरीद-फरोख्त आदि से इनके तार जुड़े होते हैं, इसलिए सफेदपोश नेताओं-समाजसेवियों-कथित अधिकारियों-उद्योगपतियों आदि के माध्यम से इनके सरगना भी परस्पर मिले हुए होते हैं।

आम धारणा रही है कि इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दलों और स्थानीय नेताओं से इनकी गुप्त साठगांठ रहती है! और यही इनके तार कथित राष्ट्रीय नेताओं और अर्बन नक्सलियों-अपराधियों-आतंकवादियों के सिंडिकेट तक से जोड़ते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी सियासी कारणों के चलते इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर उत्तर-पूर्वी राज्यों की आतंकी घटनाएं हों, या झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार की नक्सली घटनाएं, या फिर बड़े महानगरों से लेकर जिलास्तरीय शहरों की अंडरवर्ल्ड वारदातें, इनके तार परस्पर जुड़े बताए जाते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मजबूती के पीछे भी इनकी राष्ट्रविरोधी सोच होती हैं, जिन्हें बरास्ता नेपाल, पाकिस्तान व चीन का भी संरक्षण हासिल होता है। वहीं, कांग्रेस समेत कई बड़े क्षेत्रीय दल भी इनके नेक्सस के समक्ष घुटने टेक चुके हैं। जबकि इन सभी बातों से उलट केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी भाजपा नीत एनडीए की सरकार और उड़ीसा-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की भाजपा प्रदेश



सरकारों की संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से प्रोत्साहित होकर सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलियों-दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का जो बीड़ा उठाया है, उसकी एक झलक ताजा कार्रवाई से मिलती है।

गौरतलब है कि भारत में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता तब मिली, जब गत दिनों ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ के एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और ओडिशा पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान 16 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस कार्रवाई में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से की गई त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई को एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार और बाकी सामग्री भी बरामद की गई जो नक्सली गतिविधियों को और बढ़ावा दे रही थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों के इस संयुक्त ऑपरेशन में नक्सल आंदोलन का एक प्रमुख सरगना, जयराम चलपती को ढेर किया गया। क्योंकि जयराम को नक्सली हिडमा का गुरु माना जाता था और नक्सली गतिविधियों में उसकी अहम भूमिका थी। जयराम पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों के लिए जयराम की तलाश एक बड़ी चुनौती थी। ऐसा इसलिए कि वह नक्सलवादी समूहों के लिए एक अहम रणनीतिक सोच के रूप में काम करता था। उसकी मृत्यु से न केवल छत्तीसगढ़ और ओडिशा बल्कि पूरे देश में नक्सलवादी आंदोलन को एक बड़ा झटका लगा है।

बताया जाता है कि इस ऑपरेशन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना की राज्य सरकारों ने अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर जयराम और उसके साथी नक्सलियों के खिलाफ लंबे समय से सख्त अभियान चलाया था। यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर इस सफलता पर बधाई दी और सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये नक्सल मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक और अहम कदम है।

बता दें कि भारत सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त किया जाए। ये ऑपरेशन उस दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है जो सुरक्षा बलों और सरकार के प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। समझा जा रहा है कि जयराम की मौत के बाद अब नक्सलियों के मनोबल को भारी झटका लगेगा और उन्हें पुनः अपनी ताकत को संगठित करना मुश्किल होगा। सुरक्षा बलों की ये सफलता न केवल एक बड़ी सैन्य जीत है बल्कि ये देश के नागरिकों के लिए एक संदेश भी है कि नक्सलवाद का खात्मा अब बिल्कुल नजदीक है।

## राशिफल

**आज दिनांक 24 जनवरी, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष दशमी, अनुराधा नक्षत्र, विष्टी करण, वृद्धि योग, राहुकाल: सुबह 11:17 से 12:38 बजे तक, सूर्योदय सुबह 7:13 बजे, सूर्यास्त सायं 6:04 बजे, चंद्रोदय सुबह 2.27 बजे, चंद्रास्त दोपहर 1:19 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:17 बजे से 1:00 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:36 से 6:24 बजे तक, चंद्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।**

मेष: आप ऊर्जा से भरे हैं और आशावादी सोच रखते हैं। कुछ दिन पहले तक जो भी चीजें बिल्कुल व्यर्थ लग रही थीं, आज उतनी नहीं दिखेंगी। आपके दृष्टिकोण की दृढ़ता और जीवनशक्ति से आपको इस स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी। आज का दिन अपनी सोच, विचारों और इच्छाओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए भी बहुत उपयुक्त है।

वृषभ: आप अभी किसी ऐसी स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं जिससे बाहर निकलने की हर कोशिश अभी नाकाम साबित हो रही है लेकिन इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि आप जिम जाना या अच्छा खाना खाना भूल ही जाएं। खुद से अपेक्षाएं थोड़ी कम रखें।

मिथुन: आज आपको अपने किसी करीबी या बिल्कुल अजनबी से स्वास्थ्य संबंधी बहुत अच्छी सलाह मिलेगी। अगर आप इस सलाह पर ध्यान देंगे तो आपको बहुत फायदा होने वाला है। आज का दिन आराम करने और कई दिन से इकट्ठे हो चुके तनाव से छुटकारा पाने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।

कर्क: आप आज किसी मनोरंजक व्यक्ति के साथ संबंध स्थापित करेंगे। उसके साथ मजेदार बातचीत से समय अच्छा गुजरेगा। इस आदमी से सीखने और प्रेरणा लेने की कोशिश करें। इससे आपको और लोगों की मन स्थिति समझने में भी मदद मिलेगी।

सिंह: आपका शारीरिक स्वास्थ्य तो पिछले कुछ समय से अच्छा है लेकिन मानसिक तनाव बढ़ रहा है, आपको जल्दी से जल्दी इसका समाधान खोजना चाहिए। करियर संबंधी कुछ बदलाव भी आपको करने चाहिए, नहीं तो इस सारे तनाव का आपकी सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा।

कन्या: आज आतिथ्य/ परोपकारी गतिविधियों में काम कर रहे लोगों के लिए एक विशेष दिन है। आज आपके विद्रोही भी आपके सामने झुकेंगे। सफलता आपके पास आएगी। ऐसा लगता है जैसे आप अपने बनाए फिटनेस कार्यक्रम के अनुसार चल पाने में खुद को असमर्थ पा रहे हैं।

तुला: आज आपको अपने दृष्टिकोण को सांसारिक वास्तविकता के साथ संतुलित करने और इस कला में पारंगत होने की आवशयकता महसूस होगी। आपकी योजनाएं महत्वाकांक्षी हैं, लेकिन आपको इसके लिए वास्तविक समस्याओं को समझना होगा।

वृश्चिक: आज आप घर और ऑफिस दोनों स्थानों पर शान्तिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। आपका यह अनुभव मजेदार रहेगा और आप इससे प्रेरित भी होंगे। हालांकि अपनी निजी बातें किसी के साथ भी ना बांटें, और कोई भी कड़वा पाठ सीखने के लिए भी खुद को तैयार रखें।

धनु: आज समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। अगर आप किसी नई परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाए हैं तो आज शुरू कर लें, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें सफलता जरूर मिलेगी।

मकर: आज का दिन सृजनात्मक प्रवृति के लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा। आपके हुनर और कार्य दोनों की ही प्रशंसा होगी। अपने कार्य के लिए धन प्राप्ति भी संभव है। अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपके लिए समय अच्छा है।

कुंभ: अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें। वे कभी नहीं मानेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी बदलाव करने पड़ सकते हैं।

मीन: अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है। अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बौद्धिक या व्यावसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, इससे आपको औरों पर बढ़त हासिल होगी। हालांकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं।

## आस्था से बढ़कर नहीं हो सकता लालच

**प्रेरक प्रसंग**

**बहुत** पुरानी बात है, महात्मा बुद्ध मगध राज्य के एक गांव में ठहरे हुए थे। उसी गांव से थोड़ा बाहर एक मोची अपने परिवार के साथ रहता था, जिसके घर के पास एक बहुत बड़ा तालाब था। एक दिन रोज की तरह सुबह मोची तालाब किनारे पानी लेने गया, जहां उसे एक अद्भुत पुष्प दिखा। वह पुष्प देखने में बहुत ही सुंदर था और चमत्कारिक भी प्रतीत हो रहा था। मोची ने तुरंत अपनी पत्नी को बुलाया और वह पुष्प उसे दिखाया। मोची की पत्नी आध्यात्मिक और धर्म में आस्था रखने वाली थी। वह पुष्प को देखते ही समझ गई कि जरूर कल यहां से महात्मा बुद्ध गुजरे होंगे, उन्हीं के प्रताप से आज यहां पुष्प खिला है। पुष्प को चमत्कारिक मान कर मोची ने एक योजना बनाई। उसने अपनी योजना के बारे में पत्नी को बताया कि वह इस पुष्प को राजा को देगा और इसके बदले में उनसे खूब सारी स्वर्ण मुद्राएं लेगा। उसकी पत्नी ने भी सोचा कि यह पुष्प उनके किसी काम का नहीं है। इसे राजा को ही दे दो, कम से कम कुछ कमाई तो होगी। पत्नी की सहमति के बाद, मोची राजमहल की ओर निकल गया। राजमहल के रास्ते में उसे एक व्यापारी मिला, वह मोची के हाथ में पुष्प देख कर रुक जाता है। वह मोची से पूछता है कि भाई ये पुष्प लेकर कहां जा रहे हो? मोची कहता है कि मैं यह पुष्प लेकर राजा के पास जा रहा हूं। इसे राजा को भेंट करके मैं उनसे मुंह मांगा इनाम लूंगा। व्यापारी ने मोची को प्रस्ताव दिया कि तुम ये पुष्प मुझे दे दो बदले में, मैं तुम्हें 100 स्वर्ण मुद्राएं दूंगा। मोची सोच में पड़ गया। उसने सोचा कि जब व्यापारी इस पुष्प के लिए 100 स्वर्ण मुद्राएं दे रहा है, तो राजा तो और ज्यादा देगा। यही सोचते हुए उसने व्यापारी को पुष्प देने से मना कर दिया। वह थोड़ा आगे चला ही था कि उसे रास्ते में राजा आते हुए नजर आए, जो गौतम बुद्ध के दर्शन के लिए जा रहे थे। राजा भी मोची के हाथ में वो दिव्य पुष्प देखकर अचंभित हो गए। राजा ने मोची को पुष्प के बदले 1000 स्वर्ण मुद्राएं देने के लिए कहा। यह सुनते ही मोची के मन में एक अजीब सी चेतना आई। और वह राजा को पुष्प न देकर दौड़ता हुआ सीधे महात्मा बुद्ध के पास जा पहुंचा। महात्मा बुद्ध जी मोची को देख कर हैरत में पड़ गए। उन्होंने मोची से पूछा तो मोची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद मोची ने वह पुष्प महात्मा गौतम बुद्ध के चरणों में अर्पित किया और उनसे कहा कि पहले तो मेरे मन में पुष्प को देखकर लालच आ गया था। लेकिन अब मैं समझ गया हूं कि जिसकी छाया पड़ने से ही एक पुष्प इतना दिव्य हो गया हो अगर उसकी शरण में, मैं चला जाऊं तो मेरा जीवन भी कितना धन्य हो जाएगा।

## सुडोकु 2003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 8 | 5 | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 2 | 8 |
| | | | | 4 | 7 | 9 | | 3 |
| 8 | | | | 5 | | | | |
| | | 5 | 7 | | | | 6 | 2 |
| 3 | | | 4 | | | 1 | | |
| 1 | | | 3 | | 9 | | | |
| | | | | 7 | | 8 | | 9 |
| | 7 | | | | | | | 1 |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 | 2 |

# जीकेप का भवन भूमि पूजन एवं भामाशाह सम्मान समारोह सम्पन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद (जीकेप) के भवन का भूमि पूजन एवं भामाशाह सम्मान समारोह मेट्रो एन्क्लेव मानसरोवर बी-2 बाईपास जयपुर में सम्पन्न हुआ।

प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि गोरधन झड़पिया पूर्व गृह राज्य मंत्री गुजरात, अनंतराम तंवर, सतीश पटेल रहे।

इस मौके पर कार्यक्रम में समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। साथ ही जीकेप भवन के कार्य में पारदर्शिता पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर ने 21 लाख रुपए का योगदान दिया। वहीं गोरधन भाई झड़पिया ने सरदार धाम गुजरात से हरसंभव सहयोग की बात की। अनंतराम तंवर ने भवन निर्माण के लिए 1 लाख रुपए का सहयोग किया और समाजसेवी सीताराम पोसवाल ने 31 लाख के सहयोग की घोषणा की। पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह महवा ने 10 गांवों से जीकेप भवन में 10 कमरे निर्माण की प्रतिबद्धता जाहिर की व उनकी मां की ओर से एक कमरा निर्माण की राशि भेंट की। वहीं पाली निवासी महाराष्ट्र से अए उद्योगपति नानाजी भाई की ओर से भी 4 लाख 61 की राशि प्रदान की। वहीं कोषाध्यक्ष जगदीश चेची ने बताया कि इस प्रकार इस समारोह में जीकेप सांस्थानिक भवन के लिए 2 करोड़ 30 लाख रुपए की सहयोग राशि जुटाई गई। मंच संचालन डॉ. रूपसिंह, महासचिव हंसराज गुर्जर व अतरसिंह छावड़ी ने किया।



### ये लोग रहे उपस्थित

पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, पूर्वमंत्री, हेमसिंह भड़ाना, आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला, विधायक सुरेश गुर्जर, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर, नगर निगम जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर, सभापति धनराज गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संवेदनशील निर्णय

# राज्य सरकार ने 5897 गांवों को घोषित किया अभावग्रस्त

## इन गांवों के पीड़ित किसानों को मिलेगा भारी आर्थिक संबल

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशील निर्णय करते हुए बाढ़ एवं ओलावृष्टि से प्रभावित 21 जिलों के किसानों को एसडीआरएफ से कृषि आदान अनुदान वितरण करने की मंजूरी दी है। इसके लिए 20 जिलों के 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराबे वाले 5897 गांव अभावग्रस्त घोषित किए गए हैं। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय से प्रभावित किसानों को बड़ा आर्थिक संबल मिलेगा। इस निर्णय के बाद अब आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग द्वारा इस बारे में अधिसूचना जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मानसून वर्ष 2024 (संवत् 2081) में बाढ़ और ओलावृष्टि से खरीफ फसलों के खराबे के आकलन के लिए गिरदावरी के निर्देश दिए थे और जिला कलक्टरों से प्राप्त नियमित गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के अनुसार प्रदेश के बूंदी जिले के 486, नागौर के 67, धौलपुर के 58, झालावाड़ के 61, सवाई माधोपुर के 2, बारां के 1, अजमेर के 592, भरतपुर के 418, कोटा के 345, टोंक के 865, बीकानेर के 45, बांसवाड़ा के 817, बालोतरा के 10, फलौदी के 207, पाली के 155, हनुमानगढ़ के 49, डीग के 258, जोधपुर के 262, ब्यावर के 626, भीलवाड़ा के 564 एवं हनुमानगढ़ जिले के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है। इन गांवों में खराबे से प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार कृषि आदान अनुदान वितरण किया जाएगा। साथ ही श्रीगंगानगर के 2 गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबे वाले व्यक्तिगत कृषकों को कृषि आदान अनुदान भुगतान वितरण की अनुमति प्रदान की गई है।

### कृषि उपज मंडियों में 7 करोड़ रुपए से अधिक के होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राज्य की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए 7 करोड़ 23 लाख से अधिक की लागत के नवीन निर्माण कार्यों एवं विद्युतीकरण संबंधी कार्यों को मंजूरी दी है। इनमें कृषि उपज मंडी समिति पीलीबंगा (हनुमानगढ़) के उपमंडी यार्ड जाखड़ावाली में नवीन निर्माण कार्यों के लिए 3 करोड़ 53 लाख रुपए, कृषि उपज मंडी जोधपुर (फ.स.) में नवीन सब्जी मंडी प्रांगण भदवासिया में पुरानी सीवर लाइन परिवर्तन एवं कार्यालय भवन के विस्तार के लिए 2 करोड़ 16 लाख रुपए एवं विद्युत संबंधी कार्यों के लिए 11 लाख 85 हजार रुपए की मंजूरी दी है। इसी तरह कृषि उपज मंडी बीकानेर में मंडी प्रांगण में सर्विस कनेक्शन एवं स्ट्रीट लाइट कार्य के लिए 38 लाख 77 हजार रुपए एवं मिनी फूड पार्क के लिए आवंटित भूमि के चारों और वायर फेंसिंग के कार्य के लिए 52 लाख 80 हजार रुपए तथा कृषि उपज मंडी कोटा (अनाज) में नवीन कार्यों के लिए 50.09 लाख रुपए की मंजूरी जारी की गई है। साथ ही कृषि विपणन विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके बाद कृषि विपणन विभाग द्वारा निर्मित संपर्क सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य अब कृषि विपणन बोर्ड द्वारा करवाया जाएगा। इसके लिए मंडी समितियों की सकल बचत की 5 प्रतिशत राशि का उपयोग किया जा सकेगा।

---

आरपीए में दो दिवसीय रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम

# सुरक्षा पर चर्चा कर कई सवालों के समाधान पर रखे विचार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रोड सेफ्टी विषय पर राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। अंतिम दिन 6 सेशन आयोजित हुए, जिनमें रोड सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा कर विभिन्न सवालों के समाधान पर विचार रखे गए।

एडीजी एवं निदेशक आरपीए एस सेंगाथिर ने बताया कि गुरुवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में रोड सेफ्टी विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत एडीजी एटीएस एवं एसओजी वी.के. सिंह के उद्बोधन से हुई। जिसमें उन्होंने ट्रैफिक कर्मियों एवं विद्यार्थियों से संवाद कर ट्रैफिक सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न विचारों को सामने रखा एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। द्वितीय सत्र में मुस्कान फाऊंडेशन जयपुर के डॉ. मृदुल भसीनने ट्रैफिक एवं रोड सुरक्षा शिक्षा-एक समग्र दृष्टिकोण विषय के ऊपर चर्चा की।

तृतीय सत्र में आईआरएससी नई दिल्ली के सह संस्थापक दीपांशु गुप्ता ने सड़क सुरक्षा के संदर्भ में देश के यूथ को जोड़ने का आह्वान किया। चतुर्थ सत्र में सड़क सुरक्षा के राज्य नोडल अधिकारी एलएन पांडे ने बेसिक लाइफ सपोर्ट तकनीक एवं सीपीआर का मंच से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। पंचम सत्र के वक्ता वरिष्ठ निदेशक एनआईसी श्रीपाल यादव ने इंटेलिजेंट यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमसी) एवं एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस (आईआरएडी) तकनीकों के बारे में जानकारी दी। छठे सत्र के वक्ता आरएएस अधिकारी महावीर सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की दर को कम करने एवं सड़क सुरक्षा में सुधार करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए एवं सर्वोत्तम अभ्यास को अपनी कार्य प्रणाली व दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दिलवाया। समापन सत्र में निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी दीपक भार्गव ने सभी का आभार जताया।

---

# रीट परीक्षा तीन पारियों में 27-28 फरवरी को होगी!

## प्राइवेट स्कूलों के सेंटरों का मांगा विवरण

**जयपुर (मसं)।** रीट-2024 के आयोजन के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन की स्वीकृति मिलते ही यह परीक्षा कार्यक्रम सार्वजनिक कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों की संख्या 14 लाख से अधिक है। इसी कारण सरकार ने यह फैसला किया है। 27-28 फरवरी को संभावित परीक्षाओं का समय भी निर्धारित कर नोडल एजेंसी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर को भेज दिया गया है। सरकारी स्कूलों में पर्याप्त सेंटर उपलब्धता ना होने के कारण अंततः प्राइवेट स्कूलों को भी सेंटर बनाया जाने की संभावना है। रीट को लेकर सरकार इतनी गंभीर है कि केंद्रों पर सीसीटीवी लगाने, परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक एवं फेस रिकॉग्नाइजेशन कराने का निर्णय पहले ही किया जा चुका है उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2022 में भी ऐसा किया जा चुका है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भक्तों को प्रसादी बांटी

**जयपुर (मसं)।** सांगानेर स्थित पीपलेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में श्री रामलला सरकार की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हजारों भक्तों को दोना प्रसादी बांटी गई। सर्व समाज सेवी पीयूष बच्चानी ने बताया कि इस अवसर पर श्री राम परिवार, बाबा भोलेनाथ व हनुमान जी की मनमोहक झांकी सजाई गई। पंडित राहुल महाराज ने ज्योत दीप प्रज्वलित कर सायं 5 बजे ठाकुर जी हलवे और पकौड़ी का भोग लगाकर दोना प्रसादी वितरण की। शाम को महाआरती कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह समिति की बैठक आज

**जयपुर (मसं)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इसके लिए भाजपा की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह समिति का गठन किया गया है। समिति में प्रदेश संयोजक राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी एवं समिति में 10 सदस्यों को भी शामिल किया गया है। समिति के प्रदेश संयोजक घनश्याम तिवाड़ी ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार अपराह्न 3 बजे समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अटल जी के जन्म शताब्दी समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्य पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक गोपाल शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, अखिल शुक्ला, हेमाराम मीणा, धर्मनारायण जोशी, नारायण पुरोहित और जयंती लाल जैन उपस्थित रहेंगे।

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर विचार संगोष्ठी कल

**जयपुर (मसं)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित संविधान गौरव अभियान के तहत शनिवार को 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर आयोजित विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में दोपहर 2:30 बजे आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है।

---

# 'मनोहरपुरा मोक्षधाम विकास समिति' का गठन

## अरविन्द सिंह भाटी बने निर्विरोध अध्यक्ष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जगतपुरा के मनोहरपुरा मोक्षधाम को एक आदर्श मोक्षधाम बनाने के लिए कॉलोनीवासियों की एक आम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें 'मनोहरपुरा मोक्षधाम विकास समिति' का गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।




सर्वसम्मति से गिरधारी सिंह भाटी को संरक्षक, अरविन्द सिंह भाटी को अध्यक्ष, किशन लाल मौर्य को उपाध्यक्ष, लाला राम शर्मा को सचिव, गिरधर गोपाल शर्मा को सह सचिव, मुकेश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, शंकर लाल मौर्य को सह कोषाध्यक्ष, भगवान सहाय शर्मा को संगठन मंत्री, देव शर्मा को पी.आर.ओ. और नेतराम शर्मा, श्रवण लाल शर्मा, लंकेश, अशोक कुमार जोशी, माधव स्वामी, राजेन्द्र कुमार शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्विरोध चुना गया। मनोहरपुरा आदर्श मोक्षधाम का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किया जाएगा।

संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब-लावारिस आदि के शवों का निःशुल्क दाह संस्कार और अस्थि विसर्जन की व्यवस्था करवाना है। मोक्षधाम में टीन शेड सहित शवदाह स्थलों का निर्माण करवाना, बैठने के लिए कुर्सियां की व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. कैमरें लगवाना, शौचालय एवं स्नानघर का निर्माण करवाना, विद्युत लाइट और सोलर सिस्टम लगवाना, पानी के लिए बोरिंग और बोरवेल करवाना, पीने के शुद्ध पानी के लिए आर.ओ. वाटर कूलर लगवाना, सत्संग हॉल का निर्माण करवाना, अस्थियों को रखने के लिए लॉकर बनवाना, चौकीदार कक्ष और कार्यालय का निर्माण करवाना, मंदिर का निर्माण करवाना, चारदीवारी और मुख्य द्वार का निर्माण करवाना, हरियाली के लिए पेड़-पौधों, घास और सीमेन्ट टाईल्स लगवाना आदि विकास कार्य और सुविधाएं विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

# राजस्थान दाल मिलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री से अपील

## कृषि मंडी टैक्स हटाने की रखी मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश दाल महा संघ समिति के संयुक्त मंत्री पवन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से राज्य की दाल मिलों को बढ़ावा देने और उन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेष अपील की है। अग्रवाल ने कहा कि दाल मिलों को बढ़ावा देने से न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे बल्कि राज्य में उद्योगों को स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से बजट में इस बात पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है कि अगस्त 2024 से आयातित कृषि जिंसों पर लगाए गए 1.6 फीसदी कृषि मंडी टैक्स और .5 फीसदी कृषक कल्याण सेस को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस कदम से राज्य की दाल मिलों को प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी और वे पड़ोसी राज्यों की दाल मिलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकेंगी। अग्रवाल ने कहा कि सरकार की ओर से राज्य की इकाइयों को हर संभव छूट देने से व्यापार जगत को एक सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री उनकी इस अपील पर सकारात्मक कार्रवाई करेंगे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व बाला साहेब ठाकरे की मनाई जयन्ती

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति के तत्वावधान में सुभाष चन्द्र बोस एवं बाला साहेब ठाकरे की जयन्ती मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष युगल किशोर नेहवारिया ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं बाला साहेब ठाकरे के चलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जयपुर के सभी कायस्थ सगठन ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने सुभाष चन्द्र बोस एवं बाला साहेब ठाकरे की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जुगल किशोर डिग्गी वाले, मिथलेश सक्सेना, चित्रगुप्त टस्ट के विजय नारायण माथुर, राजेश हैल्कया, श्री चित्रगुप्त क्लब के शरद माथुर, नायकी माता यात्रा व विकास समिति के राधा मोहन राजोरिया, कायस्थ सभा प्रताप नगर सोसायटी से जुगल किशोर माथुर आदि मौजूद रहे।



# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन

**जयपुर (मसं)।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भारत विकास परिषद शाखा विजयनगर की ओर से एक कंप्यूटर कक्ष की स्थापना की गई है। कंप्यूटर केंद्र का संचालन और रखरखाव भारत विकास परिषद की ओर से ही किया जाएगा। प्रारंभ में 6 कंप्यूटर से यह केंद्र प्रारंभ किया गया है। मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के राजस्थान उत्तर पश्चिम रीजन के रीजन अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन शर्मा, उत्तरी पूर्वी प्रांत के प्रांतीय महासचिव रणवीर सिंह त्यागी ने केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के सामने दीप प्रज्जवलन और वंदे मातरम से हुआ। शाखा अध्यक्ष महेश मित्तल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ओम कंवर राठौड़ ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव सुभाष गुप्ता ने किया।



# संविधान गौरव यात्रा को लेकर कार्यकर्ता हुए एकजुट



**जयपुर (मसं)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के योगदान को लेकर भाजपा झोटवाड़ा पूर्व मंडल की ओर से गुरुवार को सबरामपुरा पंचायत के चंपापुरा गांव में बैठक का आयोजन हुआ। इसमें झोटवाड़ा पूर्व मंडल के अध्यक्ष रामफूल यादव, जिला महामंत्री हरिमोहन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक महेंद्र देवंदा, सहसंयोजक दयानंद वर्मा, पूर्व सरपंच राजू लाल बागरिया, पंचायत समिति सदस्य रामकुमार मीणा, डॉ. ग्यारसी लाल सरावता, कैलाश सौगण पंचायत समिति सदस्य, सतनारायण वर्मा एससी मोर्चा अध्यक्ष, रामप्रताप मीणा, कैलाश चंद रैगर, लक्ष्मी नारायण चौधरी, बंशीधर गौलाड़ा आदि मौजूद रहे।

---

# लघु उद्योग भारती-डीएफसी अब राजस्थान के आर्थिक विकास को देंगे गति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर ऑफ इंडिया लिमिटेड की जयपुर यूनिट ने मुख्य महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में जयपुर में महत्वपूर्ण बिजनेस डवलपमेंट बैठक का आयोजन किया। बैठक में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, राजस्थान फाउंड्री एसोसिएशन के चेयरमैन महेंद्र मिश्रा, फेडरेशन माइक्रो एंड स्माल इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष योगेश गौतम, जयपुर मार्बल ग्रेनाईट एसोसिएशन के सचिव नटवर लाल अजमेरा और जयपुर प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सलाहकार अरुण जाजोदिया ने भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह चौधरी तथा



उप मुख्य परियोजना प्रबंधक वित्त जितेन्द्र अग्रवाल, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक इंजी. संजय गुप्ता, परियोजना प्रबंधक इंजी. विष्णु गुप्ता, उप परियोजना प्रबंधक इंजी. हरीश जैन, जूनियर मैनेजर परिचालन एवं व्यवसाय विकास सुनील कुमार शर्मा ने व्यवसाय विकास को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

उन्होंने गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल नीति के बारे में जानकारी दी तथा उद्योगों को डीएफसीसीआईएल के साथ जुड़कर व्यवसाय शुरू करने का अनुरोध किया। इस दौरान अधिकारियों ने विकसित भारत के प्रधानमंत्री के विजन पर जोर देते हुए डीएफसी की व्यवसाय अनुकूल नीतियों और गति शक्ति टर्मिनलों से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला और उद्योग प्रतिनिधियों के सवालों का समाधान किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# लॉस एंजिल्स के नए इलाके में भड़की जंगल की आग



## लोगों को घर छोड़ने के आदेश

**लॉस एंजिल्स**

भीषण आग की चपेट में आए अमेरिका के लॉस एंजिल्स के उत्तर में एक नई जंगल की आग भड़क उठी है, जिसके चलते हजारों लोगों को अपने घरों को खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह इलाका पहले से ही दो घातक आग लगने के बाद संकट में है। कास्टिक झील के पास की पहाड़ियों में भयंकर लपटें फैल रही थीं, जिसने कुछ ही घंटे में 8 हजार एकड़ से ज्यादा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते आप की लपटें खतरनाक रूप ले रही थीं, जिससे इसके और फैलने की आशंका जताई जा रही है।

आग भड़कने की आशंका को देखते हुए झील के आस-पास के 31 हजार लोगों को निकालने का आदेश दिया गया। लॉस एंजिल्स से 56 किलोमीटर उत्तर में स्थित यह इलाका सैंटा क्लैरिया शहर के नजदीक है। नई आग लगने के बाद क्षेत्र के निवासियों को आपातकाली अलर्ट भेजकर घर खाली करने की जानकारी दी गई। एक व्यक्ति ने कार में सामान पैक करते हुए स्थाई ब्रॉडकास्टर से कहा कि मैं बस प्रार्थना कर रहा हूं कि हमारा घर न जले।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान ने ली 10 लोगों की जान

**वॉशिंगटन**

अमेरिका के कई दक्षिणी राज्य भीषण बर्फबारी से जूझ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस तूफान की वजह से अब तक करीब 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2100 से ज्यादा उड़ानों को रद्द कर दिया गया। मिसिसिपी, अलबामा, फ्लोरिडा, जॉर्जिया और लुइसियाना समेत कई राज्यों ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है।

कई इलाकों में रिकॉर्ड बर्फबारी की वजह से स्कूल और सरकारी ऑफिस बंद कर दिए गए हैं। इससे पहले अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस (एनएसडब्ल्यू) ने चेतावनी दी थी कि बर्फीले तूफान की वजह से अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी राज्यों में भारी हिमपात, ओले और बर्फीली बारिश हो सकती है।

# 'नया कुछ नहीं, पहले भी बैन लगा चुके, शांति के लिए यूक्रेन को राजी करें'


## ट्रम्प की जंग रोकने की धमकी पर बोला रूस

**मॉस्को**

रूस ने डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ लगाने की धमकी पर प्रतिक्रिया दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन (राष्ट्रपति ऑफिस) ने कहा कि ट्रम्प की रूस पर प्रतिबंध लगाने और टैरिफ थोपने की धमकी में कुछ भी नया नहीं है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि ट्रम्प को ये तरीके पसंद हैं। कम से कम पहले राष्ट्रपति काल के दौरान उन्होंने यह जरूर पसंद था। उन्होंने पहले टर्म में भी रूस पर कई प्रतिबंध लगाए थे।

पेस्कोव ने कहा कि पुतिन ने पहले भी जंग रोकने की बात कही है, लेकिन अगर जंग रोकनी है तो इसके लिए यूक्रेन को तैयार करना पड़ेगा। हम इस पहल का इंतजार कर रहे हैं।

राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने कहा कि रूस बराबरी की बातचीत के लिए तैयार है। इससे पहले यूनाइटेड नेशन में रूस के डिप्टी एंबेस्डर दिमित्री पोलांस्की ने कहा था कि रूस कोई भी अगला कदम उठाने से पहले यह जानना चाहेगा कि जंग खत्म करने के लिए ट्रम्प क्या चाहते हैं। रूस की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने रूस को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को ने यूक्रे में जंग को खत्म करने के लिए समझौता नहीं किया तो उस पर और ज्यादा प्रतिबंध लगाए जाएंगे। ट्रम्प



ने कहा कि वे रूस और पुतिन को इस जंग को खत्म करने के लिए राजी करके उन पर बहुत बड़ा उपकार करेंगे।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा था कि मैं रूस को नुकसान पहुंचाने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैंने राष्ट्रपति पुतिन से हमेशा अच्छे रिश्ते बनाए रखे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस ने दूसरा विश्व युद्ध जीतने में हमारी मदद की थी। इसके बाद मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन में जंग कभी शुरू ही नहीं होनी चाहिए थी, यहां भयंकर स्थिति है, लाखों लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका में एक सक्षम राष्टपति होता तो यह जंग कभी नहीं होती। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो ऐसा नहीं होता। ट्रम्प बोले कि जंग खत्म न कर रूस को तबाह कर रहे पुतिन ट्रम्प ने शपथ के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए समझौता न करके रूस को तबाह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि रूस बड़ी मुसीबत में पड़ने वाला है। उन्हें समझौता करना चाहिए। जेलेंस्की ने मुझसे कहा है कि वे एक सौदा करना चाहते हैं।

### 'रूस के 10 लाख सैनिक मरे, देश चलाने का यह तरीका नहीं'


ट्रम्प ने कहा कि रूस एक तरह से बड़ी मुसीबत में है। आप उनकी इकोनॉमी पर नजर डालें, उनकी महंगाई दर को देखिए। मुझे उम्मीद है कि वह यूक्रेन जंग को खत्म करने को लेकर डील करना चाहेंगे। ट्रम्प के चुनावी वादे को लेकर जब सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरे पास अभी भी आधा दिन बाकी है। फिर उन्होंने कहा कि वे इसे जल्दी ही समाप्त करना चाहते हैं। ट्रम्प ने कहा कि पुतिन ने सोचा था कि वे एक हफ्ते में यूक्रेन को जीत लेंगे, लेकिन अब ये तीसरे साल में एंटर करने को लेकर है। यह बिल्कुल अच्छा नहीं है। पुतिन इससे खुश नहीं होंगे।

## अब भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी दिया अवैध प्रवासियों पर अहम बयान

# अमेरिका से वापस भेजे जाएंगे बिना वैध दस्तावेज वाले 20 हजार भारतीय

**वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड अवैध आव्रजन (इलीगल इमिग्रेशन) पर सख्ती से कार्रवाई कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन मैक्सिको के साथ दक्षिणी सीमा पर अपराधियों को चिह्नित कर रही है, जो बिना किसी कागजात के देश में दाखिल हुए हैं। अमेरिका में करीब 20,000 से अधिक भारतीय हैं, जो बिना किसी कागजात के अमेरिका में मौजूद हैं। आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका इन लोगों को भारत भेजने की प्लानिंग कर रहा है। भारत सरकार भी इस मामले पर ट्रंप प्रशासन के साथ सहयोग करना चाहती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की उनके देश में वैध



वापसी के लिए तैयार है। हालांकि, बिना कागजात के अमेरिका में कितने लोग मौजूद हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

एस जयशंकर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि भारतीयों की प्रतिभा दुनिया दुनिया देखे। हम चाहते हैं कि प्रतिभाशाली भारतीय वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाएं, लेकिन अवैध प्रवासन का हम विरोध करते हैं। जयशंकर ने कहा कि अगर हमारा कोई नागरिक अवैध रूप से वहां है और अगर हमें यकीन है कि वे हमारे नागरिक हैं तो हम हमेशा उनकी वैध भारत वापसी के लिए तैयार हैं। अमेरिका में लगभग 1 लाख 80 हजार भारतीय मौजूद हैं, जिनके पास कोई कागजात नहीं है या अपने वीजा अवधि से अधिक समय तक रुके हुए हैं।

## आव्रजन नीति और पाकिस्तान मुद्दे पर भी बोले जयशंकर

विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के समूह की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कि मैंने जो देखा वह वास्तव में एक बहुत ही आत्मविश्वासी और उत्साहित आने वाला प्रशासन था। मेरा मतलब है कि यह भावना कि देखिए, हमें काम पूरा करना है। भारतीय विदेश मंत्री 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार के प्रतिनिधि थे। बता दें कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ समारोह में शामिल होने के बाद नए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद एनएसए माइक वाल्ट्ज के साथ बैठकें कीं और एक बहुपक्षीय क्वाड बैठक में भाग लिया, इसके अलावा नए ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की।

**अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच बहुत अच्छा रिश्ता:** जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। साथ मिलकर काम करने का इतिहास रहा है। पिछले 48 घंटों में मैंने जो उत्साह और आत्मविश्वास देखा है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि यह एक असाधारण रूप से सक्रिय प्रशासन है। और सिर्फ पिछले 48 घंटे ही नहीं, बल्कि वे पदभार संभालने से पहले भी बहुत सक्रिय थे। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहली बार किसी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अवैध भारतीयों की वैध वापसी के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली अभी भी अमेरिका से उन लोगों की पुष्टि करने की प्रक्रिया में है जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी निर्धारित नहीं की जा सकती है। एक सरकार के रूप में, हम स्पष्ट रूप से कानूनी गतिशीलता के बहुत समर्थक हैं क्योंकि हम वैश्विक कार्यस्थल में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय कौशल को वैश्विक स्तर पर अधिकतम अवसर मिले। साथ ही, हम इस बात पर भी दृढ़ता से कायम हैं कि हम कानूनी गतिशीलता के पक्ष में हैं।

**हम अवैध आवागमन और प्रवास का विरोध करते हैं:** जयशंकर ने कहा कि हम अवैध आवागमन और अवैध प्रवास का विरोध करते हैं, क्योंकि आप भी जानते हैं कि जब कोई अवैध काम होता है तो उसके साथ कई अन्य अवैध गतिविधियां भी जुड़ जाती हैं, जो वांछनीय नहीं है। यह निश्चित रूप से प्रतिष्ठा के लिहाज से अच्छा नहीं है।

# ढाका के दौरे पर पहुंचे पाकिस्तान के आईएसआई चीफ असीम मलिक

## बांग्लादेश के साथ मिलकर बना रहा खुफिया प्लान

**ढाका**

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों के बीच पाकिस्तानी सेना की खुफिया विंग आईएसआई के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक बांग्लादेश के दौरे पर पहुंचे। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के चीफ की यह दशकों पर पहली ढाका यात्रा थी, जिसने भारत की पूर्वी और पूर्वोत्तर सीमाओं पर नई सुरक्षा चुनौतियों को लेकर चिंताओं को जन्म दिया है। आईएसआई चीफ का दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब बीते सप्ताह ही बांग्लादेश का एक उच्च स्तरीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की यात्रा करके लौटा है।

आईएसआई चीफ दुबई के रास्ते ढाका पहुंचे तो उनका स्वागत बांग्लादेश सेना के क्वार्टर मास्टर जनरल (क्यूएमजी) लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद फैजुर रहमान ने किया। इकनॉमिक टाइम्स को मिली विश्वसनीय जानकारी के अनुसार, रहमान के इस्लामवादियों और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

### दोनों देशों की खुफिया जानकारी करेंगे साझा

मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि आईएसआई चीफ की ढाका यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों की खुफिया एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का नेटवर्क बनाना है, ताकि



सीमा पर हिंसक गतिविधियों के माध्यम से भारत में अशांति पैदा की जा सके। इसके पहले बांग्लादेश के एक टॉप जनरल ने इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर से मुलाकात की थी।

### बांग्लादेश और पाक के बीच सैन्य संबंध

बांग्लादेश के सशस्त्र बल के प्रिंसिपल स्टाफ अफसर लेफ्टिनेंट जनरल कमरुल हसन कई वर्षों में इस्लामाबाद की यात्रा करने वाले पहले शीर्ष बांग्लादेशी जनरल थे। हसन बांग्लादेश की सेना में दूसरे नंबर के अधिकारी भी हैं। उनकी यात्रा दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में आगे बढ़ने का साफ संकेत देती है।

बीते साल अगस्त में पूर्व पीएम शेख हसीना की सरकार के पतन के दशकों बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच इस तरह की बैठकें शुरू हुई हैं। हसन ने पाकिस्तान यात्रा के दौरान जनरल मुनीर और ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

## स्पोर्ट्स

# फिडे की ताजा रैंकिंग में गुकेश चौथे स्थान पर



**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है। अब वे गुरुवार को विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था (फिडे) की ताजा रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए। गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा

### एरिगैसी को पछाड़ा

स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत भी दर्ज की। हाल में भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं, जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद अमेरिका के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802) और फैबियानो कारुआना (2798) का नंबर आता है।

# लक्ष्य सेन इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी है, वे गुरुवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य को निशिमोटो से 16-21, 21-12, 21-23 से पराजय मिली। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा था। इस



भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18, 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरुआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# रणजी ट्रॉफी में वापसी पर भी फेल साबित हुए रोहित शर्मा, गिल-पंत भी रहे फ्लॉप

## यशस्वी जायसवाल-श्रेयस अय्यर का बल्ला भी रहा खामोश

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा फिलहाल फॉर्म की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलने का फैसला लिया था। हालांकि, करीब 10 साल बाद रणजी में वापसी पर भी वह फेल रहे। करीब एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेलने उतरे रोहित जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के मैच में पहली पारी में सिर्फ तीन रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमर नजीर ने डोगरा के हाथों कैच कराया। मैच में रोहित 19 गेंद ही खेल सके।

सिर्फ रोहित ही नहीं, बल्कि यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे का बल्ला भी खामोश रहा। दूसरी तरफ पंजाब और कर्नाटक के मुकाबले में शुभमन गिल और दिल्ली-सौराष्ट्र के मुकाबले में ऋषभ पंत भी फ्लॉप साबित हुए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फिट होने की स्थिति में सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद ही इन खिलाड़ियों ने अपनी अपनी टीमों के लिए खुद को उपलब्ध रखा। न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में तीन मैचों की




टेस्ट सीरीज में रोहित का बल्ला खामोश रहा था और वह छह पारियों में महज 93 रन बना सके थे।


इसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह पांच पारियों में महज 31 रन बना सके थे। ऐसे में रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में वापसी के लिए रणजी में खेलने का फैसला लिया। नवंबर 2015 के बाद वह पहली बार कोई रणजी मैच खेलने उतरे, लेकिन यहां पर भी फ्लॉप रहे। अब उनसे दूसरी पारी में रन की उम्मीद होगी। रोहित के अलावा टेस्ट में साथी ओपनर यशस्वी जायसवाल भी फ्लॉप साबित हुए। यशस्वी आठ गेंद में एक चौके की मदद से चार रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकिब नबी ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वहीं, रहाणे 17 गेंद में दो चौके की मदद से 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें उमर नजीर ने क्लीन बोल्ड किया। श्रेयस अय्यर सात गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 11 रन बनाकर आउट हुए।

अय्यर को युद्धवीर सिंह ने उमर के हाथों कैच कराया। वहीं, शिवम दुबे खाता नहीं खोल सके। रोहित, यशस्वी और श्रेयस के फ्लॉप होने ने टीम इंडिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ये तीनों चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलनी है। रोहित उस सीरीज में भी कमान संभालेंगे।

### भारत के अभियान के लिए रोहित का बल्ला चलना जरूरी

भारत के अभियान के लिए रोहित का बल्ला चलना बेहद जरूरी है। अगर वह रन बनाते हैं तो भारत को अच्छी शुरुआत मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित के साथ शुभमन गिल ओपनिंग करते दिख सकते हैं। रणजी ट्रॉफी में रोहित और यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत और शुभमन गिल भी खेलते दिखेंगे। पंत दिल्ली की टीम का और गिल पंजाब की टीम का हिस्सा हैं। कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के मैच में कप्तान शुभमन गिल महज चार रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आठ गेंद का सामना किया और एक चौका लगाया। वहीं, दिल्ली और सौराष्ट्र के मैच में पंत महज एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। पंत भी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। पंत 10 गेंद पर एक रन बना सके। उन्हें धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने प्रेरक मांकड़ के हाथों कैच कराया। हालांकि, इस मैच में सौराष्ट्र के रवींद्र जडेजा जरूर चमके और अब तक दिल्ली के दो विकेट ले चुके हैं। रवींद्र जडेजा ने सनत सांगवान और यश ढुल को आउट किया।

# सबालेंका लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन एरिना सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गई हैं। सबालेंका ने लगातार तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई। 25 जनवरी को खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमेरिका की मैडिसन कीज से होगा। मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में बेलारूस की सबालेंका ने स्पेन की पाउला बडोसा को हराया। उन्होंने 6-4, 6-2 के अंतर से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह उनकी लगातार 20वीं जीत रही, वे 2023 व 2024 में भी टाइटल जीत चुकी हैं। मैडिसन ने किया बेहतरीन कमबैक मैडिसन ने दूसरी सीड पौलेंड की इगा स्वातेक को 3 सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराया। मैडिसन ने पहला सेट 5-7 के अंतर से गंवा दिया। उन्होंने फिर वापसी की और दूसरा सेट 6-1 के अंतर से जीत लिया। तीसरे सेट में स्वातेक 5-6 से आगे चल रही थीं।

# महाराष्ट्र के बावने पर लगा बैन, आउट घोषित होने के बाद मैदान छोड़ने से किया इनकार

**महानगर संवाददाता**

**नासिक।** महाराष्ट्र के पांचवें दौर के खेल के दौरान सर्विसेज के खिलाफ स्टैंड-इन कप्तान के रूप में काम कर रहे बावने ने आउट घोषित होने के बाद मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया, जबकि स्पष्ट सबूतों से पता चला कि शुभम रोहिल्ला द्वारा स्पिनर अमित शुक्ला की गेंद पर कैच पूरा करने से पहले गेंद उछल गई थी। मैच का सीधा प्रसारण होने के कारण डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) उपलब्ध नहीं होने के कारण बावने अंपायर के फैसले को चुनौती नहीं दे पाए। अंकित बावने के विरोध के कारण खेल में लगभग 15 मिनट की देरी हुई जिसके बाद मैच रेफरी अमित शर्मा और महाराष्ट्र के कोच सुलक्षण कुलकर्णी के हस्तक्षेप के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। इस मामले ने तब और तूल पकड़ा जब महाराष्ट्र के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद आउट होने के रिप्ले साझा किए।

# रणजी मैच में राजस्थान के गेंदबाजों ने विधर्भ को पहली पारी में सस्ते में समेटा

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर के केएल सैनी स्टेडयम में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रीय सीनियर रणजी ट्रॉफी में पहले दिन राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद की घातक गेंदबाजी और मानव सुथार व अजय कुकना के शानदार सहयोग से राजस्थान ने विधर्भ को पहली पारी में सस्ते में सिमेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विधर्भ टीम राजस्थान की शानदार गेंदबाजी की सामने मात्र 165 रनों के स्कोर पर आल आउट हो गई। टीम के लिए करुण नायर ने 39, ए. वाडकर ने 34 व हुते ने 34 रनों का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद ने घातक गेंदबाजी करते हुए विधर्भ की आधी टीम को



पवेलियन लौटा दिया। खलील ने 37/5, मानव सुथार ने 40/3 व अजय कुकना ने 24/2 विकेट प्राप्त किए। वहीं पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए थे। कप्तान महिपाल लोमरोर नाबाद 44 रन बनाकर खेल रहे हैं। टीम के लिए शुभम गड़वाल ने 22 व कार्तिक शर्मा नें 16 रनों का योगदान दिया।

# निर्यात के मामले में स्मार्टफोन दूसरे स्थान पर, जल्द ही डीजल ईंधन को पछाड़ सकता है!

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत से स्मार्टफोन का निर्यात लगातार बढ़ रहा है और अब यह एचएस कोड आधारित उत्पादों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अगर यह रफ्तार बनी रही तो स्मार्टफोन जल्द ही डीजल ईंधन के निर्यात को भी पछाड़ सकता है। एचएस कोड एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार वर्गीकरण प्रणाली है जो उत्पादों के निर्यात और आयात को आसानी से पहचानने में मदद करता है।



वाणिज्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 के अप्रेल से नवंबर तक भारत ने 13.1 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात किए हैं। इस दौरान स्मार्टफोन का निर्यात पिछले साल के मुकाबले 46 फीसदी बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 के पहले आठ महीनों में 8.9 अरब डॉलर का स्मार्टफोन निर्यात हुआ था। स्मार्टफोन निर्यात में वृद्धि का प्रमुख कारण सरकार की पीएलआई योजना (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) है जिसके तहत प्रमुख कंपनियां जैसे एपल और सैमसंग भारत में स्मार्टफोन का उत्पादन और निर्यात बढ़ा रही हैं। एपल के मामले में भारत में आईफोन उत्पादन करने वाली कंपनियां जैसे फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन ने भारत में बड़ी मात्रा में आईफोन का उत्पादन शुरू किया है।

वित्त वर्ष 2023 में स्मार्टफोन निर्यात 11 अरब डॉलर तक पहुंच गया था और यह निर्यात के मामले में 5वें स्थान पर था। लेकिन अब यह श्रेणी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अगर यह गति बनी रही तो स्मार्टफोन निर्यात आने वाले वर्षों में डीजल ईंधन के निर्यात को भी पछाड़ सकता है।

यह बदलाव सरकार की सही नीतियों जैसे पीएलआई योजना और वैश्विक कंपनियों के निवेश के परिणामस्वरूप हुआ है। इसने न केवल निर्यात में वृद्धि की है बल्कि देश में स्मार्टफोन उत्पादन में भी तेजी लाई है। यहां तक कि वित्त वर्ष 2025 के पहले आठ महीनों में स्मार्टफोन निर्यात का दो-तिहाई हिस्सा केवल आईफोन का था। इस प्रकार भारत अब स्मार्टफोन उत्पादन और निर्यात में एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

# आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने इंडियन करेंसी को लेकर जताई चिंता

**महानगर संवाददाता**



**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर और अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने डावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान भारतीय रुपए की मौजूदा स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए में और कमजोरी आ सकती है और भारतीय रिजर्व बैंक को इस पर नियंत्रण पाने के लिए करेंसी मार्केट में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उनके अनुसार केवल रुपया नहीं, बल्कि अन्य देशों की मुद्राएं भी डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रही हैं।


राजन ने बताया कि रुपए का मूल्य अभी भी अन्य मुद्राओं के मुकाबले ओवरवैल्यूड है और एक डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 85.6 के लेवल तक पहुंच चुकी है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी डॉलर अब भी एक सशक्त मुद्रा है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में अमेरिकी प्रशासन द्वारा डॉलर का इस्तेमाल एक 'हथियार' के रूप में किया गया है, जिससे कई देशों में चिंता बढ़ी है।

### करेंसीज का वेपनाइजेशन

उनका यह भी मानना है कि उभरते देशों के लिए इस प्रकार की आर्थिक अस्थिरता एक चिंता का कारण बन सकती है, खासकर जब अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है, जिसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। राजन के मुताबिक, दुनिया भर के सेंट्रल बैंक अमेरिकी डॉलर की 'हथियार' के तौर पर इस्तेमाल की प्रवृत्ति को लेकर चिंतित हैं।

# टाटा संस में 18 फीसदी हिस्सेदारी, 22,000 करोड़ का कर्ज, अब आईपीओ बनेगा सहारा!

**महानगर संवाददाता**



**नई दिल्ली।** टाटा संस ने सेंट्रल बैंक की नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी, अपर लेयर में शामिल होने से बचने के लिए अपनी बैलेंस शीट से कर्ज को खत्म कर दिया है। टाटा संस संभावित इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) सहित कई तरह की स्थितियों के लिए प्लानिंग कर रहा है। इस तैयारी के पीछे की वजह यह है कि टाटा संस में 18.4 फीसदी शेयरहोल्डिंग रखने वाले मिस्त्री परिवार के शापूरजी पल्लोनजी समूह द्वारा शेयर बिक्री पर विचार करने के बढ़ते दबाव के बीच तत्परता सुनिश्चित हो सके। टाटा संस, टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है।


**स्टेकहोल्डर्स के बीच सहमति नहीं :** ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, टाटा संस भविष्य की प्लानिंग में पब्लिक लिस्टिंग, आंशिक हिस्सेदारी बिक्री या माइनॉरिटी हिस्सेदारी या पूरी तरह से खरीदारी जैसी संभावनाएं शामिल हैं। हालांकि, इनमें से किसी भी प्लान पर तुरंत फैसले की संभावना नही है, क्योंकि टाटा ट्रस्ट्स के स्टेकहोल्डर्स के बीच इस पर कोई आम सहमति नहीं है। ट्रस्ट्स के पास टाटा संस का 66 फीसदी हिस्सा है। इसके अलावा, अक्टूबर 2022 में दिवंगत साइरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटाए जाने के बाद से समूहों के बीच संबंध बिल्कुल भी मधुर नहीं रहे हैं। शापूरजी पल्लोनजी समूह पर हाई इंटरेस्ट रेट पर लिए गए 22,000 करोड़ रुपए के कर्ज को चुकाने का दबाव है, जिसे कथित तौर पर मार्च 2025 तक चुकाना है।

**शेयरों के बदले कर्ज :** ईटी ने मामले से जुड़े एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से लिखा कि टाटा संस हर तरह की स्थिति के लिए तैयार रहना चाहता है। टाटा समूह को वित्तीय नतीजों का आकलन करना होगा। शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप ने शुरुआत में टाटा संस के शेयरों के बदले कर्ज जुटाए थे। टाटा ट्रस्ट्स ने कर्ज के लिए इन शेयरों का उपयोग करने का विरोध किया है, जो 2017 में टाटा संस के निजी कंपनी बनने के बाद से मुफ्त शेयर ट्रांसफर को प्रतिबंधित करते हैं। फिलहाल शापूरजी पल्लोनजी समूह ग्रोथ को बढ़ावा देने, ऑपरेशन में लिक्विडिटी डालने और कर्ज चुकाने के लिए अपने अलग-अलग वर्टिकल में कंपनियों को लिस्ट करने पर विचार कर रहा है।

## बजट 2025 : ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों की वित्त मंत्री से डिमांड

# जीएसटी को 18 से घटाकर 5 फीसदी किया जाए

**महानगर संवाददाता**



**नई दिल्ली।** देश के मेवा कारोबारियों की इकाई, नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने सरकार से कई महत्वपूर्ण अनुरोध किए। एनडीएफसी ने अखरोट के आयात शुल्क को प्रति किलोग्राम के आधार पर युक्तिसंगत बनाने, जीएसटी को घटाकर पांच प्रतिशत करने और इस क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू करने की मांग की है। काउंसिल के अनुसार, भारत का मेवे का बाजार 18 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ रहा है और यह 2029 तक 12 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### कश्मीर में होता है देश का 90 फीसदी अखरोट

देश में कुल अखरोट उत्पादन में 90 प्रतिशत से अधिक कश्मीर में होता है। इसे देखते हुए एनडीएफसी के अध्यक्ष गुंजन वी जैन ने मौजूदा 100 प्रतिशत आयात शुल्क के बावजूद स्थानीय किसानों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। मुंबई में 11-14 फरवरी को होने वाले मेवा इंडिया ट्रेड शो के दूसरे संस्करण की घोषणा करते हुए जैन ने कहा कि हमने प्रतिशत-आधारित कराधान के बजाय अखरोट पर प्रति किलो आयात शुल्क की मांग की है। परिषद ने बादाम के 35 रुपए प्रति किलोग्राम की दर के समान अखरोट के आयात शुल्क को 150 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित करने की सिफारिश की।

### चिली और अमेरिका से होता है आयात

मौजूदा समय में भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए चिली और अमेरिका से अखरोट के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। संगठन ने आयात निर्भरता को कम करने के लिए अखरोट और अन्य मेवों के उत्पादन क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए सब्सिडी बढ़ाने का भी अनुरोध किया है। एनडीएफसी ने मेवों के स्वास्थ्य लाभों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें अधिक किफायती बनाने के लिए उन पर माल एवं सेवा कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की मांग की।

आगामी मेवा इंडिया व्यापार शो में 50 से अधिक देशों के 300 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की उम्मीद है। इसमें 22 देशों ने भागीदारी की पुष्टि की है। भारत, अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेवा उपभोक्ता है।

# सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखी गई। भारतीय बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत 58 रुपए घटकर 80,126 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इससे पहले, 22 जनवरी को सोने ने 80,194 रुपए प्रति 10 ग्राम के साथ अपने ऑल-टाइम हाई को छुआ था। वहीं, चांदी की कीमत में भी 535 रुपए की गिरावट आई और यह 90,713 रुपए प्रति किलो पर बिक रही है, जबकि 22 जनवरी को चांदी का भाव 91,248 रुपए था।

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आना सामान्य बात है, खासकर जब बाजार में अचानक कोई बड़ा उतार-चढ़ाव होता है। इन धातुओं की कीमतें दुनियाभर के आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करती हैं। वर्तमान में, अमेरिका के बाद ब्रिटेन ने भी अपनी ब्याज दरों में कटौती की है, जिसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ा है और इससे सोने की खरीदारी में तेजी आई है।

## सेबी की सख्ती का असर

# धड़ाधड़ बंद हो रही हैं रिसर्च फर्म्स

**महानगर संवाददाता**




**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सेबी के नए नियमों की वजह से कई इक्विटी रिसर्च फर्म्स बंद होने की तैयारी कर रही हैं। सेबी ने 8 जनवरी को रिसर्च एनालिस्ट्स के लिए नए नियम जारी किए थे। इसका मकसद ये था कि शेयर बाजार में आम निवेशकों के साथ धोखाधड़ी पर रोक लग सके। नए नियमों के मुताबिक, रिसर्च फर्म्स को क्लाइंट्स से बातचीत के रेकॉर्ड रखने, कंप्लायन्स ऑडिट करने और केवाईसी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया पूरी करने जैसे काम करने होंगे। इन नियमों की वजह से छोटी फर्म्स पर काम चलाने का खर्च बहुत बढ़ गया है। इसका नतीजा यह हुआ कि सेंटिनल रिसर्च, स्टॉल्वर्ट अडवाइजर्स और मिस्टिक वेल्थ जैसी कुछ फर्म्स ने अपनी रिसर्च सर्विसेज को बंद करने का ऐलान कर दिया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि नए नियमों की वजह से रिसर्च एनालिस्ट बनना आसान हो गया है, लेकिन पहले से काम करने वाले एनालिस्ट्स पर नियमों का बोझ बहुत बढ़ गया है। उनका मानना है कि ये नियम बहुत सख्त हैं और इससे मार्केट में रिसर्च की क्वालिटी कम हो सकती है। फिनसेक लॉ एडवाइजर्स के संस्थापक संदीप पारेख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सेबी 'अपने नियमों में बहुत आगे जा रही है और बाजार से सक्षम और ईमानदार सलाहकारों एवं शोधकर्ताओं को बाहर कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर यह इसी तरह चलता रहा तो जो बचेगा वह अयोग्य एवं बेईमान, या अयोग्य या बेईमान सलाहकार होगा। स्वतंत्र शोध फर्म सेंटिनल रिसर्च चलाने वाले नीरज मराठे ने भी इसे लेकर सोशल मीडिया पर अपनी निराशा जाहिर की। उन्होंने इन निर्देशों का पिछले साल मसौदा आने पर ही अपनी शोध सेवाएं रोक दी थीं। मराठे ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि वास्तविक नियम शर्तों एवं अनुपालन के मामले में मसौदे से बेहतर होंगे और स्पष्टता आने पर फिर से काम शुरू कर पाऊंगा। खैर, वास्तविक नियम बहुत खराब निकले! मैं भी अपना शोध सेवा पोर्टल बंद कर रहा हूं।

कम आमदनी वाले लोग भी म्यूचुअल फंड में आसानी से निवेश कर सकें, इसके लिए सेबी ने बुधवार को एक सुझाव मांगा है। सेबी ने अपने कंसल्टेशन पेपर में 250 रुपए की छोटी किश्तों में एसआईपी(सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) शुरू करने की बात कही गई है। हालांकि, ये छोटी एसआईपी डेट स्कीम्स, सेक्टोरल, थीमैटिक स्कीम्स और इक्विटी स्कीम्स में स्मॉल-कैप और मिड-कैप स्कीम्स को छोड़कर होगी। फिलहाल, कुछ असेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) अपनी कुछ स्कीम में कम रकम की एसआईपी देती हैं।

# सीसीपीए ने एपल को भेजा नोटिस



**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर आईफोन के प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के संबंध में शिकायतें मिली हैं। यह नोटिस स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए एक प्रमुख विकास बाजार भारत में प्रौद्योगिकी दिग्गज के परिचालन की नवीनतम नियामक जांच को दर्शाता है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर 'अपडेट' के बाद आईफोन के प्रदर्शन में कथित समस्याओं के संबंध में एप्पल इंक को नोटिस जारी किया है।

# पांच साल में 21 फीसदी बढ़ गई महंगाई, पर सबसे अधिक टैक्स भरने वालों को नहीं मिली कोई राहत

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद से सरकार ने सालाना 15 लाख रुपए से कम कमाने वाले करदाताओं को टैक्स स्लैब के हिसाब से लिमिट बढ़ाकर राहत दी है, ताकि बढ़ती महंगाई के दौर में उनकी जेब पर कम असर पड़े। लेकिन, पिछले पांच साल से उन करदाताओं को लिमिट के मोर्चे पर कोई राहत नहीं मिली है, जो सबसे अधिक टैक्स भरते हैं।

बैंक बाजार के सीईओ आदिल शेट्टी का कहना है कि नई कर व्यवस्था की शुरुआत 2020 में हुई थी। तब से अब तक लागत महंगाई इंडेक्स (सीआईआई) करीब 21 फीसदी बढ़ गया है। महंगाई के इस असर को कम करने के लिए सरकार ने पांच साल में 15 लाख रुपए से कम आय वाले करदाताओं के लिए लिमिट में न्यूनतम 20 फीसदी और अधिकतम 40 फीसदी की बढ़ोतरी की है। हालांकि, 15 लाख रुपए से अधिक कमाने वाले करदाताओं के लिए लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उन्हें 30 फीसदी की अधिकतम दर से टैक्स भरना पड़ रहा है।

70 फीसदी की आय पांच लाख से कम आंकड़ों के मुताबिक, आईटीआर भरने वाले 70 फीसदी करदाताओं की कर योग्य आय 5 लाख या उससे कम है। आदिल ने कहा, सरकार को 2025-26 के बजट में कर स्लैब में महंगाई को समायोजित कर सबसे अधिक टैक्स चुकाने वाले करदाताओं को राहत देने पर विचार करना चाहिए। इसके लिए 30 फीसदी के अधिकतम टैक्स स्लैब के तहत सालाना आय सीमा को कम-से-कम 20 फीसदी बढ़ाकर 18 लाख रुपए करना चाहिए। इससे अधिक ब्याज दर पर होम लोन की ईएमआई चुकाने, बच्चों की महंगी स्कूल फीस भरने और बेहतर लाइफस्टाइल के लिए अधिक जेब ढीली करने की चुनौती से जूझने वाले शहरी नौकरीपेशा को काफी राहत मिलेगी।

देश के 57 फीसदी व्यक्तिगत करदाता चाहते हैं कि सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में करों में कटौती करे। 25 फीसदी ने अधिकतम टैक्स स्लैब में छूट की मांग की है। ग्रांट थॉर्नटन इंडिया की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, 72 फीसदी व्यक्तिगत करदाताओं के नई आयकर व्यवस्था चुनने के बावजूद 63 फीसदी पुरानी व्यवस्था के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन में बढ़ोतरी के पक्ष में हैं।

# 90 घंटे काम करने की वकालत करने वाले सीईओ की कंपनी को 70,000 करोड़ का झटका

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिफेंस मिनिस्ट्री ने इंजीनियरिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो को तगड़ा झटका दिया है। सरकार ने छह पनडुब्बियां खरीदने के लिए 70,000 करोड़ रुपए का टेंडर निकाला था। इसके लिए लार्सन एंड टुब्रो ने भी बोली लगाई थी। लेकिन डिफेंस मिनिस्ट्री का कहना है कि कंपनी ने शर्तों का पालन नहीं किया है। भारतीय नौसेना प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत छह ऐसी पनडुब्बियां खरीदना चाहती है जिनमें तीन सप्ताह तक पानी के नीचे रहने की क्षमता हो। एएनआई के मुताबिक रक्षा सूत्रों बताया कि एलएंडटी ने स्पेनिश कंपनी नवातिया के साथ प्रस्ताव दिया था लेकिन यह नेवी की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं था। इस कारण इसे खारिज कर दिया है। यह कंपनी नेवी की रणनीतिक पनडुब्बी परियोजनाओं में शामिल रही है। एलएंडटी और उसके पार्टनर ने स्पेन में अपनी महत्वपूर्ण एयर इंडिपेंडेंट प्रपल्शन प्रणाली की कार्यप्रणाली को नौसेना की टीम के सामने प्रदर्शित किया था।

## भारत सरकार के आईटी मिनिस्ट्री की ताजा रिपोर्ट में खुलासा

# 2030 तक नेशनल इनकम का 5वां हिस्सा आएगा डिजिटल इकोनॉमी से

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल इकोनॉमी के लगातार हो रहे विस्तार को लेकर कई सवाल उठाए जाते हैं। कई बार इसे नौकरियों को निगलने वाला बताया जाता है।

ग्लोबल लेवल पर भी हाल ही में कई ऐसी रिपोर्ट आई है, जिससे यह पता चलता है कि एआई के कारण बैंकिंग सेक्टर में काफी नौकरियां खत्म होने वाली हैं। परंतु भारत सरकार के आईटी मिनिस्ट्री की ताजा रिपोर्ट कुछ और ही बयां कर रही है।

इसके मुताबिक 2020 तक भारत के राष्ट्रीय आय में डिजिटल इकोनॉमी की हिस्सेदारी एग्रीकल्चर और मैनुफैक्चरिंग से भी बड़ी होगी। यहां तक कि राष्ट्रीय आय में पांचवां हिस्सा डिजिटल इकोनॉमी से हुई आमदनी का होगा।

### दोगुनी तेज होगी डिजिटल इकोनॉमी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मिनिस्ट्री की इस रिपोर्ट के मुताबिक, 2029-30 तक भारत की डिजिटल इकोनॉमी की रफ्तार ओवरऑल इकोनॉमी से दोगुनी तेज हो जाएगी।



22 जनवरी को जारी एस्टीमेटिन एंड मिस्युरमेंट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी में पहली बार डिजिटल इकोनॉमी में होने वाले वैल्यू एडिशन और रोजगार पैदा करने की क्षमता का आकलन किया गया है। कुछ दिनों के लिए सबसे अधिक ग्रोथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए हो रही इकोनॉमी के विकास के कारण होने जा रहा है।

इसके बाद इकोनॉमी के बाकी हिस्से के हो रहे डिजिटलाइजेशन के कारण मिल रहे आउटपुट का बड़ा हिस्सा विकास की इस कहानी में शामिल है। धीरे-धीरे डिजिटल इकोनॉमी में डिजिटल तकनीक आधारित इनफॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी का हिस्सा कम होता जाएगा।

### ढाई फीसदी रोजगार दे रही डिजिटल इकोनॉमी

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के नेशनल इनकम में डिजिटल इकोनॉमी का हिस्सा 2022-23 में 11.74 फीसदी था, जो 2024-25 के अंत तक 13.42 फीसदी हो जाएगा। इसी तरह 2022-23 में ही 31 लाख 64 हजार करोड़ की डिजिटल इकोनॉमी हो चुकी है। कुल रोजगार का 2.55 फीसदी अकेले इसी सेक्टर से मिल रहा है।

आने वाले दिनों में इसमें और वृद्धि की संभावना है। अभी एक करोड़ 46 लाख लोग इस सेक्टर में रोजगार पा रहे हैं। हालांकि एग्रीकल्चर सेक्टर 45.8 फीसदी और मैनुफैक्चरिंग 11.4 फीसदी रोजगार पैदा करता है।

# शेयर बाजार में बढ़त बरकरार, सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा, निफ्टी 23200 के पार

**महानगर संवाददाता**




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को हरे निशान पर बंद हुए। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 115.39 (0.15 फीसदी) अंक चढ़कर 76,520.38 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 50.00 (0.22 फीसदी) अंकों की मजबूती के साथ 23,205.35 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, जोमैटो, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बड़ी बढ़त दिखी। दूसरी ओर, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलिवर, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक के शेयर गिरकर बंद हुए। एशियाई बाजारों में टोक्यो और शंघाई मजबूत हुए, वहीं हॉन्गकॉन्ग और सियोल का बाजार कमजोर होकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में मिड सेशन डील्स के कारण तेजी दिखी। अमेरिकी बाजार बुधवार को पॉजिटिव नोट पर बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क क्रूड 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.16 प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ।

इसस पहले, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से 4,026.25 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयर बेचे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बोले प्रदेशाध्यक्ष

# गहलोत चश्मा बदलें, पीएम-सीएम के विकास उन्हें नजर नहीं आ रहेः राठौड़

महानगर संवाददाता



जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व सीएम गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा द्वारा की जा रही बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत की प्रतिष्ठा विदेशों में लगातार बढ़ रही है। इतना ही नहीं, भारत की अर्थव्यवस्था में भी लगातार सुधार हो रहा है और भारत में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के लिए अनेक योजनाओं का भी लगातार क्रियान्वयन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्व के 45 से अधिक देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वहां के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इसके बावजूद कांग्रेसी नेताओं को यह नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में गहलोत और डोटासरा जैसे नेताओं को अपना चश्मा बदलना चाहिए। खास तौर पर पूर्व सीएम गहलोत तो अभी भी अपनी ओछी राजनीति से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्हें बाहर निकलकर दुनिया देखनी चाहिए। वहीं, डोटासरा तो लगातार बिना बॉल के फुटबॉल खेल रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं रहता कि वो क्या कहते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ गुरुवार को मानसरोवर न्यू सांगानेर रोड स्थित एक गार्डन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के एक साल पूर्ण होने एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

## 'कम इन इंडिया, मैक इन इंडिया' के प्रयास ला रहे रंग

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पहले भारत की प्रतिभाएं देश से पलायन करती थी और वे दूसरे देशों में जाकर वहां की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कम इन इंडिया, मैक इन इंडिया' की दिशा में प्रयास किए और भारत की प्रतिभाओं को देश में ही अवसर प्रदान करने के प्रयास किए। भारत में उद्योग-धंधे लगेंगे तो यहां रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। पीएम मोदी ने आयात और निर्यात नीति में भी सुधार करते हुए रॉ मेटेरियल एक्सपोर्ट नहीं करने और हमारे उत्पादनों को निर्यात करने के लिए नीति को बढ़ावा देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कर्मचारी, अधिकारी, विधायक, सांसद, पूर्व जनप्रतिनिधियों, व्यापारी वर्गों के साथ चर्चा कर उनके विचारों को समझते हुए बजट तैयार कर रहे हैं। सरकार ने शून्य नामांकन वाली स्कूलों को नजदीक की दूसरी स्कूलों में मर्ज करने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

रक्तदान शिविर में भाजपा महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता एवं कार्यक्रम संयोजक अशोक सैनी, हिमांशु शर्मा, युवा मोर्चा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों के लिए खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक

कर्मचारी संगठन रिपोर्ट का कर रहे हैं अध्ययन

जयपुर (मसं)। राज्य सरकार ने दो वर्ष के इंतजार के बाद मंत्रालयिक संवर्ग से जुड़ी खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया है। सभी कर्मचारी संगठनों की ओर से इसे सार्वजनिक करने की मांग लंबे समय से चल रही थी। यह रिपोर्ट दो भागों में सार्वजनिक की गई है। विभिन्न संवर्गों में वेतन विसंगतियों, पदोन्नति और स्पेशल-पे तथा भत्तों आदि के मामले में कर्मचारियों की मांगों का अध्ययन करने और इन विसंगतियों को दूर करने के लिए पिछली कांग्रेस सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने विभिन्न कर्मचारी संगठनों से मुलाकात की और उनके ज्ञापनों के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट का एक हिस्सा वेतन विसंगतियों से जुड़ा है और दूसरा स्पेशल-पे, भत्तों आदि से जुड़ा है। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 30 दिसम्बर 2022 को सरकार को सौंप दी थी, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया गया था। हालांकि कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट की कुछ सिफारिशें को लागू कर दिया गया था। अब अतिम रिपोर्ट आने के बाद कर्मचारी संगठन इसका अध्ययन कर रहे हैं और नए सिरे से अपनी मांगे सरकार तक पहुंचाएंगे। अहम बात यह है कि केंद्र सरकार ने आठवां वेतन आयोग का गठन करने का निर्णय ले लिया है। ऐसे में राज्य में भी आने वाले दो साल में आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो जाएंगी।

# विधायक सराफ ने महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की बस को किया रवाना




जयपुर (मसं)। झालाना स्थित चामुंडा माता मंदिर राजपूत कॉलोनी से महाकुंभ प्रयागराज में जाने वाले तीर्थ यात्रियों की बस को गुरुवार को मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने रवाना किया। इस दौरान सराफ ने सभी यात्रियों को 144 वर्ष बाद प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में जाने की शुभकामनां दी। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह राठौड़, विनोद सिंह, सुरेंद्र सिंह फौजी, बलबीर सिंह जोधा, धनराज महावर, सतीश सेन, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, हनुमान सिंह आदि मौजूद रहे।

सीकर रोड ट्रांसपोर्ट नगर में द्वितीय चरण के आवंटियों को सरकार की सौगात

# पेनल्टी और ब्याज मुक्त राशि पर ट्रांसपोर्टर्स को मिलेंगे भूखंड



महानगर संवाददाता

जयपुर। सीकर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर में द्वितीय चरण के आवेदकों को भूखंड प्राप्त करने का रास्ता साफ हो गया है। प्रमुख सचिव यूडीएच वैभव गालरिया ने बिना पेनल्टी और ब्याज के मूल राशि 13500 रुपए प्रति वर्ग मीटर में ट्रांसपोर्टर और ऑटोमोबाइल व्यापारियों को भूखंड आवंटित करने के आदेश जारी कर दिए। भूखंड की पूरी राशि जमा कराने के लिए चार किस्त तय की गई है, जिसकी पहली किस्त 31 मार्च तक जमा कराना अनिवार्य है। यह योजना 2004 की लागू की गई थी। इसके दूसरे चरण की लॉटरी 2018 में निकाली गई। इसमें कुल 2528 आवेदकों का लॉटरी में नाम आया था। इसमें से 1179 को 2021 में भूखंड आवंटन कर दिया गया। अब करीब 14 सौ आवंटियों को सरकार के इस फैसले का लाभ मिलेगा। राजस्थान ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष चाणमल अग्रवाल, सचिव राजन सिंह, जयपुर ट्रांसपोर्टर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन, संयोजक कपिल अग्रवाल, मैकेनिक यूनियन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा का आभार जताया है। चानणमल अग्रवाल का कहना है कि सरकार के इस फैसले से सीकर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के विकास का रास्ता साफ हो गया है। इससे सरकार को करीब 250 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा और 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान में घाट की गुणी के पास से सीकर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के शिफ्ट होने से यातायात की समस्या का भी समाधान होगा। सरकार की ओर से पूर्व प्रस्तावित आगरा और अजमेर रोड पर भी ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने की योजना को क्रियान्वित किया जाना चाहिए।


### नाम-परिवर्तन

मैंने मेरा नाम 'प्रीतम कुमार कुमावत' से बदलकर 'प्रीतम कुमावत' रख लिया है अतः भविष्य में मुझे प्रीतम कुमावत के नाम से ही जाना पहचाना जावें मों. 8104555897

### जाहिर आम सूचना

मेरा मकान नंबर 81/ 136 राजस्थान आवासन मंडल प्रताप नगर सांगानेर जयपुर मूल आवंटन पत्र 419 2 2 दिनांक 31/5/94 कहीं गुम हो गया। उक्त संपत्ति भारतीय स्टेट बैंक में बंधक हेतु प्रस्तावित है।
इंद्रा सांवरिया - 9784054207

### सूचना

यह की मेरे अभिभाष्य नानगराम सोनी पुत्र श्री देवीलाल सोनी द्वारा इस बात का खंडन किया जाता है की प्लॉट नंबर 253 टैगोर नगर, वैशाली नगर, जयपुर के मूल दस्तावेज (सोसाइटी पट्टा, साइट प्लान और मूल रजिस्ट्री) पुलकित छाबड़ा द्वारा कहीं खो गये हैं, बल्कि उक्त दस्तावेज मेरे अभिभाष्य के पास सुरक्षित रखें हुवे हैं। चूंकि पुलकित छाबड़ा द्वारा मेरे अभिभाष्य को उक्त प्लॉट का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। सूचित रहे
दिनांकः 23.01.2025
जरिये अधिवक्ता, श्याम सुन्दर शर्मा (एडवोकेट) राजस्थान उच्च न्यायालय

### लोक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्र. LU2012/JDA/2023-24/103094 दि. 17.12.2024

श्री SANDEEP SHARMA पुत्र श्री TOTA RAM SHARMA जाति BRAHMAN निवासी 74B, PHOOL KUNJ, GAURAV NAGAR, CIVIL LINES, JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का नर्सरी / आर्थिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल(व.मी.) | क्षेत्रफल(हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुशीलपुरा जयपुर (जयपुर) | SANDEEP SHARMA | 334/330 | 2257 | 0.0225 |
| | | | | कुल | 0.0226 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17-12-2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-05, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

### सम्मन बनाम कायम मुकाम

(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, क्रम-6, जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर

संतोष कुमार बनाम सीताराम व अन्य

दावा बाबत घोषणा, हकशुफा एवं स्थाई निषेधाज्ञा

मुकदमा नंबर-216/2012

बनामः
मुसम्मी 20/1 विष्णु पुत्र योगेश पटवारी (पिता) एवं सरस्वती देवी (माता)
20/2 विजय पुत्री योगेश पटवारी (पिता) एवं सरस्वती देवी (माता)
20/3 बबली पुत्री योगेश पटवारी (पिता) एवं सरस्वती देवी (माता) निवासीगण-जयपुर
20/4 महेश पुत्र योगेश पटवारी (पिता) एवं सरस्वती देवी (माता), निवासीगण-जयपुर।

चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख ..... माह .... सन् .... को 1. संतोष कुमार बनाम 2. सीताराम व अन्य दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि सरस्वती देवी मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी हरि सिंह मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. 20/1 लगायत 20/4 बनाए जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 21 माह 01 सन् 2025 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 23 माह 01 सन् 2025 को जारी किया गया।

मोहर — आज्ञा से- दस्तखत, वरिष्ठ रीडर, न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम-6, जयपुर महानगर प्रथम

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः जविप्रा/उपा/जोन-5/2025/डी-2709 दिनांकः 21.01.2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना महेश नगर के भूखण्ड संख्या बी-317 का इस कार्यालय द्वारा दिनांक 04.01.2001 को श्री गणपत राम पुत्र श्री छंगाराम के पक्ष में क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज का पट्टा विलेख जारी किया गया है। आवेदक श्री सुभाष चन्द पुत्र स्व. श्री गणपत राम द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा विलेख जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ अपने पिता (भूखण्डधारी) श्री गणपत राम एवं अपनी माता श्रीमती गिन्दोड़ी देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा शपथ पत्र एवं भूखण्डधारी के अन्य वारिसान द्वारा निष्पादित रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र अपलोड किया गया है। अतः उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-5,

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय सम्पत्ति प्लाट नम्बर 19, योजना द्वारकापुरी-द्वितीय, स्थित खसरा नम्बर 1461, दूल्हे सिंह की ढाणी के पास, ग्राम चौमूं, जिला जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 125 वर्गगज है। उक्त वर्णित प्लाट सर्वप्रथम श्री हरी द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.03.2015 के द्वारा श्रीमती अर्चना देवी को विक्रय किया गया था। तत्पश्चात श्रीमती अर्चना देवी ने उक्त वर्णित प्लाट जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.11.2020 के द्वारा श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री बलदेव शर्मा को विक्रय कर दिया। उक्त वर्णित सम्पत्ति के मूल दस्तावेजात में से मूल विक्रय पत्र दिनांक 04.03.2015 कहीं गुम हो गया है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर श्री बलदेव शर्मा एवं श्रीमती उषा शर्मा द्वारा मेरी अभिभाष्या DMI Housing Finance Pvt. Ltd. से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त ऋण के बाबत एवं सम्पत्ति के गुम दस्तावेज के बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस मय साक्ष्य सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधिनुसार शून्य होगी।
गिर्राज शर्मा, एडवोकेट
204, सैकिण्ड फ्लोर, जवाहर टावर, गायत्री मार्ग, बनीपार्क, जयपुर
मो. 9828126100 रजि. नंबर 2115/2014

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांकः 6189 दिनांकः 23.01.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 34/526 (HIG), (एरिया 110.471 वर्गमीटर), का आवंटन श्री सुजान सिंह पुत्र श्री ओकार लाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2816 दिनांक 05.12.2001 के द्वारा जारी किया गया था। श्री सुजान सिंह के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.03.2002 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री सुजान सिंह की मृत्यु दिनांक 24.08.2013 को होने से पूर्व श्री विरेन्द्र सिंह एवं श्री कृष्ण मोहन पुत्रान स्व. श्री सुजान सिंह को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 23.12.2010 के द्वारा पंजीकृत करवाया गया। तत्पश्चात श्री कृष्ण मोहन पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह द्वारा स्वयं का 1/2 हिस्सा का उपहार पत्र श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह को दिनांक 24.11.2021 को उप पंजीयक जयपुर-नवम के यहाँ पजीकृत करवाया गया। श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को पंजीकृत वसीयतनामा एवं उपहार पत्र के आधार पर स्वयं के नाम हस्तांतरण आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, **श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह** का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांकः 6188 दिनांकः 23.01.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 34/524 (HIG), (एरिया 217.247 वर्गमीटर), का आवंटन श्री सुजान सिंह पुत्र श्री ओकार लाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2815 दिनांक 05.12.2001 के द्वारा जारी किया गया था। श्री सुजान सिंह के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.03.2002 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री सुजान सिंह की मृत्यु दिनांक 24.08.2013 को होने से पूर्व श्री विरेन्द्र सिंह एवं श्री कृष्ण मोहन पुत्रान स्व. श्री सुजान सिंह को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 23.12.2010 के द्वारा पंजीकृत करवाया गया। तत्पश्चात श्री कृष्ण मोहन पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह द्वारा स्वयं का 1/2 हिस्सा का उपहार पत्र श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह को दिनांक 24.11.2021 को उप पंजीयक जयपुर-नवम के यहाँ पजीकृत करवाया गया। श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को पंजीकृत वसीयतनामा एवं उपहार पत्र के आधार पर स्वयं के नाम हस्तांतरण आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, **श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री सुजान सिंह** का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-0141-2782772

क्रमांकः DHC-II/1567 — जाहिर आम सूचना — दिनांकः 23.01.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 77/203, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 72.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री श्रवण सिंह शेखावत पुत्र श्री फतेह सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2294 दिनांक 08.12.1998 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.02.1999 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4365 दिनांक 19.03.2005 के द्वारा श्री अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम स्वरूप शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 02.04.2005 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री अनिल कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 21.04.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती बीना शर्मा पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार शर्मा ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती बीना शर्मा पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
संपदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय

राजस्थान आवासन मण्डल
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या:- 0141-4901853

क्रमांक.. 134 — दिनांकः 20/01/25

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-3/492 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 3622 दिनांक 30/12/1994 श्री अशोक कुमार मंगवाना पुत्र श्री जी.आर. मंगवाना के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 30/12/1994 को करवाया गया। श्री अशोक कुमार मंगवाना की मृत्यु दिनांक 21/08/2020 को जाने के कारण श्रीमती अमिता शम्मी पत्नी श्री शम्मी तनेजा पुत्री स्व.श्री अशोक मंगवाना के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्ति गत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती अमिता शम्मी पत्नी श्री शम्मी तनेजा पुत्री स्व.श्री अशोक मंगवाना के नाम से उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-0141-2782772

क्रमांकः DHC-II/1563 — जाहिर आम सूचना — दिनांकः 23.01.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 21/276, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री रणमल सिंह पुत्र श्री गणपत सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9003 दिनांक 31.03.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 11.03.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3362 दिनांक 31.08.1999 के द्वारा श्री रणमल सिंह पुत्र श्री गणपत सिंह के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 05.10.2010 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री रणमल सिंह की मृत्यु दिनांक 11.12.2024 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर लेफ्टिनेंट कर्नल श्री वेद प्रकाश पुत्र स्व. श्री रणमल सिंह एवं श्रीमती गीता देवी पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल श्री वेद प्रकाश के द्वारा मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक लेफ्टिनेंट कर्नल श्री वेद प्रकाश एवं श्रीमती गीता देवी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
संपदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

### नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर) (आयोजना प्रकोष्ठ)
क्रमांक :- एफ 13 ( ) उपा. आयोजना/जननि/2025/684 दिनांकः- 22.01.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति

विषय :- राजस्थान नगर पालिका (भू-उपयोग परिवर्तन) नियम 2010 के नियम 4 (1) के अन्तर्गत आपत्तियां / सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति।

नगर निगम, जयपुर में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक ने कॉलम 4 में वर्णित मास्टर विकास योजना 2025 (जयपुर रीजन) में निर्धारित भू-उपयोग का कॉलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, भूखण्ड संख्या योजना का नाम | भूखण्ड का क्षेत्रफल व उपयोग | जोनल प्लान -03 अनुसार भू-उपयोग | आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | श्री मोहित काला पुत्र श्री कमल काला एवं श्रीमती रोशन देवी काला पत्नी श्री कमल काला भू.सं. 44,46, मूर्तिकला कॉलोनी, (जलमहल गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) एवं प्लॉट नम्बर 5,4, खसरा नम्बर 19, 37/141, 37/142, ग्राम मानपुर देवरी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर | 1050.96 वर्गगज | व्यवसायिक | व्यवसायिक |

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध मे कोई आपत्ति / सुझाव हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की अवधि तक अपनी आपत्ति / सुझाव कारणों सहित नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के आयोजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।
( रुक्मणी रियाड़) (IAS) आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

### उत्तर पश्चिम रेलवे — ई-निविदा सूचना

वरि.मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य,उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 13.02.2025 को 15.00 बजे तक 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 13.02.2025 को 15.00 बजे के बाद निविदा सं. : 12-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/2024-25 कार्य का विवरण : Electrical work in connection with Upgradation/modernization of infrastructure at Satrod Goods Shed, Hanumangarh Goods Shed & Suratgarh Goods Shed over Bikaner Division. अनुमानित लागत (रू.) : ₹ 73,67,029/- धरोहर राशि (रू) : ₹ 1,47,400/- निविदा दस्तावेज लागत : Nil
91-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### संशोधित लोक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्र. LU2012/JDA/2024-25/103865/डी-91 दि. 22.01.2025

श्रीमति MUNNI DEVI पत्नी श्री HAZARI LAL जाति JAAT निवासी 32, GULAB VIHAR, PATRAKAR COLONY, VILL-DHOLAI, MANSAROVER JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का मिश्रित प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (व.मी.) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामसिंहपुरा बास धौलाई, सांगानेर (जयपुर) | MUNNI DEVI | 623/533 | 1220 | 0.122 |
| | | | | कुल | 0.122 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 22.01.2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-8, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-11 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्र. LU2012/JDA/2024-25/104033 लोक सूचना दि. 23.01.2025

अंजु मित्तल पत्नी मनोज मित्तल हि. 1/6, प्रदीप पुत्र आनन्द शंकर मित्तल हि. 1/3, मनोज पुत्र आनन्द शंकर मित्तल हि. 1/3, रानी मित्तल पत्नी प्रदीप मित्तल हि. 1/6 जाति महाजन निवासी ए-37, जनता कॉलोनी, जयपुर। ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल(व.मी.) | क्षेत्रफल(हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीरामपुरा बास भांकरोटा, सांगानेर (जयपुर) | अंजु मित्तल पत्नी मनोज मित्तल हि. 1/6, प्रदीप पुत्र आनन्द शंकर मित्तल हि. 1/3, मनोज पुत्र आनन्द शंकर मित्तल हि. 1/3, रानी मित्तल पत्नी प्रदीप मित्तल हि. 1/6 जाति महाजन निवासी ए-37, जनता कॉलोनी, जयपुर। | 66/2 | 6300 | 0.63 |
| | | | 68 | 9000 | 0.90 |
| | | | 70/2 | 4700 | रकबा |
| | | | 0.98 हैक्ट में से रकबा 0.47 | | |
| | | | | कुल | 2.00 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.01.2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी (जोन-11), जविप्रा, जयपुर

### उत्तर पश्चिम रेलवे

शुद्धि पत्र निविदा संख्या S&T/C/All/25/01
Corrigendum to Tender Notice No. S&T/C/All/25/01
Original Closing Date 07.02.2025
Revised Closing Date 11.02.2025

उक्त निविदा में निम्न संशोधन प्रस्तावित है:
In the above cited tender notice following corrigendum is issued:

1. Regarding Item: SOR-182 The Unit for the item shall be read as "No." instead of "Kilometre"
2. Tender Closing date will be read as "11.02.2025 upto 11:00 Hrs." instead as "07.02.2025 upto 11:00 Hrs."

निविदा प्रपत्र की बाकी नियम व शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
The other terms & conditions in the original tender will remain unchanged.
(S&T-C-All-25-01 dtd. 23.01.2025)
103-PS/25 Dy.CSTE/C/All

### उत्तर पश्चिम रेलवे — ई-निविदा सूचना

उप.मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 1 निविदा संख्या : EL/50/15/2024-25 2 कार्य का नाम व स्थान : Repair, Servicing and overhauling of Cummins make Diesel Alternator Set 500kVA, 750V in Power Cars during POH at carriage workshop Ajmer 3 अनुमानित लागतः रू 87389263.79 4 बयाना राशि : रू. 587000.00 5 ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय – 31-01-2025 at 15.00 Hrs एवं ई – निविदा खोलने की तारीख एवं समय-31-01-2025 at 15.30 Hrs 6 वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई-निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है : www.ireps.gov.in
94-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### उत्तर पश्चिम रेलवे — ई-निविदा सूचना

उप . मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। 1 निविदा संख्या : EL/50/16/2024-25 2 कार्य का नाम व स्थान :Repair, Servicing and overhauling of Kirloskar (KOEL) make Diesel Alternator Set 500kVA, 750V in Power Cars during POH at carriage workshop Ajmer 3 अनुमानित लागतः रू 24872113.36 4 बयाना राशि : रू. 274400.00 5 ई – निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय – 31-01-2025 at 15.00 Hrs एवं ई – निविदा खोलने की तारीख एवं समय-31-01-2025 at 15.30 Hrs 6 वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई-निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है : www.ireps.gov.in
95-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### उत्तर पश्चिम रेलवे — खुली ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। क्र. सं. : 1 निविदा संख्या / कार्य का नाम : निविदा स०-ई.-जेपी-2024-25-109 वरि मण्डल इंजीनियर (उत्तर)/जयपुर के कार्य क्षेत्र-सीकर- लोहारू टी. बी. आर. – 90 ट्रैक किलोमीटर। अनुमानित लागत : 90633477.94 बिड प्रतिभूति : 603200/- 1 उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड- मंडल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा संख्या इंजी./जय/2024-25/109 की बन्द होने की तिथि – 13.02.2025 समय 15:30 बजे एवं खुलने की तिथि –13.02.2025 समय 16.00 बजे।
93-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### उत्तर पश्चिम रेलवे (सर्वे व निर्माण)

ऑनलाइन खुली ई निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-पंचम, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाइन ई-निविदा (दो पैकट पद्धति) ई टेंडरिंग प्रणाली पर निर्धारित इलेक्ट्रोनिक प्रपत्र पर आमंत्रित करते है 1. ई टेंडर संख्या : एनडब्ल्यूआर/एससी/एसडब्ल्यूएम-जे.पी/पी.वे./514110110 2. कार्य का नाम एवं स्थान : जयपुर-सवाई माधोपुर दोहरीकरण परियोजना के सम्बन्ध में जयपुर-ईसरदा सेक्शन के कि.मी. 131.27 से कि.मी. 40.70 के मध्य रेलवे ट्रैक के साथ 65 एम.एम. मशीन क्रश्ड स्टोन बेलास्ट सप्लाई करना। 3. कार्य की अनुमानित लागत : रू. 29,15,70,697.60 4.बयाना राशि : रू. 16,07,900.00 5. निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय : 31.01.2025 को 15.00 बजे तक। 6. वेबसाईट का विवरण, जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है। : भारतीय रेलवे की ई टेंडरिंग वेबसाइट www.ireps.gov.in 7. कार्यालय ई-मेल का पता : dyceciijp@gmail.com
92-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### उत्तर पश्चिम रेलवे — आवश्यक सूचना

सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि जयपुर-गाँधीनगर के मध्य रेलवे फाटक संख्या-219 (इमली फाटक) KM 237/3-4 को दिनांक 25.01.2025 सुबह 8:00 से दिनांक 28.01.2025 शाम 18:00 बजे तक ट्रैक मरम्मत कार्य हेतु पूर्णरूप से बन्द रहेगा, असुविधा के लिए खेद है।
102-PS/25 — वरि.म.इन्जी (मुख्या.) जयपुर
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या-25/05 — दिनांक- 21.01.2025

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38241581 बी | बोगी सेंटर पिवेट बॉटम | 2311 नग | 13.02.2025 |
| 2 | 20242021A | ट्यूब फॉर मोटर सस्पेंशन यूनिट | 130 नग | 18.02.2025 |

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/ शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा।
142/25(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका चाकसू जिला-जयपुर

नियम 6(7) देखिए

क्रमांक :- 4461 — दिनांक-23/01/2025

लोक सूचना

श्रीमति कमला / रामलाल, श्रीमति ग्यारसी / मूलचन्द, श्री घासीराम / मूलचन्द, श्री छीतर / रघुनाथ, श्री नरेश कुमार/रामलाल, श्रीमति नारायणी देवी / रामलाल, श्रीमति पुष्पा / रामलाल, श्री बनवारी / मूलचन्द, श्री बाबूलाल / दीपचन्द, श्री भानुप्रकाश / रामलाल, श्रीमति मंजू/मूलचन्द, श्री मनोज कुमार / रामलाल, श्री मोती लाल / दीपचन्द, श्री रमेश चन्द/श्रीया उर्फ श्री नारायण, श्री रामस्वरूप / दीपचन्द, श्री सीताराम / दीपचन्द, श्री हरिनारायण / धन्नालाल, श्री रामलाल / मान निवासी बास जगनाथपुरा वाली ढाणी बीड संतोषपुरा चाकसू तह. चाकसू जिला जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि वो अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है. अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील चाकसू जिला जयपुर | ग्राम बीड संतोषपुरा पटवार हल्का रामनिवास | 125 से 128, 131,132, 135, 136, 142, 145, से 199 | कुल किता 64 रकबा 19.42 हैक्टर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस गोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्ता नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23/01/2025 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका चाकसू

### कार्यालय ग्राम पंचायत बोयथावाला, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर

क्रमांकः ग्रा.पं.बोयथावाला/निर्माण/निविदा/2024-25/29 — दिनांकः 22.01.2025

ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 24-28 दिनांक 22.01.2025 द्वारा ग्राम पंचायत **बोयथावाला** वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्य हेतु नियम 181 के तहत E-Procuremant पद्धति से ऑनलाईन राजस्थान सरकार के निर्माण विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिनके NIB Code- PFG2425A0090 and UBN is PFG2425WSRC00334, PFG2425WSRC00335, PFG2425WSRC00336, PFG2425WSRC00337, PFG2425WSRC00338, है। निविदा सूचना की शर्ते वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड/अपलोड की जानी है।

सरपंच, ग्राम पंचायत बोयथावाला, पं.स. झोटवाडा, जयपुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बोयथावाला, पं.स. झोटवाडा, जयपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत धानक्या, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर

क्रमांकः ग्रा.पं.धानक्या/निर्माण/निविदा/2024-25/242 — दिनांकः 22.01.2025

ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 240-241 दिनांक 22.01.2025 द्वारा ग्राम पंचायत **धानक्या** वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्य हेतु नियम 181 के तहत E-Procuremant पद्धति से ऑनलाईन राजस्थान सरकार के निर्माण विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिनके NIB Code- PFG2425A0091 and UBN is PFG2425WSRC00339, PFG2425WSRC00340 है। निविदा सूचना की शर्ते वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड/अपलोड की जानी है।

सरपंच, ग्राम पंचायत धानक्या, पं.स. झोटवाडा, जयपुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत धानक्या, पं.स. झोटवाडा, जयपुर

### उत्तर मध्य रेलवे

सं.आर.एस./मैकेनिकल/डब्लू टी जी/टी डी एल/24 — दिनांकः 22.01.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, **कै वै, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे**, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

| | | |
|---|---|---|
| **GeM बिड संख्याः** GEM/2025/B/5849335 Dated-22.01.2025 | | |
| **कार्य का नामः** टूण्डला स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के कोचों में पानी भरने का प्रस्ताव चार साल की अवधि के लिए। | | |
| **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में) :** 6,69,93,007/- | **EMD :** 4,84,970/- | |
| **निविदा सिस्टमः** दो पैकेट सिस्टम | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य | **कार्य की अवधिः** 04 वर्ष |
| **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 22.01.2025 | | |
| **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 13.02.2025 को 15:00 बजे | | |

**नोटः** (1) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा बंद होने की नियत तिथि तक। (2) उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। (3) संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। (4) सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र नि.शुल्क जारी किए जाएंगे। (5) किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। (6) ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। (7) जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है।
152/25 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## संक्षिप्त समाचार

# शादीशुदा होने के बाद भी कुंवारा बताकर रचाई दूसरी शादी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में पहले से शादीशुदा होने के बाद भी कुंवारा बताकर दूसरी शादी करने का मामला सामने आया है। पहली पत्नी को तलाक दिए बिना धोखा देकर आरोपी ने दूसरी शादी कर ली। इस पर करधनी थाने में पीड़िता ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एएसआई जगदीश प्रसाद कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि करधनी निवासी 38 साल की नेहा (बदला हुआ नाम) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि नवम्बर-2011 में उसकी शादी अजमेर निवासी हरलाल (बदला हुआ नाम) से हुई थी। हरलाल ने खुद को कुंवारा बताने के साथ जाति छिपाकर उसके साथ धोखा दिया। पहली पत्नी को तलाक दिए बिना ही उसने धोखे से दूसरी शादी कर ली। वैशाली नगर में साथ रहने के दौरान साल-2011 में खरीदी संपत्ति में लगाए डॉक्यूमेंट से आरोपी पति के पहले से शादीशुदा होने का पता चला।

इस बारे में पता चलने पर पहली पत्नी सीमा (बदला हुआ नाम) से वॉट्सएप चैट करने पर काफी जानकारी का पता चला। पहले से शादीशुदा होने के बाद भी जाति छिपाकर उसे धोखे में रखा। पहली पत्नी को तलाक दिए बिना ही उससे दूसरी शादी कर ली। धोखे का पता चलने पर करधनी थाने में आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## परिचित ने किया युवती से रेप, विरोध पर पिस्तौल दिखाकर डराया

**जयपुर (मसं.)।** मालवीय नगर थाना इलाके में परिचित युवक के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी परिचित ने पिस्तौल दिखाकर उसे डराया। ब्लैकमेल कर धमकाकर आरोपी ने उसके साथ रेप किया। मालवीय नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ मालवीय नगर संग्राम सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया झालाना डूंगरी निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। इसके बाद दोनों आपस में बातचीत करने लगे। ज्यादातर समय साथ रहने के दौरान आरोपी से मिलना-जुलना लगा रहता था। आरोप है कि आरोपी परिचित ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर पिस्तौल दिखाकर डराया। ब्लैकमेल कर धमकाकर उसके साथ जबरन रेप किया। मालवीय नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल के टॉयलेट की दीवार गिरने से पांच साल के छात्र की मौत

### साथ में खेल रहा दोस्त घायल, हादसे के कारणों की जांच कर रही पुलिस



महानगर संवाददाता

**नीमराना।** कोटपूतली-बहरोड़ के नीमराना में एक स्कूल के टॉयलेट की दीवार गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल हो गया। दोनों स्टूडेंट टॉयलेट के पास खेल रहे थे। हादसा श्री श्याम सीनियर सेकंडरी स्कूल में गुरुवार को दोपहर 3 बजे हुआ। एएसआई सतीश यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के बरखापुर निवासी पांच वर्षीय अविनाश और बुलंदशहर निवासी चार वर्षीय कार्तिक स्कूल में खेल रहे थे। इसी दौरान टॉयलेट की दीवार गिर गई।

दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अविनाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं कार्तिक का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। अविनाश के पिता अरविंद अवस्थी नीमराना के जापानी जोन औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में काम करते हैं। उनका परिवार नीमराना के विजय बाग में किराए के मकान में रहता है। उनका घर स्कूल से 500 मीटर दूर है। अविनाश इकलौती संतान था। वह केजी में पढ़ता था।

### हादसे के बाद छुट्टी कर मुख्य गेट पर लगाया ताला

सीबीईओ राजकुमार यादव ने बताया कि टॉयलेट के सपोर्ट के लिए बनाई गई दीवार के पास बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान दीवार गिर गई। दीवार के प्लास्टर नहीं था। स्कूल जाकर आए हैं, लेकिन अभी बंद था। मामले में जांच कमेटी बैठाएंगे। कोशिश करेंगे वापस ऐसा घटनाक्रम न हो। जानकारी के अनुसार दीवार करीब 5 फीट ऊंची थी। हादसे के बाद बच्चों की छुट्टी कर स्कूल प्रशासन ने मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और किसी को अंदर जाने नहीं जाने दिया गया। मैनेजमेंट ने फिलहाल किसी से बात करने से इनकार कर दिया है। अब तक की जानकारी में सामने आया कि स्कूल की बिल्डिंग के बाहरी हिस्से में प्लास्टर नहीं किया गया है। टीनशेड में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था।

## थैली में बांधकर झाड़ियों में फेंका मानव भ्रूण, फैली सनसनी

**जयपुर (मसं.)।** आमेर थाना इलाके में झाड़ियों में मानव भ्रूण मिलने पर सनसनी फैल गई। करीब 5 घंटे पहले डिलवरी होने के बाद थैली में बांधकर भ्रूण को फेंका गया। आमेर थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भ्रूण को एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ भ्रूण हत्या का मामला दर्ज किया है। एसआई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जयपुर-दिल्ली हाईवे पर श्मशान घाट के सामने बनी छतरी के पास झाड़ियों में मानव भ्रूण मिला है। अज्ञात परिजनों ने काली-पीली थैली में भ्रूण को बांधकर फेंक दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों को थैली में बंधा मानव भ्रूण पड़ा मिला। भ्रूण मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। आमेर थाना पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भ्रूण को एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। डॉक्टर्स ने पुलिस को बताया कि भ्रूण करीब 8 महीने का है। करीब 5 घंटे पहले ही डिलीवरी होने पर इसे फेंका गया है। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ अज्ञात परिजनों की तलाश कर रही है।



### बदमाशों को सड़क पर घुमाया, पीड़ित के घर तक ले गई

# जयपुर में हत्या के आरोपियों की पुलिस ने निकाली परेड

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के पॉश इलाके में महिला से लूट और हत्या के मामले में पकड़े गए पांचों बदमाशों की आज पुलिस ने परेड निकाली। इस दौरान बदमाश फ्रैक्चर हुए पैर से लंगड़ाते हुए चलते रहे। दरअसल, 16 जनवरी की शाम करीब 7.30 बजे विद्याधर नगर में महिला की लूट के लिए हत्या कर दी गई थी। महिला का नाम सरोज बंसल (55) था।

एसएचओ राकेश ख्यालिया ने बताया कि लूट के लिए महिला की हत्या मामले में मास्टरमाइंड गोपाल शर्मा (45) पुत्र गणेश नारायण, बजरंग लाल (50) पुत्र ग्यारसी लाल, दीन मोहम्मद (47) पुत्र सिराजुद्दीन, लक्की (23) पुत्र मोहम्मद फिरोज और शाहरुख अंसारी उर्फ पुलिस (24) पुत्र मोहम्मद रफीक को अरेस्ट किया था।



### लंगड़ाते हुए वारदात स्थल तक ले गए

पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में हत्या के आरोपी लक्की और शाहरुख अंसारी के गड्ढे में गिरने से एक-एक पैर फ्रैक्चर हो गए थे। गुरुवार को पांचों बदमाशों की परेड कराई गई। टूटे पैर पर प्लास्टर चढ़े दोनों हत्या के आरोपी लंगड़ाते हुए वारदात स्थल तक पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने सहारा देकर आरोपी लक्की और शाहरुख को रोड पर घुमाया। उनके पीछे-पीछे तीनों मास्टरमाइंड को लेकर पुलिस टीम भी पहुंची। पांचों बदमाशों से पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तस्दीक की कार्वाई पूरी कराई।

### बिजनेसमैन के मकान को बनाया था टारगेट



आरोपी गोपाल ने मृतक सरोज की देवरानी को मुंह बोली बहन बना रखा था। परिवार की बातचीत सुनने पर गोपाल को बिजनेसमैन गोविंद बंसल (सरोज के पति) के घर वारदात करने पर लाखों रुपए मिलने का अंदेशा था। गोपाल ने अपने दो साथियों बजरंग लाल और दीन मोहम्म के साथ मिलकर प्लानिंग की। विद्याधर नगर सी-ब्लॉक में गोविंद बंसल पत्नी सरोज के साथ रहते हैं। करीब 7 साल पहले उनकी बेटी की शादी हो चुकी है। गोविंद बंसल समेत उनके तीनों भाइयों का स्टेशनरी और मेडिकल शॉप का बिजनेस है।

### जमीन पर कर्जा लेकर पत्नी को दिए 15 लाख, डमी अभ्यर्थी बैठाकर पास किया एग्जाम

# सरकारी नौकरी लगते ही पत्नी ने पति को छोड़ा, शिकायत पर सस्पेंड

महानगर संवाददाता

कोटा। शहर में पति की शिकायत पर पत्नी को सरकारी नौकरी से सस्पेंड कर दिया है। पति ने डमी अभ्यर्थी बैठाकर पत्नी के सरकारी नौकरी लगने का दावा किया था। उसने कहा कि मैंने जमीन पर 15 लाख रुपए का कर्जा लेकर पैसे दिए। नौकरी लगते ही पत्नी ने मुझे छोड़ दिया। पीड़ित पति मनीष मीणा ने शिकायत करते हुए पत्नी सपना मीणा को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की और कहा कि पत्नी सवाईमाधोपुर की रहने वाली है।

साल 2019 में आरआरबी बोर्ड अजमेर से ग्रुप-डी की भर्ती निकली थी, जिसमें उसकी पत्नी ने ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन करते समय फोटो, साइन और फिंगर मिक्सिंग करके लगाए थे। आवेदन करने के बाद बोर्ड ने 2023 में परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें सपना मीणा ने अपने रिश्तेदार, जो रेलवे का कर्मचारी है। उससे मिलीभगत करके 15 लाख रुपए में दूसरी लड़की को डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा, वेरिफिकेशन और मेडिकल करवाया। पति का कहना है कि फर्जीवाड़े से नौकरी पाने की शिकायत उसने डीआरएम कोटा, भीमगंजमंडी थाना, पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक और विजिलेंस को की थी। इसके बाद उसकी पत्नी को निलंबित कर दिया, लेकिन बर्खास्त नहीं किया गया। इस पूरी गड़बड़ी में रेलवे के भी कई लोग शामिल हैं। उन्होंने पैसे का लेन-देन किया था। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि सपना मीणा का कुछ पारिवारिक मामला चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है। वेरिफाई इंस्पेक्टर राघवेंद्र ने बताया कि सपना को लेकर शिकायत आई थी। शिकायत पर जॉइंट कमेटी ने जांच की थी, जिसमें एक आरपीएफ इंस्पेक्टर, एक मैं, एक डिपार्टमेंटल इंस्पेक्टर थे। हमने रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारी को दे दी थी। मामले में सपना मीणा का पक्ष जानना चाहा, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला।



### महिला कोटा डीआरएम ऑफिस में थी कार्यरत

**सपना** मीणा 25 अप्रैल 2023 को सीधे ट्रेनिंग करने सिरसा हरियाणा गई थी। ट्रेनिंग के बाद सपना को बीकानेर में ज्वॉइनिंग दी। वहां से उसने म्यूचल ट्रांसफर 2024 में सीएनडब्ल्यू कंट्रोल कोटा डिवीजन में करवा लिया। वह वर्तमान में कोटा डीआरएम कार्यालय में कार्यरत है। पीड़ित पति मनीष ने बताया कि उसने पत्नी को नौकरी लगवाने के लिए खेती की जमीन पर 15 लाख रुपए का कर्जा लिया था।

# नाबालिग बेटी की मां ने प्रेमी से दो महीने तक करवाया दुष्कर्म

महानगर संवाददाता

**फलोदी।** फलोदी के लोहावट थाने में एक सप्ताह में दुष्कर्म का दूसरा मामला सामने आया है। इस बार एक नाबालिग लड़की ने अपनी मां पर ही आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसके साथ रेप करवाया। करीब दो महीने तक प्रेमी उसके साथ गलत काम करता रहा। मना करने पर मां उसे जान से मारने की धमकी देती थी। पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने मां व प्रेमी को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि मां ही अपने एक प्रेमी के साथ मिलकर बेटी से गलत काम करवाती थी। पीड़िता की मां पिछले कई सालों से कृषि हिस्सेदारी से काम करती थी। इस दौरान वह नाबालिग लड़की को कुएं पर साथ रखती थी और वहां पर गलत काम करने के लिए मजबूर करती थी। मना करने पर जान से मारने की धमकी देती थी। नाबालिग ने वीडियो में घटना की पूरी हकीकत बयां की है। वीडियो में नाबालिग ने बताया कि उसकी मां व आरोपी दोनों ने जबरन उसे शराब पिलाई। इसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती की। मेरे साथ हुए गलत काम की शिकायत मतोड़ा और लोहावट थानों में की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने राहगीर को आपबीती सुनाकर मदद मांगी। तब यह मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने पुलिस को फोन किया तो भोजासर पुलिस उसे थाने ले गई। लोहावट मजिस्ट्रेट के समक्ष नाबालिग के बयान दर्ज कर आरोपी मां व उसके प्रेमी को हिरासत में लिया गया। आरोपी व्यक्ति नाबालिग के साथ 2 महीने से रेप कर रहा था। किसी को बताने पर मां जान से मारने की धमकी देती थी। लड़की ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई करना चाहती है, लेकिन मां ने उसकी जिंदगी नरक बना दी है।

## प्रॉपर्टी के विवाद में दो गुट भिड़े, एक-दूसरे पर फेंके पत्थर



महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** शहर के पावटा क्षेत्र की लोहार कॉलोनी में गुरुवार सुबह 2 गुट प्रॉपर्टी के विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक-दूसरे पर हुए पथराव में दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्षों के कुल 12 जनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। महामंदिर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि लोहार कॉलोनी में रहने वाले एक ही जाति के दो गुटों में प्रॉपर्टी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट से एक परिवार के पक्ष के फैसला हुआ था। इसके बाद वह व्यक्ति लोहार कॉलोनी में स्थित दुकान खोलने पहुंचा। इसके बाद दूसरे पक्ष ने विरोध जताते हुए हंगामा कर दिया। कुछ ही देर में यहां दोनों पक्षों के लोग एकत्र हो गए और आपस में उलझ गए। इसी बीच कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे 5 लोग जख्मी हो गए। झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गुट के करीब 12 लोगों को पकड़कर थाने ले गई। जबकि, घायलों को अस्पताल भेजा गया। फिलहाल मौके पर शांति है और एहतियात के तौर पर यहां अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

### ट्रैफिक पुलिस जवान की नाकाफी रही मशक्कत

**पावटा** चौराहे के निकट अचानक हुए घटनाक्रम को देख वहां ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस के जवान भी यहां पहुंचे और झगड़ा कर रहे लोगों को समझाकर हटाने का प्रयास किया। इनमें महिलाएं भी पुलिस से बहस करते नजर आई। एक बारगी तो दोनों गुट एक-दूसरे पर लाठी व पत्थर फेंकने से भी बाज नहीं आए। बाद में वहां पहुंची महामंदिर पुलिस की टीम ने स्थिति को संभाला और झगड़ा करने वाले लोगों को पकड़कर थाने ले गई।

## एयरपोर्ट पर 3.7 करोड़ के गांजे के साथ युवक-युवती को पकड़ा

**जयपुर (मसं.)।** एयरपोर्ट पर एक युवती और युवक को डिटेन कर 3.7 करोड़ रुपए का गांजा बरामद किया गया है। डीआरआई ने दोनों गांजा तस्कर को कोर्ट में पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। गांजा तस्कर यह गांजा अपनी ट्रोली बैग में लेकर आ रहे थे। डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी की बैंकॉक से आने वाली फ्लाइट में दो यात्री आ रहे हैं। उनके पास हाइड्रोपोनिक वीड है, जिसे वह गलत तरीके से भारत लेकर आ रहे हैं। यह जानकारी मिलने पर डीआरआई की टीम एक्टिव हुई और एयरपोर्ट पर फ्लाइट आने के साथ की अपना काम करने लगी। फ्लाइट से नीचे उतरने के बाद दोनों यात्रियों को डीआरआई अपने साथ लेकर गई, जहां उनसे पूछताछ की गई तो दोनों ने अवैध गांजे के संबंध में मना कर दिया। इसके बाद डीआरआई के अधिकारियों ने उनके सामान की जांच की तो उसमें 3 किलो 700 ग्राम गांजा मिला। इसकी बाजार कीमत 3 करोड़ 7 लाख रुपए है। इस पर आरोपियों से इस हाई क्वालिटी के गांजे के जयपुर आने के संबंध में पूछताछ की गई।

### मास्टरमाइंड सहित कई शातिर अन्य शहरों में काट रहे हैं फरारी

# साइबर ठगी के पैसों से कर रहे मौज-मस्ती, आरोपी गिरफ्त से दूर

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिले में इन दिनों साइबर से जुड़े अपराधियों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है और हर रोज जिले में विभिन्न स्थानों से साइबर ठगी के अपराधियों की धरपकड़ भी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता द्वारा जहां सख्ती से कार्रवाई कर साइबर ठगों की कमर तोड़ने का कार्य लगातार जारी है, वहीं जानकारी में आया है कि ऑनलाइन ठगी में मास्टरमाइंड सहित कई शातिर आरोपी काफी समय से जिले से फरार हैं और पुलिस की गिरफ्तारी से बचने की जुगत में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार सवाई माधोपुर जिले के कई अपराधी जयपुर, कोटा सहित अन्य शहरों में रहकर फरारी काट रहे हैं और साइबर ठगी की वारदातों में भी लिप्त हैं। इन्हीं आरोपियों में से एक आरोपी कृष्ण चंद मीणा को साइबर ठगी में मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह आरोपी अब तक लाखों करोड़ों रुपए की साइबर ठगी कर चुका है और लग्जरी लाइफ जीने का शौकीन भी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौथ का बरवाड़ा थाना पुलिस द्वारा भी पिछले दिनों आरोपी को पकड़ने के लिए उसके गांव डिडायच में दबिश दी गई थी। पुलिस से बचने के लिए आरोपी कई तरह की अटकलें लगाने की जुगत में भी लगा हुआ है। पिछले दिनों आईजी भरतपुर राहुल प्रकाश के संज्ञान में भी यह मामला लाया गया है। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आरोपी को पकड़ने के निर्देश भी दिए थे। ऑनलाईन ठगी की वारदातों से होने वाली मोटी कमाई से आरोपियों द्वारा मौज-मस्ती के साथ लग्जरी कारों को भी उपयोग में लाना बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि शातिर आरोपी कृष्ण चंद मीणा सहित अन्य साइबर ठगों के पकड़े जाने के बाद ऑनलाइन ठगी से जुड़ी कई वारदातों के खुलासे होंगे। साथ ही साइबर अपराध पर अंकुश लगाने में काफी हद तक पुलिस को मदद भी मिलेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता से बात करने के लिए कई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं चौथ का बरवाड़ा थानाधिकारी सुमन कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी उनकी यहां नई पोस्टिंग हुई है, जल्दी ही इस मामले को दिखवाकर कार्रवाई की जाएगी।



**हादसा** — चाय बनाते समय अचानक अचेत होकर गिरी थी विवाहिता, अस्पताल में दो बार घोषित किया डेड

# अंतिम संस्कार से पहले महिला की चलने लगी सांसें

महानगर संवाददाता

**पाली।** पाली में भी झुंझुनूं जैसी घटना हो गई। जिले के जाडन गांव में गुरुवार सुबह 5.30 बजे चाय बनाते समय एक विवाहिता अचानक अचेत होकर गिर गई। इस पर परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसे घर ले गए, वहां उसकी सांस चलने लगी। परिजन आनन-फानन में महिला को दोबारा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने दोबारा उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के रिश्तेदार दलाराम ने बताया कि जाडन निवासी रिश्तेदार केवलचंद की पत्नी गुड्डी गुरुवार सुबह 5.30 बजे मिट्टी के चूल्हे पर चाय बना रही थी। चाय बनाते समय वह बैठे-बैठे ही अचानक लुड़क गई। इस पर परिजन उसे जाडन हॉस्पिटल ले गए, जहां उसे ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। गुड्डी ने तीन महीने पहले ही बेटी को जन्म दिया था। मौत के बाद सारी रस्में की जाने लगी। अंतिम संस्कार से पहले दोपहर 12.15 बजे महिलाएं मृतका को स्नान कराने की रस्म कर रही थी। इस दौरान एक महिला ने कहा कि गुड्डी की सांसें चल रही हैं। सभी महिलाओं ने चेक किया तो गुड्डी सांस ले रही थी। महिलाओं ने घर के पुरुषों को यह बात बताई। पति केवलचंद ने चेक किया तो बात सच थी। परिजन गुड्डी को लेकर दोपहर 1 बजे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।



### तीन महीने पहले ही बेटी को दिया था जन्म

**घटना** की जानकारी मिलने पर पुलिस भी हॉस्पिटल पहुंची और परिजनों से मामले की जानकारी ली। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के डॉक्टर रोयमोन जोसफ ने बताया कि जब मरीज को यहां लाया गया तब वह मृत थी। रिश्तेदार दलाराम ने बताया कि गुड्डी ने तीन महीने पहले ही बेटी को जन्म दिया था। उसके एक 5 साल की बेटी गुंजन और 4 साल का लड़का भी है। मृतका का पति केवलचंद मजदूरी करता है। केवलचंद और गुड्डी की शादी करीब सात साल पहले हुई थी।

### झुंझुनूं में भी हो चुका ऐसा ही एक मामला

**झुंझुनूं** में 2 महीने पहले मां सेवा संस्थान के बगड़ स्थित आश्रय गृह में रहने वाले रोहिताश की तबीयत बिगड़ गई थी। रोहिताश अनाथ और मूकबधिर था। रोहिताश को तबीयत बिगड़ने पर झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। यहां रोहिताश की बॉडी को चिता पर रखा तो उसकी सांस चलने लगी और शरीर हिलने लगा। यह देखकर वहां मौजूद सभी लोग डर गए। इसके बाद तुरंत एंबुलेंस बुलाकर रोहिताश को अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बची। इस मामले में जिला कलेक्टर ने बीडीके हॉस्पिटल के सीएमएचओ सहित 3 डॉक्टर्स को निलंबित कर दिया था। इस मामले में युवक को बिना चेक किए ही डेड घोषित कर दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

## अंतरराष्ट्रीय स्तर का औद्योगिक शहर बने भिवाड़ी: सुधांश पंत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि भिवाड़ी को देश के सबसे सुव्यस्थित औद्योगिक शहरों में से एक के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभागों को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता है। राजस्थान में आ रहे बड़े निवेश के संदर्भ में एनसीआर रीजन तथा विशेष रूप से भिवाड़ी की बड़ी भूमिका रहेगी, इसलिए इसे गुरुग्राम के काउंटर मैग्नेट शहर के रूप में विकसित करना होगा। उन्होंने भिवाड़ी एकीकृत विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। बैठक में भिवाड़ी की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के समाधान के लिए तैयार किए गए ड्रेनेज मास्टर प्लान की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि प्रथम चरण के 50 करोड़ रुपए के कार्यों के लिए निविदा जारी कर दी गई है। मुख्य सचिव ने ये कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में भिवाड़ी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

## रेलवे बोर्ड के ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक सदस्य ने किया चिरेका का दौरा

महानगर संवाददाता

**चित्तरंजन।** रेलवे बोर्ड के ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक सदस्य ब्रजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) का दो दिवसीय दौरा किया।

अग्रवाल ने प्रथम दिन 22 जनवरी को प्रशासनिक भवन स्थित देशबंधु चित्तरंजन दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में महाप्रबंधक विजय कुमार और प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ प्रशासनिक भवन के सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान चिरेका पर आधारित प्रस्तुति के बाद विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अग्रवाल ने 23 जनवरी को गणपति मेमोरियल में पौधरोपण किया।



बाद में कारखाना अंतर्गत क्रमशः व्हील शॉप, शेल शॉप, बॉगी शॉप, टीएम शॉप और शॉप संख्या 16 एवं 19 का दौरा किया। कारखाना में इनके निरीक्षण के दौरान इनके साथ महाप्रबंधक विजय कुमार, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (रॉलिंग स्टॉक-द्वितीय) कार्यकारी निदेशक अविनाश सिंह कुशवाहा, प्रधान मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर एस.के.वर्मा सहित विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुख और वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### लालकिला परिसर में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होगा भारत पर्व

# राजस्थान की झांकी 'सोणो राजस्थान' बनेगी पर्व की शान

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजस्थान की पारंपरिक एवं ऐतिहासिक उत्सवधर्मी संस्कृति, स्थापत्य परंपरा और हस्तशिल्प के सुंदर मिश्रण से तैयार राजस्थान की झांकी 'सोणो राजस्थान' इस वर्ष भारत पर्व की शान बनेगी। दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिला के परिसर में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत पर्व में मुख्य परेड में विभिन्न राज्यों की 43 झांकियां शामिल होंगी। नोडल अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी के डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इच्छानुसार यह झांकी राज्य के कला और संस्कृति विभाग के शासन सचिव रवि जैन, उपशासन सचिव बृजमोहन नोगिया, जयपुर की संभागीय आयुक्त एवं राजस्थान ललित कला अकादमी की प्रशासक रश्मि गुप्ता के मार्गदर्शन में बनाई गई है। राजस्थान का गौरव कही जाने वाली हवेलियों को हाल ही राजस्थान के पर्यटन विभाग ने विकसित कर म्यूजियम में बदलने का सराहनीय प्रयास किया है, ताकि देसी-विदेशी पर्यटक इनका दीदार कर सकें। उल्लेखनीय है कि भारत पर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर वर्ष 2014 से दिल्ली में अनवरत मनाया जा रहा है। इस पर्व का उद्देश्य विविधताओं से भरे भारत के सांस्कृतिक वैभव का प्रदर्शन करना और कलाकारों का उत्साहवर्धन करना है।



**राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति का होगा प्रदर्शन**

**डॉ.** हर्ष ने बताया कि इस झांकी में विकसित भारत की संकल्पना के तहत राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति में समाए महिलाओं के सुप्रसिद्ध त्यौहार तीज और खेती-बाड़ी एवं उद्योगों में जल संरक्षण, सौर ऊर्जा के विकास का सुंदर ढंग से प्रदर्शन किया है। झांकी का निर्माण कार्य इन्वेंटिवो क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड फैब्रिकेटर द्वारा किया गया है। झांकी को नेशनल कैनवास पर उतारने के लिए उनके साथ कलाकार हरशिव शर्मा, विनय शर्मा, समुद्र सिंह और प्रीति सोलंकी अकादमी की पूरी टीम ने फैब्रिकेटर के साथ मिलकर रात-दिन काम किया है।

**प्रदेश की समृद्ध विरासत के होंगे दर्शन**

नोडल अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी के डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर बनाई गई इस झांकी में प्रदेश की विरासत और विकास का सुंदर मिश्रण किया गया है। यह नयनाभिमानी झांकी विकसित भारत की संकल्पना लिए राजस्थान के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और स्थापत्य परंपरा के साथ राज्य के नवीन निर्माण की एक सुंदर झांकी है। उन्होंने बताया कि झांकी के अग्रभाग में राजस्थान के पारंपरिक पर्व तीज की सुप्रसिद्ध सवारी का मनोहारी दृश्य शामिल किया है, जबकि पिछले भाग में शेखावाटी की प्राचीन और दुर्लभ हवेलियों की समृद्ध विरासत को दर्शाया है। झांकी के नीचे के पैनल में इन हवेलियों में बने हुए पुराने भित्ति चित्र और विभिन्न प्रकार के म्यूरल की डिजाइन का दिग्दर्शन किया है। साथ ही राजस्थान सरकार द्वारा जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की झलक को भी शामिल किया है।

## पात्र लोगों को मिले विकास योजनाओं का लाभ: बागडे



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को सीकर में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी अधिकारियों की है, ताकि सभी पात्र व्यक्ति इनका लाभ उठा सकें। राज्यपाल ने जल जीवन मिशन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र गरीब परिवार आवास से वंचित न रहे, साथ ही स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय निर्माण के कार्य की भी जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, एक पेड़ मां के नाम अभियान, राजीविका, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं राज्य सरकार की अन्य योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए।

### शहीद मेजर संकल्प यादव उच्च माध्यमिक विद्यालय सोडाला का वार्षिकोत्सव

## मेजर यादव के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थी: शर्मा





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहीद मेजर संकल्प यादव उच्च माध्यमिक विद्यालय सोडाला में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। शर्मा ने विद्यालय में शहीद मेजर संकल्प यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह के दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को मेजर संकल्प यादव की शहादत और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के बारे में बताया साथ ही उनके व्यक्तित्व से राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेने का आह्वान



किया। इस अवसर पर शहीद मेजर संकल्प यादव के पिता सुरेंद्र कुमार यादव, सीबीओ ओमप्रकाश गौड़, पार्षद पवन शर्मा नटराज, पार्षद धीरज शर्मा, प्रिंसिपल पंकज दीक्षित समेत सभी शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। 29 वर्षीय मेजर संकल्प यादव 11 मार्च, 2022 को जम्मू-कश्मीर में गुजरा सेक्टर फॉरवर्ड पोस्ट पर अत्यधिक खराब मौसम के बीच बीमार सैनिकों को लेने जा रहे थे, तभी उनके चीता हेलिकॉप्टर का संपर्क टूट गया। इसके बाद बांदीपोरा की दुर्गम पहाड़ियों में हेलिकॉप्टर क्रैश मिला। घायल मेजर संकल्प उधमपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। मरणोपरांत सोडाला के उच्च माध्यमिक विद्यालय को उनके नाम पर किया गया और अब विद्यालय परिसर में शहीद मेजर संकल्प यादव की प्रतिमा स्थापित की गई।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25